RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 217
लखनऊ, सोमवार, 29 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता
स्पोर्ट्स-12

# आजादी के अमृतकाल में देश को मिली नई संसद

## प्रधानमंत्री मोदी ने भव्य समारोह में किया उद्घाटन, आगामी 25 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का आह्वान

### ● केवल एक भवन नही, यह 140 करोड़ भारतीयों की आकंक्षाओं और सपनों का प्रतिबिब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष से 100 वर्ष के सफर 'अमृतकाल' में देश को नया संसद भवन समर्पित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नई संसद की महत्ता का बखान करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह सिर्फ एक भवन नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। यह विश्व को भारत के दृढ़संकल्प का संदेश देता है। यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है और इसके कण-कण से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दर्शन होते हैं। उन्होंने आजादी मिलने के पहले के 25 सालों से की तुलना आगामी 25 वर्षों के अमृतकाल से करते हुए देशवासियों का आह्वान किया कि जिस प्रकार उस दौर में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से हर देशवासी जुड़ गया था, उसी प्रकार अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक भारतवासी को जी-जान से जुटना ही होगा।उन्होंने कि हर देश के इतिहास में ऐसा समय आता है, जब देश की चेतना नए सिरे से जागृत होती है। भारत में आजादी (1947) के 25 साल पहले ऐसा ही समय आया था। गांधी जी के असहयोग आंदोलन ने पूरे देश को एक विश्वास से भर दिया था। गांधी जी ने स्वराज के संकल्प से हर भारतवासी को जोड़ दिया था। यह वो दौर था, जब हर भारतीय आजादी के लिए जी जान से जुट गया था। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत आजाद हुआ।

मोदी ने कहा कि आजादी का ये अमृतकाल भी भारत के इतिहास का ऐसा ही पड़ाव है। आज से 25 साल बाद भारत 100 वर्ष पूरे करेगा। हमारे पास भी 25 वर्ष का अमृत कालखंड है। इन वर्षों में हमें मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। लक्ष्य बड़ा है, कठिन भी है, लेकिन हर देशवासी को इसके लिए जी जीन से जुटना ही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी के बाद भारत ने बहुत कुछ खोकर अपनी नई यात्रा शुरू की थी और वह यात्रा कितने ही उतार-चढ़ावों से होते हुए, कितनी ही चुनौतियों को पार करते हुए आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि आजादी का यह अमृतकाल विरासत को सहेजते हुए, विकास के नए आयाम गढ़ने का अमृतकाल है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई ने दुनिया के कई अन्य देशों तक में चेतना जागृत कर दी थी और फिर वे आजादी की राह पर चल पड़े, भारत के विश्वास ने दूसरे देशों के विश्वास को सहारा दिया था। उन्होंने कहा कि भारत जैसी विविधता से भरा देश, इतनी बड़ी आबादी का देश, जब आगे बढ़ता है तो दूसरे देशों को प्रेरणा भी मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुराने संसद भवन में बैठने और प्रौद्योगिकी से जुड़ी समस्याएं थीं और बीते डेढ़ दो दशकों से ये चर्चा लगातार हो रही थी।





नई दिल्ली में रविवार की शाम रंग-बिरंगे प्रकाश में नहाया नया संसद भवन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया

### सेंगोल हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर सेंगोल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह राजदंड सांसदों को उनके कर्तव्य के प्रति प्रेरित करता रहेगा। नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर लोकसभा कक्ष में अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि 1947 में सेंगोल, सी राजगोपालाचारी और अधीनाम के मार्गदर्शन में सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक था। इसके विपरीत, कांग्रेस दावा कर रही है कि लॉर्ड माउंटबेटन, सी राजगोपालाचारी और जवाहरलाल नेहरू द्वारा राजदंड को भारत में अंग्रेजों द्वारा सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में वर्णित करने का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है। मोदी ने कहा कि पिछले दिनों मीडिया में इसके इतिहास से जुड़ी बहुत सारी जानकारी उजागर हुई है। मैं इसके विस्तार में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं मानता हूं, ये हमारा सौभाग्य है कि इस पवित्र सेंगोल को हम उसकी गरिमा लौटा सके हैं, उसकी मान-मर्यादा लौटा सके हैं। जब भी इस संसद भवन में कार्यवाही शुरू होगी, ये सेंगोल हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने रविवार सुबह लोकसभा में सेंगोल स्थापित किया।



सेंगोल को हाथ में लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### उप्र के कारीगरों ने तैयार किया संसद का कालीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद लोकतंत्र के नए मंदिर में बिछी कालीन ने लोगों को खासा आकर्षित किया है। उत्तर प्रदेश के करीब 900 कारीगरों द्वारा 10 लाख घंटे की मेहनत से तैयार कालीन नए संसद भवन के लोकसभा और राज्यसभा के फर्श की शोभा बढ़ा रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा के कालीनों में क्रमश: राष्ट्रीय पक्षी मोर और राष्ट्रीय पुष्प कमल के उत्कृष्ट रूपों को दर्शाया गया है। ये कालीन तैयार करने वाली 100 साल से अधिक पुरानी भारतीय कंपनी ओबीटी कार्पेट ने कहा कि बुनकरों ने लोकसभा तथा राज्यसभा के लिए 150 से अधिक कालीन तैयार किए और फिर उनकी 35,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैले दोनों सदनों की वास्तुकला के अनुरूप अर्ध-वृत्त के आकार में सिलाई की गई। ओबीटी कार्पेट के अध्यक्ष रुद्र चटर्जी ने कहा कि यह कार्य डिजाइन टीम के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था क्योंकि कालीन को अलग-अलग टुकड़ों में सावधानी से तैयार करना था।

### पूरे देश के लिए गर्व और हर्ष की बात



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किए जाने का स्वागत किया और कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व तथा अपार हर्ष की बात है। राष्ट्रपति ने उद्घाटन के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन देश के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, नए संसद भवन का उद्घाटन भारत के सभी लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति का संदेश पढ़कर सुनाया। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे इस बात का गहरा संतोष है कि नई संसद का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है, जो संसद में विश्वास का प्रतीक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने संसद को देश के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश करार देते हुए कहा कि नया संसद भवन हमारी लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुर्मू ने कहा, नए संसद भवन के उद्घाटन का अवसर भारत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।

### भारत के विकास का गवाह बनेगा



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि नया संसद भवन राजनीतिक सहमति कायम करने में मदद करेगा और गुलामी की मानसिकता से आजादी का प्रतीक बनेगा। नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर अपने संदेश में उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि यह भारत के लोगों की आकांक्षाओं का समाधान ढूंढ़ेगा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने नए संसद भवन के लोकसभा कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम में धनखड़ का संदेश पढ़कर सुनाया। धनखड़ ने कहा कि नया भवन भारत की प्रगति का गवाह बनेगा। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, मुझे विश्वास है कि इस अमृत काल में बना नया संसद भवन भविष्य में भी हमारी तीव्र प्रगति का साक्षी बनेगा। आत्मनिर्भर भारत बनाने से लेकर लोगों की सभी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और देशवासियों को सशक्त बनाने से लेकर गरीबी दूर करने तक, यह गौरवशाली इमारत आने वाले दशकों में कई ऐतिहासिक पलों का अध्याय लिखेगी।

आजादी के अमृतकाल में संपूर्ण राष्ट्र इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री के दृढ़संकल्प और प्रेरक मार्गदर्शन से ढाई वर्ष से कम समय में भी यह भवन बनकर तैयार हुआ: **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला**

यह इमारत केवल ईंट और पत्थर का ढांचा नहीं है, बल्कि यह भारत के लोगों की उम्मीदों एवं आकांक्षाओं को पूरा करने का जरिया है : **राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश**

यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक बड़े क्षण का गवाह बना। नए संसद भवन के उद्घाटन के इस अवसर पर मैं भारत के सभी लोगों को नमन करता हूं : **पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा**

यह भवन न केवल वह स्थान है जहां लोगों की आकांक्षाएं फलीभूत होंगी, बल्कि यह अमृत काल के दौरान हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में भारत की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक भी है : **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**

आजादी के अमृत काल में, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ता यह राष्ट्रीय कार्य एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव को और अधिक संवर्धित करेगा : **उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

### विपक्षी दलों का आरोप, आत्ममुग्ध हैं प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** के नए भवन के उद्घाटन के बाद विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्ममुग्धता का आरोप लगाया और कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम से दूर रखा गया, जो भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दलित, आदिवासी एवं पिछड़ा समुदाय विरोधी रुख को दिखाता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष



राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन किए जाने के बाद रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि संसद लोगों की आवाज है, प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाली पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को उनके संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने दिया जा रहा है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने ट्वीट किया।

### राजद ने साझा की ताबूत और नए संसद भवन की तस्वीर, भाजपा ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, पटना।** राष्ट्रीय जनता दल ने रविवार को नए संसद भवन की वास्तुकला की तुलना एक ताबूत से की जिस पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता राजद को ऐसे ही ताबूत में दफना देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसद भवन का उद्घाटन करते ही बिहार में सत्तारूढ़ दल राजद ने एक ट्वीट किया जिसमें एक ताबूत और नए संसद भवन को अगल-बगल दिखाते हुए पूछा गया, यह क्या है? भाजपा की बिहार इकाई ने ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा, पहली तस्वीर आपका भविष्य है और दूसरी भारत की है।

## क्विक न्यूज

### आपदा से जनहानि में प्रभावित परिवार को चार लाख की सहायता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न जनपदों में हुई बारिश और आंधी के दृष्टिगत अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये की अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुईए ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाएए ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

### मोदी ने वीर सावरकर को निर्भीक स्वाभिमानी बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विनायक दामोदर सावरकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके निर्भीक और स्वाभिमानी स्वभाव को गुलामी की मानसिकता बिलकुल भी रास नहीं आती थी। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में सावरकर की जयंती पर उन्हें याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज वीर सावरकर जी की जयंती है। उनके त्याग, साहस और संकल्प-शक्ति से जुड़ी गाथाएं आज भी हम सबको प्रेरित करती हैं। मैं वो दिन भूल नहीं सकता, जब मैं अंडमान में, उस कोठरी में गया था जहां वीर सावरकर ने काला पानी की सजा काटी थी। उन्होंने कहा, वीर सावरकर का व्यक्तित्व दृढ़ता और विशालता से समाहित था। उनके निर्भीक और स्वाभिमानी स्वभाव को गुलामी की मानसिकता बिलकुल भी रास नहीं आती थी। स्वतंत्रता आंदोलन में ही नहीं, सामाजिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए भी वीर सावरकर ने जितना कुछ किया उसे आज भी याद किया जाता है।

## पुलिस ने खाली कराया जंतर मंतर, प्रदर्शन के आयोजकों पर केस

### नए संसद भवन की तरफ बढ़ने की कोशिश पर पुलिस बलों ने विनेश, साक्षी और बंजरंग पूनिया समेत समर्थकों को हिरासत में लिया, शाम को छोड़ा

#### ● महिला पहलवानों को हिरासत में लिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पुलिस** ने रविवार को प्रदर्शनकारी पहलवानों पर कार्रवाई करते हुए जंतर मंतर पूरी तरह खाली करा लिया और विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया को समर्थकों समेत हिरासत में ले लिया। इस दौरान पहलवानों व उनके समर्थकों के साथ पुलिस कर्मियों की धक्का-मुक्की हुई। पुलिस प्रदर्शन स्थल से पहलवानों के गद्दे, कूलर-पंखे और अन्य सामान गाड़ियों में भरकर ले गई। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन के आयोजकों, अन्य के खिलाफ दंगा करने, लोक सेवक के कर्तव्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि पहलवानों को अब यहां प्रदर्शन नहीं करने दिया जाएगा। हालांकि हिरासत में लिए गए सभी पहलवानों और समर्थकों को शाम को छोड़ दिया गया। विपक्षी दलों ने पहलवानों के साथ कथित बदसलूकी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की है।

पुलिस ने पहलवानों को चेताया था कि वे संसद की तरफ नहीं जाएं लेकिन वे आगे बढ़े, जिसके बाद झड़प हुई। जंतर-मंतर पर अफरातफरी के बीच पहलवानों और पुलिस अधिकारियों ने एक-दूसरे को धक्का दिया और विनेश फोगाट, उनकी बहन संगीता फोगाट और साक्षी ने बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। विनेश ने हिरासत में लिए जाने के प्रयास के दौरान कड़ा प्रतिरोध किया और संगीता उनसे लिपट कर सड़क पर लेट गई। पुलिस अधिकारियों ने



पहलवान विनेश फोगाट को हिरासत में लेती दिल्ली पुलिस

उन्हें कई अन्य पहलवानों और उनके समर्थकों के साथ घसीटते हुए बसों में बैठा दिया।

कानून और व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा कि हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारी पहलवानों और उनके समर्थकों को दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया। बजरंग को मयूर विहार के समीप पुलिस थाने में हिरासत में रखा गया जबकि साक्षी को बुराड़ी ले जाया गया। विनेश और संगीता को कालकाजी ले जाया गया। विनेश ने सबसे अधिक प्रतिरोध किया और बाद में बस से कहा कि उन्हें न्याय मांगने की सजा मिल रही है। उन्होंने कहा, आरोपी आजाद घूम रहा है, उसे सरकार पनाह दे रही है। महिला पहलवानों को हिरासत में लिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर जमकर हमला बोला।

#### जंतर मंतर पर ही जारी रहेगा प्रदर्शन : साक्षी

**पुलिस** के दावों के उलट ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने ट्वीट कर कहा कि हमारा आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। हम जंतर मंतर पर ही सत्याग्रह करेंगे। इस देश में तानाशाही नहीं चलेगी। साक्षी ने लिखा कि कभी सोचा नहीं था कि ऐसा दिन आएगा जब हमें देश के लिए मैट पर पदक जीतने के बाद इंसाफ के लिए सड़कों पर लड़ना होगा। इस देश की बेटियां मजबूत हैं। वहीं बजरंग पूनिया ने ट्वीट किया कि कोई नहीं बता रहा कि क्या हो रहा है। क्या मैने कोई गुनाह किया है। बृजभूषण को हिरासत में होना चाहिए था, हमें नहीं।

### मणिपुर में फिर हिंसा सीएम ने कहा- अब तक 40 उग्रवादी ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल

**रुक-रुक** कर हिंसा झेल रहे पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में ताजा गोलीबारी और उग्रवादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच झड़पों की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हुए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने दावा किया कि शांति अभियान के दौरान अब तक 40 सशस्त्र उग्रवादियों को मार गिराया गया है। राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि हालिया दौर की झड़प समुदायों के बीच नहीं बल्कि कुकी उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई है। सिंह ने यह भी कहा कि सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा एके-47, एम-16 और स्नाइपर राइफल से लोगों पर गोलीबारी करने के मामले सामने आए हैं।

#### ● ताजा झड़पों में दो लोगों की मौत, 12 घायल

# पीएम ने योगी सहित भाजपा के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में रविवार को एक बैठक की। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आयोजित यह बैठक भाजपा के सुशासन के एजेंडा का हिस्सा है। बैठक में मुख्यमंत्रियों ने शासन और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में अपनी सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा भी बैठक में उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में शामिल हुए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, और उत्तर प्रदेश के उनके समकक्ष उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राज्यों में चल रहे विकास कार्यों से अवगत करया। माना जा रहा है कि उक्त बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा भी की। बता दें कि वर्ष 2024 को लोकसभा चुनाव प्रदेश व केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिए विपक्षी दल एड़ी चोटी का जोर लगाने को तैयार है। हाल ही हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली हार जितना भाजपा के लिए चिन्ता का विषय है उतना ही विपक्ष के लिए ऊर्जा का साधन है। कर्नाटक चुनाव से मिली ऊर्जा से ओतप्रोत विपक्ष मौजूदा समय में सत्तारूढ़ भाजपा से लोहा लेने को तैयार है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर भाजपा मुख्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक काफी अहम मानी जा रही है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी भी काफी अहम मानी जा रही है। इस कारण हाल ही में यूपी में हुए निकाय चुनाव है जिसमें प्रदेश की योगी सरकार को बड़ी सफलता हासिल उस समय हुई जबकि उत्तर प्रदेश की 17 नगर निगमों में भाजपा की विजय पताका फहरा गया।

निकाय चुनाव में भाजपा को मिली इस जीता सीधा श्रोय प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गया जिन्होंने प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगाने के साथ ही जनता के हित में योजनाओं को जमीन पर उतारा कर जनता का विश्वास जीता। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्य योजनाओं को अब तो कई अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने भी आत्मसात किया है जिसका उन्हें लाभ मिला है। इसी लिए रविवार को भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति काफी अहम मानी जा रही है।



नए संसद भवन के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई दिल्ली स्थित सदन में रहे मौजूद

# लखनऊ व गाजियाबाद के चुनिंदा मार्गों पर चलेगी 100 इलेक्ट्रिक बसें

**● पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार है यह योजना**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया है कि परिवहन निगम की लखनऊ एवं गाजियाबाद में कुछ चुनिंदा मार्गों पर 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में यह बसें पायलट तौर पर चलायी जाएंगी, फिर इसे प्रदेश के अन्य जनपदों में आगे चलाया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि शीघ्र ही प्रदेश के लोगों को बेहतरीन एवं सस्ती परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि अभी तक एसी बसों के लिए 2/2 सीटिंग अरेंजमेंट बसों की स्वीकृति थी परंतु अब 3/ 2 सीटिंग अरेंजमेंट बस सेवा को नवीन अनुबंधित बस योजना के अंतर्गत अनुबंध किए जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि 3/2 सीटिंग कैपेसिटी वाली बसों का किराया 1 रुपए 63 पैसे प्रति किलोमीटर आएगा, जबकि 2/2 सीटिंग अरेंजमेंट बसों का किराया 1.93 पैसे प्रति किमी आता है। इससे प्रति किमी कुल 30 पैसे का अंतर आएगा।

# हज यात्रियों व परिजनों के लिए मोबाइल एप 'इण्डियन हाजी इंफारमेशन सिस्टम' जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● अब तक लखनऊ से 5270 यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर चुके**

**हज** यात्रियों व उनके परिजनों के लिए भारतीय कॉस्लावास जद्दाह द्वारा हज यात्रियों व उनके परिजनों की सुविधार्थ एक मोबाइल एप 'इण्डियन हाजी इंफारमेशन सिस्टम' जारी किया है। जो गूगल पर उपलब्ध है। प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा व उसपर हज यात्रियों की बिडिंग आदि की जानकारी उपलब्ध है। जानकारी के मुताबिक हज 2023 हेतु लखनऊ उड़ान स्थल से सत्रहवीं उड़ान संख्या एसवी 3897 रविवार 28 को 296 हज यात्रियों को लेकर अपने निर्धारित समय दिन में 12:20 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हो गयी। इस उड़ान से 171 पुरुष व 125 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक शाहजहाँपुर जिले के 160 फर्रुखाबाद 72 व बांदा के 52 हज यात्री गये हैं।

अठ्ठारहवीं उड़ान संख्या एसवी 3895 रविवार 28 को 286 हज यात्रियों को लेकर अपने निर्धारित समय अपराह्न 03:05 बजे रवाना हो गयी। इस उड़ान से 159 पुरुष व 127 महिलाएं रवाना हुए। सबसे अधिक बस्ती जिले के 108, प्रतापगढ़ के 96 व इटावा के 38 हज यात्री गये हैं। इस उड़ान से एक खादिमुल हुज्जाज ;हज सेवकद्ध मोहम्मद अहमद लखनऊ के हज यात्रियों के सुविधार्थ गये हैं। अब तक लखनऊ से 5270 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर चुके । दिल्ली उड़ान स्थल से रविवार 28 को उड़ान संख्या एसवी 3783 से उत्तर प्रदेश के 322 हज यात्री रवाना हुए जिसमें 172 पुरुष व 150 महिलाएं हैंए सबसे अधिक 308 हज यात्री मुरादाबाद जिले के गए। दिल्ली से उड़ान संख्या एसवी 3889 से 201 हज यात्री रवाना हुए जिसमें 107 पुरुष व 94 महिलाएं रवाना हुएए सबसे अधिक 199 हज यात्री मुरादाबाद जिले के गए। उड़ान संख्या एसवी 3761 से 349 हज यात्री रवाना हुए जिसमें 183 पुरुष व 166 महिलाएं व सबसे अधिक रामपुर जिले के 255 व मुरादाबाद जिले के 92 हज यात्री गए। अब तक उत्तर प्रदेश के दिल्ली से 6836 हज यात्री व उत्तर प्रदेश के अब तक कुल 12106 हज यात्री सऊदी अरब के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।

# भाजपा सरकार की नीतियां ही समस्याओं की जड़ : सपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने जनता की परेशानियों और दिक्कतों को बढ़ाया है। उसको जनता की तकलीफों की जरा भी परवाह नहीं है। भाजपा सरकार की नीतियां ही सारी समस्याओं की जड़ हैं। भाजपा चकाचौंध की राजनीति से जनता को धोखा दे रही है। भाजपा संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। समाजवादी पार्टी एकजुट होकर पूरी ताकत से संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्षरत है। सपा मुखिया अखिलेश यादव रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में जिलों से आए पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने चेताया कि भाजपा समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने की रणनीति पर काम कर रही है। समाजवादी पार्टी के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारियां की जा रही है तथा डराने धमकाने की कोशिश की जाती है। भाजपा की चालाकियों से जनता को गुमराह होने से बचाना है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जातीय वैमनस्य पैदा करती है। नफरत से समाज को बांटती है। उसकी नीतियां पूंजीपतियों की पोषक हैं। गरीब और मध्य वर्ग को भाजपा समाप्त करने पर तुली है। जनता को सामान्य नागरिक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। किसानए नौजवानए व्यापारी सभी भाजपा सरकार की कुनीतियों से तंग है और जल्दी से जल्दी निजात पाना चाहते हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि अब जमीन पर चुनाव की लड़ाई लड़नी है। समाजवादी पार्टी की स्वीकार्यता जनता में है।

# यूपी के लिए गर्व है सेंगोल को संसद में रखना

**● राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के निर्देश पर सेंगोल का एक प्रतिरूप प्रयागराज संग्रहालय में रखे जाने की तैयारी की जा रही है।**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/प्रयागराज।

**सेंगोल** को नई संसद में रखा जाना उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस का सबसे बड़ा कारण यह सेंगोल कहीं और से नही बल्की यूपी के प्रयागराज से ले जाएगा गया है जो बीते सात दशकों तक इलाहाबाद संग्रहालय की शोभा बढ़ा रहा था। प्रयागराज संग्रहालय में रखे इस ऐतिहासिक सेंगोल (राजदंड) को नए संसद भवन में स्थापित किए जाने पर प्रयागराज संग्रहालय के अधिकारियों ने इसे गर्व का विषय बताया है क्योंकि इससे दिल्ली में यूपी का मान बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि चोल वंश के समय का यह सेंगोल चांदी से बना है और इस पर सोने की परत चढ़ी है। यह 1947 में अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक है। रविवार को इसे लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया जाएगा।

प्रयागराज में आम भाषा में इसे राजदंड कहा जाता है, जबकि संग्रहालय के रिकॉर्ड में इसका उल्लेख सुनहरी छड़ी के रूप में किया गया है। संग्रहालय के अधिकारियों ने कहा कि इस खालीपन को भरने के लिए सेंगोल का एक प्रतिरूप संग्रहालय में रखा जाएगा।

प्रयागराज संग्रहालय के सहायक क्यूरेटर वमन वानखेड़े ने बताया कि इस संग्रहालय की नींव 14 दिसंबर, 1947 को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा चंद्रशेखर आजाद पार्क में रखी गई थी और संग्रहालय को आम जनता के लिए 1954 में खोला गया था। उन्होंने कहा कि नेहरू जी अपने सभी उपहार इलाहाबाद संग्रहालय को देना चाहते थे और तब उन्होंने तत्कालीन क्यूरेटर एससी काला को इस सेंगोल के बारे में बताया था। इस सेंगोल की लंबाई करीब 138.4 सेंटीमीटर है। वानखेड़े ने कहा कि यह प्रयागराज संग्रहालय के लिए खुशी और गर्व की बात है कि इस सेंगोल को नई संसद में स्थापित किया जा रहा है। इसे चार नवंबर, 2022 को राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली को स्थानांतरित किया गया था।

जब इस सेंगोल को दिल्ली स्थानांतरित किया गया, उस समय इस संग्रहालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के कुलपति एके सिंह ने कहा कि यह ऐतिहासिक छड़ी फिर से इतिहास का हिस्सा बनने जा रही है। सिंह के पास इस संग्रहालय का प्रभार 13 महीनों तक रहा।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय से उनके पास एक फोन आया था जिसमें कहा गया कि इस सेंगोल को दिल्ली स्थानांतरित किया जाना है। इस प्रक्रिया को पूरा करने में दो से तीन महीने लगे।

सिंह ने कहा कि जब स्थानांतरण प्रक्रिया जारी थी, तब राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि इस सेंगोल का एक प्रतिरूप प्रयागराज संग्रहालय में रखा जाना चाहिए। हमने इस प्रतिरूप का ऑर्डर पहले ही दे दिया है और इसे जल्द संग्रहालय में स्थापित कर दिया जाएगा।

इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने कहा कि इस सेंगोल को नए संसद भवन में स्थापित करने का समाचार फैलते ही इस सेंगोल का ऐतिहासिक महत्व जानने के लिए संग्रहालय आने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है। इस बीच, लोकसभा सांसद और प्रयागराज की पूर्व महापौर रीता बहुगुणा जोशी ने स्वीकार किया कि उन्होंने संग्रहालय में इस सेंगोल को कभी नहीं देखा, लेकिन अब हजारों लोग इसे संसद भवन में देखेंगे। इलाहाबाद संग्रहालय केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन आता है और इसकी पदेन अध्यक्ष राज्य की राज्यपाल हैं। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल आदंदी बेन पटेल ने नए संसद भवन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए संसद भवन की इमारत वास्त, कला, कौशल, संस्कृति और हमारे संवैधानिक प्रतीकों का जीवंत प्रतीक है। हर भारतीय को यह इमारत गर्व का अनुभव करा रही है। राजयपाल ने कहा कि देश की आजादी के 75वें वर्ष में जबकि प्रत्येक भारतीय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब भारतीय लोकतंत्र को समर्पित देश का नया संसद भवन भारत के दृढ़ संकल्पों का सन्देश देता है।

# गठबंधन का समर्थन करेंगे रालोद के विधायक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कल** होने वाले विधान परिषद के उप चुनाव मे राष्ट्रीय लोकदल ने गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने का निर्णय लिया है। इस बावत रविवार को पार्टी कार्यालय पर एक बैठक की गयी। नेता विधान मंडल दल राजपाल बालियान की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक अजय कुमार गुलाम मोहम्मद प्रसन्न चौधरी मदन भैया असरफ अली अनिल कुमार चंदन चौहान सी गुड्डू चौधरी सपा के विधान परिषद सदस्य डॉ मान सिंह यादव राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व विधान परिषद के उप चुनाव में सपा रालोद गठबंधन के प्रत्याशी राम जतन राजभर व राम करन उपस्थित थे। बैठक में कल होने वाले विधान परिषद के उप चुनाव में सपा रालोद गठबंधन के दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नई दिल्ली में शान्ति पूर्वक ढंग से प्रदर्शन कर रहे पहलवानों व उनके समर्थकों की जबरन गिरफ्तारी व बदसलूकी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा गया कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और तानाशाही है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में कहा गया जिस समय देश के मुखिया लोकतंत्र के मंदिर का लोकार्पण कर रहे थे, उसी समय लोकतंत्र के मंदिर के सामने देश व तिरंगे का मान बढ़ाने वाले पहलवानों के साथ बर्बरतापूर्ण कार्यवाही की जा रही थी।

# नये संसद भवन के उद्घाटन पर मायावती ने दी शुभकामना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नए** संसद भवन को लेकर जहां विपक्ष सत्तारूढ़ केन्द्र की भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री पर हमलावर है वहीं दूसरी ओर बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को नये संसद भवन के उद्घाटन की शुभकामनाएं दी हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की है कि इसका उपयोग पवित्र संविधान की नेक मंशा के हिसाब से देश एवं जनहित में हो तो यह उचित होगा। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि नये संसद भवन के रविवार को किये गये उद्घाटन के लिए केंद्र सरकार को शुभकामनायें। इस नये संसद भवन का परम पूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर की मानवतावादी सोच तथा उनके बनाये गए पवित्र संविधान की नेक मंशा के हिसाब से देश एवं जनहित में सही व भरपूर इस्तेमाल हो, तो यह उचित होगा।

# सेंगोल की स्थापना में दक्षिण के ब्राह्मणों को बुलाना दुर्भाग्यपूर्णः स्वामी प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ के पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कराए जाने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सेंगोल (राजदंड) की स्थापना पूजन में केवल दक्षिण के कट्टरपंथी ब्राह्मण गुरुओं को बुलाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

कुछ माह पूर्व रामचरित मानस की एक चौपाई पर अपनी विवादित टिप्पणियों के जरिए सुर्खियों में आए स्वामी प्रसाद मौर्य ने रविवार को ट्वीट किया, सेंगोल राजदंड की स्थापना पूजन में केवल दक्षिण के कट्टरपंथी ब्राह्मण गुरुओं को बुलाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

इसी ट्वीट में उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार का अगर पंथनिरपेक्ष संप्रभु-राष्ट्र भारत में विश्वास होता तो देश के सभी धर्म गुरुओं यथा- बौद्ध धर्माचार्य (भिक्षुगण), जैन आचार्य (ऋषि), गुरु ग्रंथी साहब, मुस्लिम धर्मगुरु, ईसाई धर्मगुरु आदि सभी को आमंत्रित किया जाना चाहिए था।

सपा महासचिव ने आरोप लगाया, ऐसा न कर भाजपा ने अपनी दूषित मानसिकता और घृणित सोच को दर्शाया है। भाजपा सरकार सेंगोल राजदंड की स्थापना कर न सिर्फ राजतंत्र के रास्ते पर जा रही है बल्कि दक्षिण के ब्राह्मण धर्मगुरुओं को बुलाकर ब्राह्मणवाद को भी स्थापित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह नए संसद भवन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर ईश्वर का आशीर्वाद लेने के लिए कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ के पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणपति होमम् अनुष्ठान किया।

प्रधानमंत्री ने सेंगोल (राजदंड) को दंडवत प्रणाम किया और हाथ में पवित्र राजदंड लेकर तमिलनाडु के विभिन्न अधीनमों के पुजारियों का आशीर्वाद लिया।

इसके बाद नादस्वरम् की धुनों के बीच प्रधानमंत्री मोदी सेंगोल को नए संसद भवन लेकर गए और इसे लोकसभा कक्ष में अध्यक्ष के आसन के दाईं ओर एक विशेष स्थान पर स्थापित किया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस साल की शुरुआत में यह आरोप लगाया था कि श्रीरामचरित मानस के कुछ छंदों ने जाति के आधार पर समाज के एक बड़े वर्ग का अपमान किया और मांग की कि इन पर प्रतिबंध लगाया जाए।

मौर्य उत्तर प्रदेश की पिछली भाजपा नीत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव से ऐन पहले वह सपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने कुशीनगर जिले की फाजिलनगर विधानसभा सीट से सपा से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए। बाद में सपा ने उन्हें विधान परिषद भेज दिया और पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव बनाया।

रामचरित मानस की चौपाई पर टिप्पणी करने के बाद मौर्य के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हुई। अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ने तो 30 जनवरी को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का सिर कलम करने वाले को 21 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी।

# काले गेहूं की खेती की तरफ बढ़ रहा है किसानों का रुझान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर** जिले में किसानों का रुझान काले गेहूं की खेती की ओर बढ़ रहा है। इस बार यहां के किसानों द्वारा भारी मात्रा में काले गेहूं का उत्पादन किया गया है। हालांकि, फायदे का सौदा होने के बावजूद स्थानीय स्तर पर बाजार की अनुपलब्धता यहां के किसानों को निराश भी कर रही है।

शाहजहांपुर जिले में काले गेहूं की खेती अब प्रचुर मात्रा में होने लगी है। पूरे जिले के लगभग 250 एकड़ क्षेत्र में इसे उगाया गया है। स्थानीय प्रशासन भी किसानों को इस बेहद पोषक अनाज माने जा रहे गेहूं की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने रविवार को को बताया कि जिले में काले गेहूं की पैदावार काफी बढ़ी है। इस बार जिले में 200 से अधिक किसानों ने 250 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में काले गेहूं का उत्पादन किया है। स्थानीय स्तर पर इसे छह हजार रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा जा रहा है जबकि बड़े शहरों में इसकी कीमत 10 से 12 हजार रुपए तक मिल रही है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि किसानों को स्थानीय स्तर भी उनकी उपज का भरपूर लाभ मिले।

तिलहर के राजापुर गांव के किसान प्रेम शंकर गंगवार ने बताया कि उन्होंने इस बार परीक्षण के तौर पर एक एकड़ क्षेत्र में काले गेहूं की पैदावार की है। उन्होंने काले गेहूं से संबंधित एक प्रसंस्करण इकाई भी लगाई है जिसमें मैदे की जगह काले गेहूं के आटे से बिस्कुट बनाए जा रहे हैं। मैदे का बेहतरीन विकल्प होने की वजह से लोग इसे काफी पसंद भी कर रहे हैं।



गंगवार ने बताया कि काले गेहूं में कुदरती एंटी ऑक्सिडेंट और एंटीबायोटिक गुण हैं जो मधुमेह, दिल की बीमारी, कैंसर, मानसिक तनाव, घुटनों के दर्द और एनीमिया जैसे रोगों के निदान में काफी कारगर है। काले गेहूं का आटा छिलकेयुक्त चने के सत्तू की तरह दिखता है और इसका स्वाद साधारण गेहूं की अपेक्षा अलग होता है। मगर यह काफी पौष्टिक है। इसकी फसल साधारण गेहूं की तरह ही होती है मगर पकने पर इसकी बालियां काली हो जाती हैं।

मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि जिले के हर गांव में किसानों को काले गेहूं की खेती के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्हें बीज उपलब्ध कराने के अलावा कृषि विभाग की एक टीम बनाई है जो कृषकों को इस खास जिंस के उत्पादन के लिए प्रशिक्षित भी कर रही है तथा समय-समय पर काले गेहूं की फसल का निरीक्षण करने के अलावा कृषकों को फसल के रखरखाव के लिए आवश्यक दिशानिर्देश भी यही टीम दे रही है।

कृषि क्षेत्र में कार्यरत एक संस्था के संचालक राकेश पांडे ने बताया कि वह 2020 से ही शाहजहांपुर के किसानों को काले गेहूं की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और इसमें प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। इसी का नतीजा है कि आज जिले की कलान, तिलहर तथा पुवायां तहसीलों में एक बड़े क्षेत्रफल में किसान काले गेहूं की फसल उगा रहे हैं। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कृषि मित्रों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के जरिए किसानों को लगातार काले गेहूं की पैदावार की तकनीक और इसकी बिक्री से होने वाले वित्तीय लाभ की जानकारी दी जा रही है। हालांकि, राकेश पांडे का कहना है कि जिले में काले गेहूं की मुनाफेभरी बिक्री की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है, इसलिए वह खुद किसानों का गेहूं खरीद कर बाहर भेज रहे हैं। अगर यहां पर प्रसंस्करण इकाइयां लग जाएं या फिर बाजार की व्यवस्था हो जाए तो किसानों की आय दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी।

ददरौल क्षेत्र के हसनपुर गांव के किसान अवधेश वर्मा ने भी स्थानीय स्तर पर काले गेहूं का बाजार नहीं होने पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा, इस बार हमने 10 बीघा क्षेत्रफल में काले गेहूं की पैदावार की है, मगर यहां बाजार की समस्या होने के कारण हमारा गेहूं बहुत ही कम मूल्य में ही बिक रहा है, जबकि यही गेहूं ऑनलाइन 80 से 100 रुपए प्रति किलो बिकता है। जिलाधिकारी ने इस समस्या के बारे में पूछने पर बताया, हम प्रयास कर रहे हैं कि यहां काले गेहूं से संबंधित प्रसंस्करण की इकाई भी लगाई जाए जिसके लिए "उद्योग बंधु की बैठक में इसे रखेंगे अगर यह इकाई यहां लग जाती है तो किसानों को उनकी उपज का भरपूर लाभ मिल सकेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें : सूर्य पाल गंगवार

**● डीएम ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ**

**● छह दिन तक चलेगा यह अभियान, कुल 7.33 लाख बच्चों का रखा लक्ष्य**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**जिलाधिकारी** द्वारा बच्चों को पोलियों से बचाव के लिए वीरांगना आवंतीबाई जिला महिला अस्पताल से पोलियों की खुराक पिलाकर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने पोलियो के वायरस का खतरा अभी हैं, जिसके तहत सर्तक रहते हुए पोलियों से बचाव के लिए बच्चों को खुराक पिलाने के निर्देश दिए हैं। छह दिन तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में कुल 7.33 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है।

रविवार को शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का शुभारंभ रविवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने किया।

उन्होंने वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला अस्पताल में बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर सघन पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त है लेकिन कुछ पड़ोसी देशों में 'पोलियो वायरस का खतरा' अभी भी है और फिर लौट सकता है। इसलिए अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियो से बचाव की खुराक हर बार पिलाएं। पोलियो पर देश की जीत को बनाए रखने में योगदान दें।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल ने कहा कि पोलियो से बचाव की दवा पिलाकर एक ऐसी बीमारी से बचा सकते हैं जो कि बच्चे को आजीवन दिव्यांग बना देती है। छह दिन तक चलने वाले इस अभियान में कुल 7.33 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एमके सिंह ने कहा कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ बाल विकास पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभाग भी सहयोग कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। सभी से अपील है कि अपने शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। इस मौके पर राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा अजय गुप्ता, आरसीएच के नोडल अधिकारी डा आरवीसिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अनूप कुमार श्रीवास्तव, अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ हेमलता यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा अरुणा सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा सरिता सक्सेना, बाल रोग विशेषज्ञ डा सलमान, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवम सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूएनडीपी, सीफॉर, रोटरी इंटरनेशनल के प्रतिनिधि और अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### आज से दो जून तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर पिलाएंगे दवा

**जिला** प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एमके सिंह ने कहा कि रविवार को जो बच्चे पोलियो से बचाव की दवा पीने से वंचित रह गए हैं उन्हें 29 मई से दो जून तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर दूघर जाकर दवा पिलाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया की इस अभियान को सफल बनाने के लिए कुल 2,204 टीमें बनाई गई हैं। इसके साथ ही ईंट भट्टों, मलिन बस्ती व निर्माणाधीन स्थलों पर शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने के लिए 131 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। इसके अलावा 227 ट्रांजिट टीमों द्वारा साप्ताहिक बाजारए मेलेए रेलवे व बस स्टेशन पर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी।

# पीजीआई छुड़ायेगा शराब के शौकीनों की लत

**● यूपी में पहली बार शुरू हुई कंबाइंड अल्कोहल यूज डिसऑर्डर क्लिनिक**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यदि** आप शराब के शौकीन हैं और इसे छछेड़ नहीं पा रहे हैं, तो खबर आपके लिए है। ऐसे रोगियों की मदद के लिए पीजीआई के हीपैटोलॉजी विभाग मनोचिकित्सक के सहयोग से अल्कोहल यूज डिसऑर्डर क्लिनिक (एयूडीसी) नाम से एक क्लिनिक शुरू कर रहा है। यह क्लीनिक ऐसे मरीजों को शराब छोड़ने में मदद करेगा।

अभी तक कंबाइंड अल्कोहल यूज डिसऑर्डर क्लिनिक की सुविधा उत्तर प्रदेश में कहीं भी उपलब्ध नहीं है और पीजीआई ऐसी सुविधा शुरू करने वाला प्रदेश का पहला संस्थान हैं। शराब के नियमित सेवन करने से लिवर सिरोसिस रोग होता है। लिवर सिरोसिस और लिवर खराब होने के बावजूद, बड़ी संख्या में लोग शराब का सेवन बंद करने में विफल रहते हैं क्योंकि वे एक ऐसी स्थिति विकसित कर लेते हैं जिसे अल्कोहल डिपेंडेंस कहा जाता है। कुल मिलाकर 4 फीसद से अधिक भारतीय शराब पर निर्भर हैं। ऐसे में यह क्लीनिक ऐसे मरीजों को शराब छोड़ने में मदद करेगा। इस क्लिनिक में रोगियों को हेपेटोलॉजिस्ट के साथ-साथ मनोचिकित्सकों द्वारा दवाएं परामर्श और नशामुक्ति सेवाओं के रूप में संयुक्त चिकित्सा सेवा दी जाएगी। यह क्लिनिक प्रत्येक सोमवार को हेपेटोलॉजी ओपीडी में चलेगा और हेपेटोलॉजी विभाग में मरीजों का पंजीकरण किया जाएगा।

# लविवि व बीएसएन इंफोटेक के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय और बीएसएन इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के बीच रविवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। एमओयू के दौरा विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की उपस्थिति में डीन अकादमिक सेल प्रो..पूनम टंडन और बीएसएन इंफोटेक के इति चौधरी, ई. गौरव निगम तथा ई. सौरभ शुक्ला उपस्थित रहे।

इस एमओयू का उद्देश्य लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑनलाइन विद्या ब्रिज पोर्टल के माध्यम से नवीन ट्रेंड के अनुसार व्यवहारिक ज्ञान से समृद्ध विभिन्न व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स उपलब्ध कराना है। विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, क्रियाकलाप, उनके लिये आवश्यक स्कील का ज्ञान तथा रोजगार हेतु आवश्यक विभिन्न क्षेत्रों का व्यवहारिक ज्ञान, इंटरव्यू कौशल, व्यक्तित्व विकास, कम्प्यूटर तथा एंटरप्राइज स्तर पर सॉफ्टवेयर का कार्य अनुभव प्रदान प्रदान किया जायेगा। इससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर के साथ.साथ स्व.रोजगार हेतु आवश्यक ज्ञान भी प्राप्त हो सकेगा। बता दें कि विवि के छात्र मुफ्त में बीएसएन इंफोटेक प्राइवेट से विद्या ब्रिज पोर्टल द्वारा कैरियर उन्मुख ऑनलाइन व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में रजिस्टर कर सकते हैं। छात्र उद्योग के लिए तैयार कौशल, आईटी कौशल, संगठन द्वारा उपयोग किए जाने वाले ईआरपी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों के बारे में जानेंगे और यह भी जानेंगे कि साक्षात्कार, संचार और सॉफ्ट कौशल सहित साक्षात्कार में खुद को कैसे प्रस्तुत किया जाए।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4446 लोगों को मिला परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4446 लोगों ने चिकित्सकीय लाभ लिया। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलायी गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में पोलियो बूथ भी लगाया गया। जिससे कि लोग आकर अपने बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाएं। यही कारण है कि रविवार के दिन पोलियो बूथ लगाया गया है जिससे कि अधिक से अधिक लोग बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जा सके। स्वास्थ्य मेले में शून्य से पाँच साल तक की आयु के कुल 217434 बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलायी गई। वहीं आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4486 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1792 पुरुष, 1961 महिलायें और 733 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 13 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 50 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

# आम कारोबारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के रहिमाबाद इलाके में एक आम कारोबारी ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की तीन पुत्रियां थीं। वहीं बीकेटी इलाके में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार ग्राम रहटा थाना रहिमाबाद निवासी गायत्री सिंह ने स्थानीय पुलिस को सूचना देकर बताया कि पुत्र सुशील 42 उर्फ अन्ना सिंह ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक आम का कारोबार करता था और उसके तीन पुत्रियां थी लेकिन आत्महत्या क्यों की यह वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। उधर इंदौराबाग बीकेटी निवासी करन कनौजिया 19 ने अपने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि मृतक अविवाहित था और मजदूरी करता था। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मकान का ताला तोड़कर जेवरात समेत नकदी चोरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद चोरी की घटनाएं नहीं थम रही हैं। यह शातिर चोर किसी न किसी मकान दुकान या वाहन पर अपना हाथ साफ कर फरार हो जाते हैं और पुलिस खाना पूर्ति करते हुए मुकदमा दर्ज कर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाती है। ताजा मामला बीबीडी इलाके का है जहां पर चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए मकान में रखे सोने चांदी के जेवरात नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार गोल्ड लाइन रेजीडेंसी अनौराकला फैजाबाद रोड बीबीडी निवासी मुकेन्द्र सक्सेना अपने किसी निजी काम से सपरिवार कानपुर गये थे। वहां पड़ोसी द्वारा उन्हें सूचना मिली कि तुम्हारे मकान का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला हुआ है। जानकारी होते ही वह लखनऊ पहुंचे तो वह दंग रह गये। मकान की अल्मारी के ताले टूटे हुए हैं और उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात व बीस हजार रुपये की नकदी समेत कीमती सामान चोरी हो गया है।

# दवा विक्रेताओं के संगठनों का हुआ विलय हरीश साह अध्यक्ष, प्रदीप चन्द्र जैन बने महामंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दवा** विक्रेताओं के हित में राजधानी लखनऊ मे काफी समय से काम कर रहें दवा व्यवसाय से सम्बन्धित सभी अलग अलग संगठनो का विलय रविवार को सर्व सम्मति से लखनऊ केमिस्ट एसोशिएशन लखनऊ में हो गया है। इस सन्दर्भ में दवा व्यापारियों की एक बैठक में उपस्थित सभी दवा व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि अलग अलग संगठन होने के कारण दवा व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। इसलिए व्यापारियों को एक बैनर के नीचे काम करने की आवश्यकता है।

बैठक में सभी दवा व्यापारियों ने आपस में मंत्रणा एंव विचार विमर्श के पश्चात ये तय किया कि लखनऊ केमिस्ट एसोशिएशन का नेतृत्व स्वर्गीय गिरिराज रस्तोगी ने बड़ी मजबूती से किया था, इसलिए यही नाम रखा जाये। बैठक में सर्व सम्मति से लखनऊ केमिस्ट एसोशिएशन नाम पर सभी की सहमति प्रदान की गयी। यह भी तय हुआ कि सभी दवा विक्रेता समिति लखनऊ केमिस्ट एसोशिएशन मे विलय करेंगे। बैठक में हरीश चंद्र साह को अध्यक्ष, प्रदीप चन्द्र जैन को महामंत्री बनाए जाने की घोषणा हुई। जबकि सुभाष शर्मा को कोषाध्यक्ष, सुदीप दुबे, रचित रस्तोगी एवं अमित तिवारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनय शुक्ला को संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यापारियों ने सभी पदाधिकारियों के नाम पर सहमति प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान आर्गेनाईजेशन आंफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश के महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया और संगठन को मजबूत बनाने का आग्रह किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष हरीश चंद्र साह महामंत्री प्रदीप चन्द्र जैन ने सभी ने सभी दवा व्यापारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रांतीय संगठन आर्गनाइजेशन आंफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश के नेतृत्व मे लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन दवा व्यापारियों के हित मे काम करेगा।

# जगंल में मिला अज्ञात युवक का कई दिन पुराना शव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के बाहर स्थित जगंल में झाड़ियों के बीच एक अज्ञात युवक का कई दिन पुराना सड़ा गला शव पड़ा मिला। शनिवार की रात ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। हालांकि पुलिस युवक का शव मिलने के 24घंटे बाद भी उसकी शिनाख्त कराने में नाकाम रही। ग्रामीणो ने अज्ञात युवक की हत्या कर शव को जगंल में उगी झाड़ियों में फेके जाने की आंशका जताई है। हालांकि पुलिस ने पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही किये जाने की बात कही है। इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर आस पास गांव के लोगो को मौके पर बुलाकर शिनाख्त कराने के प्रयास किये गये लेकिन शव काफी दिन पुराना होने के चलते नरकंकाल में तब्दील हो गया था जिसके चलते शिनाख्त नही हो सकी। मृतक की उम्र करीब 40वर्ष के आस पास थी उसके शरीर में एक भी कपड़ा नही था देखने में मृतक भिखारी टाइप में लग रहा था।

# परीक्षा सम्पन्न, डीएम ने केंद्रों का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जिलाधिकारी** द्वारा हो रही संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विस परीक्षा के राजकीय जुबली इंटर कालेज सहित अन्य केंद्रों का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा केंद्र के व्यवस्थापकों को हो रही परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को दिक्कत न हों, इसके निर्देश दिए गए।

रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विस परीक्षा के तहत जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार राजकीय जुबली इंटर कॉलेज पहुंचे। जिलाधिकारी ने केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र के व्यवस्थापकों को हो रही परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को दिक्कत न हों, इसके निर्देश दिए। राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के बाद जिलाधिकारी राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज पहुंचे। राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज के बाद जिलाधिकारी शिया इंटर कॉलेज सीतापुर रोड पहुंचे, जहां व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया। साथ में व्यवस्थापकों को को पूरी सुचिता और शांतिपूर्ण परीक्षा पूरा कराने के निर्देश दिए।

# अवैध तमंचा के साथ दो शातिर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की इटौंजा पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार डीसीपी साउथ के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इटौंजा पुलिस गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में दो युवक मौजूद हैं।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर दोनों शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम जनपद सीतापुर निवासी जितेन्द्र कुमार राठौर व उपरोक्त निवासी हर्षित गुप्ता बताया। पुलिस ने इनके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला शातिर गिरफ्तार, कब्जे से गांजा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की कृष्णानगर पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है जो इलाके में गांजा की सप्लाई करता था। पुलिस का कहना है कि आरोपी गैर जनपद से मादक पदार्थ लाकर इलाके में बेचता था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो ग्राम गांजा बरामद कर जेल रवाना कर दिया है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर कृष्णानगर विक्रम सिंह ने बताया कि डीसीपी साउथ के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक तस्कर इलाके में मौजूद है जो मादक पदार्थ की सप्लाई कर रहा है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंच कर शातिर को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम पारा निवासी रितिक सोनकर बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में यह बात सामने आयी कि वह एक जिले से गांजा लाता है और फिर आलमबाग व कृष्णानगर इलाके में घूम घूम कर गांजा सप्लाई करता था। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक किलो ग्राम गांजा व नकदी बरामद की है।

# श्रमदान के जरिए छात्रों ने की हॉस्टल की सफाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित होमी जहांगीर भाभा छात्रावास में रहने वाले अंत:वासियों ने प्रोवोस्ट डॉ राधेश्याम प्रसाद तथा सहायक प्रोवोस्ट डॉ आलोक कुमार यादव के साथ छात्रावास के अंदर तथा बाहर क्षेत्र में श्रमदान किया गया। पूरे छात्रावास की सफाई की गई। इस अवसर पर चीफप्रोवोस्ट प्रो अनूप सिंह भी उपस्थित थे। सफाई अभियान के दौरान अंत:वासी छात्रों ने निर्णय लिया कि महीने में एक बार पूरे अंत:वासी मिलकर छात्रावास की सफाई अवश्य करेंगे। यह एक अच्छा पहल है जिससे सभी छात्रों की उर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में किया जाएगा। यह कार्यक्रम जारी रहेगा। इसी उपलक्ष्य मे में मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।



# मेट्रो के सुरक्षा स्टाफ की मुस्तैदी से पकड़ गया चेन स्नेचर

**● भूतनाथ मार्केट में घटना को अंजाम देकर हुआ था फरार**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** मेट्रो की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था ने एक बार फिर सुरक्षित यात्री सेवा का उदाहरण पेश किया है। 28 मई 2023 को भूतनाथ बाज़ार में मेट्रो स्टेशन के पास एक महिला खरीदारी कर रही थी, इसी दौरान चैन स्नैचर महिला से बैग, जिसमें सोने की बाली थी, छीन कर मेट्रो स्टेशन के अन्दर भाग कर आये। पीछे-पीछे भागकर पीड़ित महिला ने सारी जानकारी भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर तैनात स्टेशन कंट्रोलर को दी। स्टेशन कंट्रोलर ने तुरंत सारे स्टेशनों एवं 112 पर इसकी जानकारी दी महिला की शिकायत पर लखनऊ मेट्रो के मुस्तैद स्टाफ ने सभी स्टेशन पर मौजूद कर्मचारी व पुलिसबलों को तुरंत अलर्ट कर दिया जिसके बाद लखनऊ मेट्रो और सुरक्षा स्टाफ ने मिल कर अभियुक्त को दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन पर दबोच लिया। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने मेट्रो स्टॉफ एवं मेट्रो सुरक्षा कर्मियों की मुस्तैदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लखनऊ मेट्रो की हाइटेक तकनीक एवं हाई रिजोलियूशन पीण्टीण्जी सुरक्षा कैमरे से ट्रेनों के हर कोने पर सुरक्षा कैमरों की नजर रहती है। लखनऊ मेट्रो में सुरक्षा इतनी चाक.चौबंद है कि किसी भी वारदात को करने के तुरंत बाद अपराधी को पकड़ लिया जाता है यही खासियतें मेट्रो को यात्रा का सबसे सुरक्षित साधन बनाती हैँ। इसी सरविलांस से मेट्रो में यात्रिओं के छूटे सामान भी यात्रियों को लॉस्ट एंड फाउंड सेल द्वारा वापस कर दिया जाता है। लखनऊ मेट्रो सबसे तेज, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए जाना जाती है जिस पर वो पिछले 5.5 सालों से खरी भी उतर रही है।

मेट्रो के चुस्त सुरक्षा स्टॉफ और स्टेशन कंट्रोलर ने पकड़ा चैन स्नैचर को स्टेशन परिसर और ट्रेन के भीतर लगे हाई रिसोलूशन सीसीटीवी कैमरे की सबसे बड़ी भूमिका रही। स्टेशन के कण्ट्रोल रूम से स्टेशन परिसर के साथ चलती ट्रेन के अंदर भी लगातार निगरानी की जाती है। इन्ही ट्रेन में लगे हाई रिजोलियूशन सीसीटीवी कैमरे की मदद से युवक की पहचान की गई। युवक जैसे ही दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन पर उतरा तुरंत पुलिस एवं मेट्रो सुरक्षा स्टाफ की मदद से उसे पकड़ लिया गया। मेट्रो स्टेशन परिसर में हर स्टेशन पर लगभग 55 .65 और ट्रेन में 22 कैमरों से सतत निगरानी की जाती है।

# वाहनो से बैट्रियां चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**● पकड़े गये अभियुक्त के पास से चोरी की चार बैट्रियां बरामद**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की पारा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो इलाके से वाहनों की बैट्रियां चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की चार अदद बैट्रियां बरामद की हैं।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर पारा श्री कांत राय ने बताया कि डीसीपी मध्य के निर्देशन में अपराध व वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पारा पुलिस की एक टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर चोर चोरी की बैट्रियों के साथ इलाके में मौजूद है जो उन्हें बेचने के प्रयास में है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर शातिर को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम सदरौना पारा निवासी हर्षित सिंह बताया। पुलिस ने उसके पास से चार बैट्रियां बरामद की हैं जो खड़े वाहनों से चुपचाप बैट्रियां चोरी करता था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त से पूछताछ में कुछ अन्य शातिर चोरों के नाम प्रकाश में आये हैं जो इस कारोबार में लिप्त हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है और उनके संभावित ठिकानो पर दबिश दे रही है।

# सावरकर व्यक्ति नहीं, विचार हैं: केशव प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने कैम्प कार्यालय सात कालिदास मार्ग पर प्रखर राष्ट्रवादी नेता दामोदर वीर सावरकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सावरकर एक व्यक्ति नहीं हैं, एक विचार हैं। एक चिनगारी नहीं हैं, एक अंगार हैं। सीमित नहीं हैं, एक विस्तार हैं। मन, वचन और कर्म में जैसा तादात्म्य जैसी एकरूपता सावरकर ने अपने जीवन में प्रकट कीए वो अनूठी है, अलौकिक है। उनका व्यक्तित्व, उनका कृतित्व, उनका वक्तृत्व और उनका कवित्व सावरकर के जीवन को ऐसा आयाम प्रदान करते हैं कि विश्व के इतिहास में हमेशा याद किए जाएंगे। जब-जब कोई पराधीनता के खिलाफ संघर्ष करेगाए अन्याय के विरुद्ध लड़ाई के मैदान में कूदेगा, जब-जब जीवन के बलिदान की बेला आएगीए जब-जब सर्वस्व



का समर्पण करके खोयी हुई स्वाधीनता को प्राप्त करने का क्षण उपस्थित होगाए स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले संसार भर के लोग जब महापुरुषों का स्मरण करेंगे और स्मरण करने के बाद बलि की वेदी पर अपने जीवन का उत्सर्ग करने के लिए आगे बढ़ेंगे एतो वीर सावरकर विश्व के उन महापुरुषों की मालिका में एक चमकते हुए रत्न की तरह शोभायमान होंगे।

## हिंदू महासभा ने मनाई सावरकर व महन्त अवैद्यनाथ की जयन्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारत हिंदू महासभा द्वारा कुर्सी रोड पर अपने कार्यालय में वीर सावरकर एवं राम मंदिर आंदोलन रखने वाले महंत अवैद्यनाथ की जयंती मनायी गयी। जयंती समारोह में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा देश के प्रत्येक नागरिक को वीर सावरकर के विचारों का पालन कर हिन्दुत्व की रक्षा के लिये आगे आने का आवाह्न किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन पूजन के बाद किया गया।

रविवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा ने आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे वीर सावरकर एवं राम मन्दिर आन्दोलन की नींव रखने वाले एवं पूर्व सांसद महन्त अवैद्यनाथ की जयन्ती यहां कुर्सी रोड स्थित हिन्दू महासभा प्रदेश कैम्प कार्यालय में मनायी गयी। जयन्ती समारोह की शुरूआत हवन पूजन और दोनों नेताओं के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। वीर सावरकर जयंती पर हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। हवन पूजन के बाद पार्टी के नेताओं ने वीर सावरकर और महन्त अवैद्यनाथ के जीवन पर प्रकाश डालते हुये हिन्दुत्व के लिये किये गये कार्यों को याद कर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने जहां आज देश को वीर सावरकर बताये रास्तों पर चलने की नसीहत दी गयी वहीं अयोध्या में बन रहे राम मन्दिर के लिये आन्दोलन की नींव रखने वाले महन्त अवैद्यनाथ के जीवन और उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया। प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज देश के प्रत्येक नागरिक को वीर सावरकर के विचारों का पालन कर हिन्दुत्व की रक्षा के लिये आगे आना होगा। वहीं, गोमतीनगर के विभूति खंड में इंडियन एसोसिएशन सभागार में वीर सावरकर जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का आयोजन सावरकर विचार मंच उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। अतिथि के तौर पर मौजूर रहे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था कि वीर सावरकर की फोटो कांग्रेस नहीं लगने दी थी, वहीं आज एतिहासिक पल हैं कि देश के प्रधानमंत्री सहित पूरे देश की जनता वीर सावरकर की जयंती मना रही है।

## जनसमस्यों का शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है: डा. राजेश्वर सिंह



- 4 मेधावियों को साइकिलए घड़ी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित'
- सरोजनीनगर विधायक ने स्थापित करवाया स्पोर्ट्स क्लब, युवाओं को वितरित किये गए टी शर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सरोजनीनगर को एक आदर्श और सर्वोत्तम विधानसभा बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। एक ओर जहां निरंतर चल रहे विकास कार्यों से सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प हो रहा है तो वहीं नियमित तौर पर लगाए जा रहे 'आपका विधायक, आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर में जनता की समस्याओं का निवारण किया जा रहा है। साथ ही शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। रविवार को ग्राम सभा खसरवारा, बंथरा में 'आपका विधायक, आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। डॉण् राजेश्वर सिंह की माता तारा सिंह की स्मृति में लगे इस शिविर में जनता अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंची। शिविर में एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुना गया तथा शीघ्र व उचित समाधान के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया गया। जनता को क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों से भी अवगत कराया गया। साथ ही उनसे विकास से जुड़े सुझाव भी प्राप्त किए गये। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

वहीं डॉ. राजेश्वर सिंह की अभिनव पहल 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले ग्राम सभा खसरवारा के 2 मेधावी छात्राओं रीता गौतम 74 प्रतिशत, सेजल गौतम 68.4 प्रतिशत तथा 2 मेधावी छात्रों रजनीश वर्मा 67 प्रतिशत तथा सुभम रावत 65 प्रतिशत को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेधावियों ने सम्मान पाकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त किया। इस पहल का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इसके साथ ही क्षेत्र में खेल प्रतिभा को निखारने, खिलाड़ियों को खेल के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर डॉ. राजेश्वर सिंह विशेष ध्यान दे रहे हैं, उन्होंने जहाँ एक तरफ सरोजनीनगर में लखनऊ कि सबसे बड़ी क्रिकेट लीग का सफल आयोजन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया तो वहीं दूसरी तरफ निरंतर गांवों में यूथ क्लब की स्थापना कर युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर रहे है। इसी कड़ी में आज ग्राम खसरवारा के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए गांव में स्पोर्ट्स क्लब स्थापित कर 20 युवाओं को टी.शर्ट वितरित की गईए साथ ही जल्द स्पोर्ट्स किट प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के समस्त जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानए गोमतीनगर लखनऊ में सम्पन्न हुआ। न्यायमूर्ति आलोक माथुरए न्यायाधीश, उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ द्वारा मध्यस्थता विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मध्यस्थता के लिए अधिकाधिक मामलों को संदर्भित करने और वैकल्पिक समाधान द्वारा विवादों का निस्तारण कराने पर बल दिया गया। इसी विषय पर महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री दिनेश पी. सुराना द्वारा मध्यस्थता की प्रक्रिया और हितधारकों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया।

वैकल्पिक विवाद समाधान के अन्तर्गत लोक अदालतों के माध्यम से न्यायालयो में लम्बित वादों तथा प्री लिटिगेशन वादों के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे गौरव श्रीवास्तव, जिला जज अयोध्या एवं रजत सिंह जैन जिला जज मेरठ द्वारा विस्तार से चर्चा की गयी एवं विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में यूपी राज्य द्वारा सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वाधिक मामलों के निस्तारण की उपलब्धि को रेखांकित किया गया। इसी संदर्भ में श्रीमती जया प्रियदर्शनीए सिविल जज द्वारा ई चलानो के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। संतोष कुमार सदस्य सचिव, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपने सम्बोधन में लीगल एड क्लीनिक के प्रभावी पर्यवेक्षण, विधि के छात्रध्छात्राओं को अधिक से अधिक पराविधिक स्वयं सेवकों के रूप में उनकी सेवाओं का उपयोग तथा एक गॉव को चिन्हित करते हुए उसे वाद विहीन करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त इस बार पर भी बल दिया गया कि जेलों में स्थापित लीगल एड क्लीनिक को अत्यधिक गतिशील बनाया जाना चाहिए और ई.प्रिजन पोर्टल पर बंदियों की अद्यतन जानकारी अपलोड की जानी चाहिए। समापन दिवस के अंतिम सत्र में जनपद न्यायाधीश प्रतापगढ़ द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर अपने सम्बोधन में बताया गया कि भारत की महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसर सर्वाइकल कैंसर है। सर्वाइकल कैंसर का बचाव और इलाज दोनों ही हो सकता है। लेकिन इसके प्रति महिलाओं में जाकरूकता कम होने की वजह सेए डाक्टर्स को सही समय पर जानकारी नही मिल पाती और इलाज मिल पाना मुश्किल हो जाता है। और शिविरों के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत होगी जिससे लड़कियों तथा उनके अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर की जानकारी हो सके। डा. नीतू सिंह, डा. राजीव मिश्रा एवं डा. मंजूलता वर्माद्वारा बताया गया कि सर्वाइकल कैंसर को एचपीवी वैक्सीनेशन और आधुनिक स्क्रीनिंग टेक्नोलाजी का प्रयोग करके रोका जा सकता है। इसकी वैकसीन 9 से 26 साल की लड़कियों के लिए उपलब्ध है। परन्तु हम सभी को पहले इस संबंध में व्यापक जागरूकता लानी होगी। दो दिवसीय समापन समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह.। ने अपने समापन सम्बोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से आपका ज्ञानवर्धन होने के साथ.साथ आपके अनुभव में वृद्धि अवश्य हुई होगी। संजय सिंह सदस्य सचिव द्वारा इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पधारे माननीय न्यायमूर्तिगण विभिन्न प्रदेशों से पधारे सदस्य सचिवगण तथा अन्य अतिथिगणों का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विनोद सिंह रावत, निदेशक न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानए एवं फैकल्टी के सभी सदस्यों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्रामीणांचल में स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे सफाई कर्मी

संवाददाता। जालौन (उरई)

**सरकार** सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद भी ग्राम खनुआं में तैनात सफाईकर्मी गांव में नियमित सफाई के लिए नहीं आ रहे है। गांव की गलियों में फैली गंदगी और नालियों के चोक होने से ग्रामीण परेशान हैं। प्रधान ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर गांव में नियमित सफाई कर्मी भेजने अथवा अन्य सफाई कर्मियों की तैनाती किए जाने की मांग की है।

विकास खंड के ग्राम खनुआं में साफसफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए दो सफाईकर्मियों को नियुक्त किया गया है। लेकिन सफाई कर्मचारी गांव में नियमित सफाई नहीं कर रहे है। यही कारण है कि गांव की गलियों में कूड़ा कचरा फैला हुआ नजर आता है। जगह जगह कूड़े के ढेर नजर आते हैं। नालियों में गंदगी जमा होने से नालियां चोक हो गई हैं और नालियों में घास उग आई है। जिनसे निकलने वाली बदबू से ग्रामीण परेशान हैं।

आम रास्ते में मुख्य चौराहे पर गंदगी होने के कारण अन्ना जानवर घूमते रहते हैं। गांव में फैली गंदगी गांववासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इतना ही नहीं गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। प्रधान शिवकुमार ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि सफाईकर्मियों के नियमित सफाई न करने से गांव में गंदगी का अंबार लगा है। जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। बारिश का मौसम भी आने वाला है। ऐसे में संक्रामक रोगों का भी डर सता रहा है।

## दृष्टिबाधित दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहीं दृष्टि संस्था : पंकज अग्रवाल

संवाददाता। चित्रकूट

**दृष्टिबाधित** दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली संस्था दृष्टि में रविवार को अखिल भारतीय विवाह हेतु एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए समाजसेवी पंकज अग्रवाल, सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता विराग गुप्ता एवं संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने किया।

इस मौके पर महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि समाज में आज भी दृष्टिबाधित दिव्यांग सबसे पिछडा है। कहीं रोजगार के लिए, कही शिक्षा के लिए और सामाजिक पुनर्वास यानि विवाह के लिए।आज सम्मेलन में दूर-दूर से कई दृष्टिबाधित साथी जो कि सरकारी नौकरियों में अच्छे-अन्छे पदों पर है, लेकिन उनके परिजन उनके विवाह के विषय में बिल्कुल उदासीन है। जबकि वह बेहतर जीवन के लिए आवश्यक धन कमा रहे है। ऐसी विडम्बना है कि उन लोगो को भी विवाह के लिए सम्मेलनों में आना पडता है। दृष्टि संस्था विगत 17 वर्षों से इस दिशा में पूरी सिद्दत से कार्य कर रही है। जिसमे यहां दूसरे राज्यों से भी दृष्टिबाधित दिव्यांग विवाह के लिए आते है। इस वर्ष के परिचय सम्मेलन में उ0प्र0, म0प्र0, छत्तीसगढ, दिल्ली, बिहार से 68 युवा एवं 41 युवतियां आयी है। जिनके बीच परिचय होगा। इस एक दिवसीय समारोह में आने वाले किसी भी युवा-युवती से संस्था किसी प्रकार का शुल्क नही लेती बल्कि एक दिन पूर्व से ही उनके परिजनों सहित सबके रूकने, खाने-पीने आदि की व्यवस्था देती है। दोपहर के सत्र में जिन लोगो के बीच सहमति बनी है उनके परिजनों ने आपस में बैठकर एक-दूसरे से गहनता से विचार-विमर्श किया। जिनके बीच काउन्सलर के रूप में संस्था के सहयोगी विजयचन्द्र गुप्ता, लल्लूराम शुक्ला, अरूण गुप्ता, सुधांशु शुक्ला, अजय मिश्रा,वर्षा गुप्ता विमला गुप्ता, रमा शुक्लाा आदि ने सहयोग दिया। शाम तक किरन राजपूत जबलपुर का जयवीर मुरादाबाद, पूजा सिंह हमीरपुर का सीतापुर के विपिन प्रताप सिंह, सुमन देवी हमीरपुर का राजा चित्रकूट, अजय पटेल प्रतापगढ का अखिलेश कुमारी रायबरेली, अजय कुमार प्रतापगढ का वही की किरण एवं प्रतापगढ की सुनीता का प्रतापगढ के रोहित, रीतू पटेल मैहर का आशीष कुमार प्रतापगढ के साथ विवाह तय हुए। इसके साथ ही 10 जोडो के बीच बातचीत का दौर चल रहा है। जो अपने घर जाकर फाइलन करेंगे। सभी जोडो के विवाह अगले माह 23 जून को आयोजित विवाह सम्मेलन में विधिवतृ रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराए जाएंगे। सभी जोडो को संस्था एवं शुभचिन्तको यथोचित उपहार भी दिया जायेगा। सम्मेलन में शिवशंकर शुक्ला, अनीता सिंह, पंकज दुबेए बसंत लाल आदि लोगो ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

## ट्रिपल इंजन की सरकार पर सपा नेता अनुज यादव ने की टिप्पणी

संवाददाता। चित्रकूट

**नगर** निकाय चुनाव में जहां देखो, वहां भाजपा के नेता ट्रिपल इंजन सरकार बनाने की बातकर रहे हैं। जनता भाजपा नेताओं के इस बयान पर चुटकी ले रही है।

रविवार को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा नेता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की बातकर विकास कार्यों को सुचारू ढंग से संचालित करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब एक इंजन कमजोर हो जाता है तो पहले इंजन के सहारे दूसरा इंजन लगाया जाता है, जब दूसरा इंजन भी फेल हो जाता है तो दूसरे इंजन का सहारा लेने को तीसरा इंजन लगाया जाता है। ऐसे में भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार पूरी तरह फेल होती दिख रही है। इसीलिए तीसरे इंजन की बात भाजपाई कर रहे हैं। पहले के दोनों इंजन कमजोर हो चुके हैं। अब उन्हें तीसरे इंजन से नइया पार लगाने की उम्मीद जागी है। भाजपा नेताओं



के बयान से हाजिर है कि पहले के दोनों इंजन की सरकारें कमजोर हो गई हैं। आम जनता भी दोनों सरकारों के फेल होने की चर्चा करने लगी है। सपा नेता अनुज यादव ने बताया कि भाजपा नेता सीधे तौर पर ट्रिपल इंजन की सरकार कहकर योगी-मोदी सरकार को कमजोर साबित करने में लगे हैं। भाजपा नेता कहीं हकीकत तो बयान नहीं कर रहे। आम जनता भी मानने लगी है कि ट्रिपल इंजन की सरकार किसी कीमत पर मजबूत नहीं हो सकती है। पहले इंजन कमजोर होने पर दूसरे इंजन की जरूरत पड़ती है। पहले और दूसरे इंजन के कमजोर होने की दशा में तीसरा इंजन लगाने की जरूरत पड़ती है।

## संस्कार भारती ने पर्यावरण संयोजक मनोनयन कर गुरु पूर्णिमा की बनाई रूपरेखा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**संस्कार** भारती ने पर्यावरण संयोजक मनोनयन कर गुरु पूर्णिमा की बनाई रूपरेखा संस्कार भारती की प्रबन्ध कारिणी की बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के संयोजक का मनोनयन कर आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की गई।

रविवार को नगर के सेनापति स्ट्रीट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर वि।ालय में आयोजित बैठक का शुभारंभ भगवान नटराज का आवाह्न कर संस्था के ध्येय गीत से हुआ । बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चार जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सर्वसम्मति से आलोक द्विवेदी को संयोजक व स्नेहा श्रीवास्तव को सह संयोजक बनाया गया।

बैठक में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले कला साधक सम्मान समारोह कार्यक्रम पर चर्चा की गई ।इसी के साथ ग्रीष्मावकाश



कार्यशाला के समापन समारोह को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया ।

बैठक में प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर होने वाले कार्यक्रम में हर वर्ष कला साधकों का सम्मान किया जाता है। जिलाध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान कर उन्हें सफल बनाया जा सके। बैठक का संचालन सचिव दिलीप कश्यप ने किया ।

बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष समरेंद्र शुक्ल,कवि निवर्तमान अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना, प्रांतीय सदस्य आकांक्षा सक्सेना,गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम संयोजक महेश पाल सिंह उपकारी,अरविंद दीक्षित,भारती मिश्रा,अनिल प्रताप सिंह राठौड़, राज गौरव पाण्डेय,नेहा सक्सेना, किरण त्रिवेदी, मेंहदी प्रिया वर्मा, नृत्य रजनी लौंगवानी, कोमल शर्मा,साधना श्रीवास्तव ,हेमलता श्रीवास्तव डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव आलोक दिवेदी राम मोहन शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे ।

## शिवगढ़ में एसडीएम ने नपं अध्यक्ष और सभासदों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** नवसृजित शिवगढ़ नगर पंचायत से नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सहित नगर पंचायत के सभी 14 वार्डों के सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शनिवार को सायं 4 बजे शिवगढ़ ब्लाक परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में महराजगंज उप जिलाधिकारी राजेंद्र कुमार शुक्ला ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सुमन गौतमए सभासद कमलेश कुमारीएआरती रावतए सुखराम रावतए उमेश कुमारए रामावतीएअभिषेक अवस्थीए अनिल कुमारए संतोष कुमारीए आरतीए रामेंद्र बाजपेईएममता वर्माए रामरतनए कृपा सिंहएकाजल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्लाए राजघराने की बहू रानी श्रद्धा सिंहए अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंहएकुंवर हनुमन्त प्रताप सिंहएपूर्व विधायक राजाराम त्यागीए पूर्व विधायक रामलाल अकेलाए पवन सिंहएमान सिंह पटेलए नंदकिशोर तिवारीए शिव शंकर वर्माए वीरेंद्र गौतमए विक्रांत अकेलाए राकेश बाबू तिवारीए रतीपाल रावतएटीनू चन्द्रा रावतए बाबू रामचंद्रए उमेश सिंह, वीरेंद्र गौतमए गोविंद नारायण शुक्लाएपंकज मिश्राए राजकुमार शुक्लाए रणविजय सिंहए शालू गुप्ताए सतीश श्रीवास्तएसुत्तन गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चौथी तिमाही के शानदार परिणामों की हुई घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भारत** की प्रमुख टेक.आधारित वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक शेयर इंडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2023 को वित्तीय वर्ष 2023 अंतिम तिमाही के लिए अपनी कुल आय की घोषणा की।कंपनी ने अपनी कांफ्रेंस कॉल के माध्यम से अपनी आय के सोर्स के बारे में बताया कि ष्कंपनी का रेवेन्यू अगर विभाजित करें तो 20 प्रतिशत ग्राहक आधारए 10 प्रतिशत एनबीएफसीए 2.3 प्रतिशत . टेक्नॉलोजीध्बीमाध्म्युचुअल फंडए 57.58 प्रतिशत प्रोपराइटरशिप बिज़नेस से माना जा सकता है। प्रोपराइटरशिप बिज़नेस में पिछले 5 वर्षों में लगातार वृद्धि देखने को मिली है और भविष्य में भी इसके बढ़ने की उम्मीद हैए इसके लिए लगातार नए एल्गोरिथम तैयार किए जा रहे हैं ।आगे कंपनी ने घोषणा की है कि यू ट्रेड एल्गो की लॉन्चिंग जून में शुरू की जाएगी। कंपनी के पास वर्तमान में 28000 ग्राहकों का परिवार है जिसे आने वाले 2 सालों में बढाकर 2 लाख तक बढाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कंपनी का विशेष ध्यान एल्गो ट्रेडिंग पर है जो मंथली ब्रोकरेज के साथ अगले 5 वर्षों में 25.30 प्रतिशत वृद्धि प्रदान करेगा !

## फाइनेंशियल स्टेटमेंट जमा करने के लिए मिला सम्मान

**सोनभद्र।** शनिवार को आयोजित 21वीं डीएफ सह सीएफओ समन्वय बैठक में कोल इंडिया द्वारा एनसीएल के वित्त विभाग को 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2022-23 के फाइनेंसियल स्टेटमेंट वित्तीय विवरण को समय से जमा करने के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया है। वित्त विभाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी वित्तीय जानकारियों को समय से कोल इंडिया मुख्यालय को उपलब्ध करवाया है। एनसीएल की ओर से यह पुरस्कार कम्पनी के निदेशक वित्त राजनीश नारायण महाप्रबंधक




वित्त उप महाप्रबंधक वित्त व अन्य उपस्थित सदस्यों ने ग्रहण किया। एनसीएल को यह सम्मान कोल इंडिया के निदेशक वित्त देवाशीष नंदा ने दिया। इस अवसर पर कोल इंडिया के कार्यकारी निदेशक वित्त एस के मेहता भी उपस्थित रहे। डीएफ सह सीएफओ समन्वय बैठक के दौरान कोल इंडिया एवं इसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के निदेशक वित्त व वित्त विभाग के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे। कंपनी की इस उपलब्धि पर एनसीएल के सीएमडी भोला सिंह व निदेशक मंडल ने बधाई दी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी एनसीएल को इस क्षेत्र में पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर कुठौंद थाना पुलिस ने चलाया अभियान

**कुठौंद (जालौन)।** रविवार को कुठौंद के थाना प्रांगण में पर्यावरण स्वच्छ रखने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण करने के महा अभियान में क्षेत्राधिकारी जालौन रविंद्र कुमार गौतम के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी, ग्राम प्रधान नरेंद्र महंत, उप निरीक्षक शिव करण सिंह महिला कांस्टेबल संध्या कॉन्स्टेबल राधा ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी ली। उक्त अभियान की मुख्य मंशा ग्रामीणांचल में रहने वाले लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने को प्रेरित करना है। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी ने निज उपयोग वर्दी को डोनेशन बॉक्स में डालकर पुरानी स्टील की कटोरी डालकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, प्लास्टिक का उपयोग न करें, घरेलू वस्तुओं को इधर उधर न फेंके। यह कार्यक्रम सप्ताह भर तक चलेगा डोनेशन बॉक्स में डालकर निर्धारित स्थान पर डालें ताकि रिसाइकिल किए जा सकने वाले वस्त्र, किताबें, बर्तन महादान दें जिससे पर्यावरण को बल मिल सके।

## उपचार के दौरान महिला की मौत, दामाद व उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**उपचार** के दौरान महिला की मौत, मां ने दामाद व उसके भाई के खिलाफ हत्या की कराई रिपोर्ट दर्ज एक सप्ताह पूर्व रात में गोली लगने से घायल हुई महिला की उपचार के जीसी दौरान मौत हो गई। शव आने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मां ने दामाद और उसके भाई के खिलाफ जान लेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। अब मुकदमा हत्या में तरमीम किया जाएगा। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहगा सिविल लाइन निवासी संजीव कुमार की पत्नी बसंती देवी 21 मई की रात गोली लगने से घायल हो गई थी। घटना की जानकारी पर कन्नौज के थाना तालग्राम के गांव त्योर निवासी मां रूपादेवी बेटी के घर आई थी। उन्होंने बेटी को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था। दामाद संजीव व उसके भाई प्रदीप के खिलाफ जान लेवा हमले की फतेहगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि पुत्री घरों में काम कर ब%चों का भरण पोषण करती है। दामाद शराब पीता है। 20 मई को दामाद ने शराब पीने के लिए जेवर बेचने के लिए जा रहा था। बेटी ने विरोध किया तो धमकी देकर दामाद घर से चला गया था। 21 मई की रात में ढाई बजे दामाद के भाई प्रदीप ने पुत्री के गोली मार दी। रूपादेवी ने बताया कि बेटी बसंती का उपचार कानपुर में चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वह शव लेकर फतेहगढ़ आई और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कराया है।

खाना खाने के बाद पूरे घर की हालत बिगड़ी, पूरा परिवार चिकित्सालय में भर्ती फर्रुखाबाद । खाना खाने के बाद पूरे घर की हालत बिगड़ी,पूरा परिवार चिकित्सालय में भर्ती सब्जी-रोटी खानें के बाद पूरा परिवार सो गया लेकिन सुबह उठा ही नही। जानकारी होनें पर पूरे परिवार को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया ,जहाँ उनका उपचार किया जा रहा है। थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम नीचे वाला चपरा निवासी 50 वर्षीय धनपाल लोधी के घर में बीती रात उनकी पुत्रबधू 30 वर्षीय पूजा व 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका नें दरारी की सब्जी व रोटी बनायीं।

## नए संसद भवन के उद्घाटन पर राज्यपाल ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल ।नंदीबेन पटेल ने रविवार को देश के नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया है। अपने सन्देश में उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है। लोकतंत्र हमारे देश में एक संस्कार, विचार और परम्परा है। नए संसद भवन की इमारत वास्त, कला, कौशल, संस्कृति और हमारे संवैधानिक प्रतीकों का जीवंत प्रतीक है। हर भारतीय को यह इमारत गर्व का अनुभव करा रही है। राजयपाल ने कहा आज देश के नए संसद भवन के उद्घाटन का एक ऐतिहासिक दिन है। देश की आजादी के 75वें वर्ष में जबकि प्रत्येक भारतीय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब भारतीय लोकतंत्र को समर्पित देश का नया संसद भवन भारत के दृढ़ संकल्पों का सन्देश देता

# सावरकर का व्यक्तित्व दृढ़ता व विशालता से समाहितः मोदी

## ● विविधता में है भारत की असली ताकत पीएम मोदी ●भाजपा महानगर ने सुनी मन की बात की 101वीं कड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 101 वें एपिसोड में अपने जापान दौरे की चर्चा की। पीएम मोदी ने संग्रहालयों के महत्व के साथ ही जल संचयए युवा संगम को लेकर भी बात की और वीर सावरकर को भी याद किया। पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में युवा संगम की चर्चा की तो वहीं वीर सावरकर और कबीर दास को भी याद किया। पीएम मोदी ने युवा संगम के कुछ




प्रतिभागियों से बात कर उनके अनुभव की भी जानकारी ली। पीएम मोदी ने एनटी रामाराव को भी याद किया।

मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत में पीएम मोदी ने कहा कि यह एपिसोड दूसरी सेंचुरी की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने हम सभी ने इसकी स्पेशल सेंचुरी को सेलिब्रेट किया है। जनभागीदारी ही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी ताकत है।

पीएम मोदी ने कहा कि जब मन की बात का प्रसारण हुआ तो उस समय दुनिया के अलग.अलग देशों में अलग.अलग टाइम जोन में, कहीं शाम हो रही थी तो कहीं देर रात थीए इन सबके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने 100वें एपिसोड को सुनने के लिए समय निकाला।

पीएम मोदी ने काशी में तमिल संगम की भी चर्चा की और कहा कि बीते दिनों हमने मन की बात में काशी तमिल संगम की बात की, सौराष्ट्र तमिल संगम की बात की। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले ही वाराणसी में काशी तेलुगू संगमम् भी हुआ। पीएम ने आगे कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को ताकत देने वाला ऐसे ही एक और अनूठा प्रयास देश में हुआ है युवा संगम का। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के संगम का सबसे बड़ा मंच है।

### महानगर में इन्होंने भी सुना

राज्यमंत्री द्वय रविंद्र जायसवाल व डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर आदि लोगों ने सुना।

# उप मुख्यमंत्री आगमन को लेकर अस्पताल में तेजी से चल रही तैयारी

**अमेठी।** उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रविवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिनभर रंगाई पुताई एसाफसफाई का काम तेजी से चल रहा है। सीएमओ की नजर सीएचसी पर है । रविवार की सुबह सीएमओ विमलेश विमलेंद्र शेखर अस्पताल पहुंचे और अधीक्षक को हर प्रकार की कमियों को सुधारने के कड़े निर्देश दिए। अधीक्षक डॉक्टर आलोक को तिवारी अपने सहयोगियों के साथ दिन भर ऑफिस से के कामों को निपटाते और अस्पताल में मरीजों के लिए जरूरतमंद आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए व्यवस्थाएं करते देखे गए। अस्पताल के सभी कमरे दुरुस्त किए जा रहे हैं। सभी वार्डों को चमकाने के साथ अन्य वक्ताओं की पूर्ति भी की जा रही है। इस समय परिसर में नगर पंचायत की ओर से आधा दर्जन से अधिक सफाई कर्मी पिछले 2 दिनों से लगातार सफाई के काम में जुटे हुए हैं।

# दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

## ● दिव्यांगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बांधा समां लोग हैरत देखते रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**दिव्यांगजन** सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से समेकित क्षेत्रीय कौशल विकासए पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र (सीआरसी), लखनऊ द्वारा दिव्यांगता में क्षमता के दर्शन के मन्तव्य से उप्र, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा राज्य के सैकड़ों कलाकारों की आन्तरिक क्षमता का प्रदर्शन किया गया। रूद्राक्ष ऑडिटोरियम में 06 राज्यों से आए हुए प्रतिभागियों द्वारा गायन, वादन, नृत्य एवं समूह कला प्रदर्शन किए गए। रिनी भट्टाचार्यजी द्वारा पियानो वादन, अनन्या भारद्वाज द्वारा शास्त्रीय संगीत, शाहिस्ता परवीन द्वारा संगीत गायन, जीवन ज्योति विशेष विद्यालयए वाराणसी के दृष्टि दिव्यांग छात्राओं द्वारा समूह नृत्य, जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विवि, चित्रकूट के प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक योग विद्या प्रदर्शन, नव वाणी स्कूल, वाराणसी के प्रतिभागियों द्वारा समूह नृत्यए कोरोक विश्वास द्वारा नृत्य, मानसी श्रीवास्तवा द्वारा भरतनाट्यम नृत्य, रिम्पा राय द्वारा नृत्यए इन्स्ट्रीयूट फॉर दि हैन्डीकैप्ड एण्ड बैकवर्ड पिपुल के प्रतिभागियों द्वारा समूह नृत्य, किरण सोसायटी, वाराणसी के प्रतिभागियों द्वारा समूह नृत्य, झारखण्ड दिव्यांग समिति, झारखण्ड के प्रतिभागियों द्वारा झारखण्ड लोक नृत्य कला का प्रदर्शन एवं सत्या सागरिका के द्वारा नृत्य कला का प्रदर्शन किया गया। कोरियोग्राफर के रूप में रानी खानम जी के साथ उनकी टीम ने सभी दिव्यांगजनों को दिव्यतम प्रतिभाओं के प्रदर्शन हेतु पारन्गता प्रदान की। सभी प्रतिभागियों ने अपनी दिव्यतम कलाओं का प्रदर्शन कर उपस्थित जनमानस को मंत्र मुग्ध कर दिया। उपस्थित समस्त जनमानस एवं अतिथिगणों का स्वागत करते हुए संयुक्त सचिव राजीव शर्मा जी ने कहा कि आप सभी का बनारस की इस पावन भूमि पर बहुत.बहुत स्वागत, वन्दन व अभिनन्दन है। प्रधानमंत्री मोदी के अति स्नेह को प्राप्त कर आज समस्त दिव्यांगजन आहलादित हो रहा है। उद्बोधन प्रदान करते हुए कमला कान्त पाण्डेय जी ने बताया कि सरकार दिव्यांगजनों हेतु निरन्तर नवीन शैक्षणिकए व्यवसायिक और कौशल युक्त कार्यक्रमों का सृजन कर रही है। अगली कड़ी में बोलते हुए डीएम एस. राजलिंगम जी ने बताया कि हमारा प्रयास सुन्दरए स्वच्छ और सुगम्य काशी के निर्माण का है। जिसमें सब पढ़े.सब बढ़े की भावना के साथ सबका साथ.सबका विकास निहित हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्बोधन प्रदान करते हुए सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, राजेश अग्रवाल (आईएएस) द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री के मंशानुसार दिव्यांगजनों का सर्वोत्तकृष्ट सशक्तिकरण हो रहा है।

# चित्रा कला प्रतियोगिता का आयोजन




**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में 16 मई से 31 मई 2023 तक आयोजित कियें जा रहें स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत परिसर एवं आस-पास के ग्रामीण लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बालिका सशक्तिकरण मिशन 2023 की प्रतिभागी छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु शनिवार को चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारी विकास केंद्र के नेहरू सभागार में किया गया। जिसमें बालिका सशक्तिकरण मिशन की 120 बालिकाओं नें बढ़ चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

# स्वावलम्बी युवतियों को काशी अन्नपूर्णा ट्रस्ट देगा निशुल्क सिलाई मशीन

## ● लाकडाउन के समय पास हुई महिलाओं व छात्राओ को भी मिलेगी सिलाई मशीन ●स्वावलम्बी युवतियों को काशी अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र ट्रस्ट वितरण करेगा 225 सिलाई मशीन ●कम्प्यूटर शिक्षा मे भी पास हुई दो होनहार बच्चो को मिलेगा लैपटॉप

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए श्री अन्नपूर्णा मंदिर के महंत स्वामी श्री शंकर पुरी जी महाराज

**अन्नपूर्णा** मठ मंदिर द्वारा संचालित अन्नक्षेत्र ट्रस्ट नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का सत्र पूरा होने पर प्रशिक्षण लेने वाली लगभग 120 संख्या महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं सलाई मशीन प्रदान करेगा। सिलाई मशीन और लेपटॉप वितरण समारोह चेतगंज स्थित आर्य महिला पीजी कॉलेज के सभागार में संपन्न होगा। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पूरी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अन्नक्षेत्र ट्रस्ट महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ स्वावलम्बी भी बना रहा है। साथ ही ये भी बताया की जो सत्र 2020-21 मे हुआ था उसमे लाकडाउन होने के कारण मशीन नहीं मिला पाया था इस वर्ष उन सभी 104 महिलाओ और छात्राओं को सिलाई मशीन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर के साथ ट्रस्ट अनको सामाजिक कार्य करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा संस्था द्वारा संचालित निरूशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सत्र पूर्ण होने पर कंप्यूटर प्रशिक्षण डीसीए कोर्स में टैली कोर्स में प्रथम स्थान पाने वाले क्षेत्रों को लैपटॉप भी दिया जायेगा। प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया की इस बार महंत शंकर पूरी के नेक पहल से दो वर्ष पूर्व पास हुई महिलाओ को मशीन दिया जाएगा जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। वितरण कार्यक्रम आर्यमहिला डिग्री कालेज में 1 जून सम्पन होगा।

# कार डंपर में घुसी कार चालक की हुई मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना के सिंघीताली के समीप नेशनल हाईवे.दो पर रविवार की दोपहर कार डंपर में घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा डंपर के अंदर घुस गया। इससे कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कार चालक के शव को किसी तरह बाहर निकाला। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त हुई। चंदौली निवासी कार मालिक नोएडा में काम करते हैं। बेटे की शादी के सिलसिले में घर आए थे। झांसी जनपद के ढतिया बाग झापक बाग थाना निवासी चालक मुकेश के साथ अपनी हैरियर कार से वाराणसी में लान की बुकिंग करने के लिए गए थे। रविवार की दोपहर कार चालक किसी कार्यवश गाडी लेकर चंदौली की तरफ जा रहा था। पुलिस के अनुसार हाईवे पर सिंघीताली के समीप आगे चल रहा डंपर अचानक

# क्विक न्यूज

## मजदूरी की तलाश में दुबई गये लाल जी शर्मा को हुआ ब्रेन हेमरेज

**गाजीपुर।** जनपद के मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम. वासदेवपुर, निवासी लाल जी शर्मा (45 वर्ष) पुत्र स्व शेषनाथ शर्मा, 27 जनवरी 2023 को 60 दिन के विजिट बीजा पर मजदूरी के तलाश में दुबई गये थे। इससे पहले भी वो कम्पनी के माध्यम से वहां काम कर चुके थे। लेकिन कोरेना काल मे किसी तरह से घर आने के बाद तीन अविवाहित तथा पढ़ाई कर रहे बच्चों का पिता लाल जी शर्मा काम कि तलाश मे दुबई के लिए विजिट बीजा पर इस उम्मीद पर गया कि किसी कम्पनी में पूर्व के कार्य अनुभव के आधार पर काम मिल जाएगा। 7 मार्च को परिवार के लोगों से अचानक बातचीत बंद हो गया। नित्य परिवार से बात करने वाले लाल जी से अचानक बात बंद होने से परिवार के लोगों में किसी अनहोनी को लेकर बेचैनी बढ़ गयी। तब दुबई में ही रह रहे वासदेवपुर निवासी गांव के पड़ोसी दयाशंकर सिंह को इस बात कि जानकारी हुई तो, उनके कई दिनों तक खोजबीन के बाद 21 मार्च को पता चला कि लाल जी का 7 मार्च को ही ब्रेन हेमरेज हुआ है और वहां अचेतावस्था में उनका दवा ईलाज राशीद हास्पिटल में चल रहा है और उन्होंने परेशान लाचार परिवार के लोगों को विडियो काल के माध्यम से लाल जी को दिखाया। पत्नी इंदु देवी एवं छोटे पुत्र राहुल शर्मा ने जिलाधिकारी तथा मा. सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उनके समुचित चिकित्सा एवं भारत वापस लाने कि गुहार लगाई है। लाल जी शर्मा के पत्नी इंदु देवीए दो पुत्र रोहित एवं राहुल तथा एक पुत्री रोली शर्मा है।

## तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया अभियुक्त

**बीजपुर/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शस्त्रों की बरामदगी व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के निर्देश के अनुपालन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव आरक्षी अभिषेक कुमार, मंगल प्रजापति द्वारा शनिवार की सुबह गश्त के दौरान संविदाकार कालोनी रिहंद नगर के गेट के पास से डोड़हर मार्ग पर घुमते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस नें पूछताछ किया तो उसने अपना नाम अंगद कुमार पुत्र शंकर दयाल निवासी डोड़हर थाना बीजपुर बताया। जांच में उसके पास से एक अदद 12 बोर का देशी तमंचा व जिंदा कारतूस मिला। अभियुक्त को थाने में लाकर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रीम कार्यवाही हेतु संबंधित न्यायालय में न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। न्यायाधीश ने आरोपी पर लगे आरोप की गंभीरता को देखते हुए अग्रीम जमानत न मिलने तक उसे जनपद कारागार गुरमा भेजने हेतु आदेशित किया।

## मिशन लाइफके तहत निकाली गई पर्यावरण जागरूकता रैली

**सोनभद्र।** शनिवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निगाही क्षेत्र ने मिशन लाइफ2023 के अंतर्गत पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण अनुकूल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति कार्य करने के लिए शपथ ग्रहण करने के साथ निगाही आवासीय परिसर मे घूम कर पर्यावरण के सही एवं सुरक्षित रख-रखाव के बारे मे स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और उनसे मिशन लाइफकी थीम जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार, सस्टेनेबल खाद्य प्रणाली, कचरा प्रबंधन, ई-कचरा प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली पर्यावरण एवं उसके रख रखाव से संबन्धित प्रश्न पुछे गए जिसमे 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के समापन के बाद विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी को अपने दैनिक जीवन मे सरल एवं पर्यावरण अनुकूल कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि. राकेश सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु.अ.सं. 134/23 धारा 2/3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त रामू सरोज पुत्र रामराज सरोज नि0 देवकली थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को देवकली चौराहे के पास से समय करीब 08.10 बजे गिरफ्तार किया गया। थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## करंट की चपेट में आने से बालक झुलसा

**ऊंचाहार।** मुगलपुर गांव में कूलर मे प्रवाहित हो रहे बिजली के करंट की चपेट में आने से दो वर्षीय बालक झुलस गया। परिजन आनन.फानन में उसे सीएचसी ले आएए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शनिवार की रात उक्त गांव निवासी फिरोज वेग के घर के कमरे में लगे कूलर पंखे में बिजली का करंट प्रवाहित हो रहा था। इसी बीच उसका खेलता हुआ दो वर्षीय बेटा वनुल वेग कूलर के पास जा पहुंचा। जिसे छूते ही वह बिजली के करंट की चपेट में आकर झुलस गया। आनन.फानन में परिजन सीएचसी ले गए। जहां बालक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

# दो मोटरसाइकिलों की हुई आमने सामने की टक्कर एक की हालत गंभीर

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली

**बछरावा** मोरांवा मार्ग पर समोधा गांव के पास दो मोटरसाइकिलो की आमने सामने की टक्कर हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया । रविवार दोपहर मोहनलाल खेड़ा थाना मौरावां उन्नाव के रहने वाले भानुप्रताप पुत्र रामनरेश अपनी पत्नी वा बच्चे के साथ शादी समारोह में सम्मलित होने मोटरसाइकिल द्वारा आये थे। वापस घर जाते समय ग्राम समोधा के निकट ट्रक को ओवरटेक करती हुई मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई जिसके चलते वह परिवार सहित रोड पर गिर पड़े ए दूसरे बाइक पर सवार आकाश कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी टांडा थाना बछरावां वा सनी कुमार पुत्र रामसजीवन निवासी टांडा बुरी तरह से घायल हो गये द्य मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेन्स पर दुर्घटना की सूचना दी और घायलों को बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल आकाश कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अमेठी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आज मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र अमेठी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरिए मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ाए शिक्षाविद् जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी ष्मनीषीष् जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकारध्सांसद अमेठी स्मृति जुबिन इरानी जी ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग कर युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला युवा उत्सव कार्यक्रम में मा. जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी एवं शिक्षाविद जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी ने युवाओं को संबोधित किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं युवा उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विभागों जैसे सूचना एवं प्रसारण, उद्यमिता, स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास एवं खेल आदि विभागों के



स्टाल एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए। सूचना विभाग द्वारा कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, निर्णयों से संबंधित पम्पलेट का वितरण किया गया। जिला युवा उत्सव कार्यक्रम में युवा चित्रकला प्रतियोगिता, युवा कविता लेखन प्रतियोगिता, युवा मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, युवा भाषण प्रतियोगिता, युवा संवाद तथा युवा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में विशाल सिंह, अनामिका मौर्य व संध्या, कविता प्रतियोगिता में अभिजीत त्रिपाठी, शिव भानु कृष्णा व रश्मि रागिनी, युवा भाषण प्रतियोगिता में अनुपम यादव, रूबी भारती व करुणा शंकर, युवा मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विकास शुक्लाए अमरजीत व शक्ति सिंह युवा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में राजकीय पीजी कॉलेज मुसाफिरखाना, मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज, आरआरपीजी कॉलेज अमेठी, प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए डीसी एनआरएलएम सुनील तिवारी, मनीषी महिला पीजी कॉलेज के संस्थापक डॉ. जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी व उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र डॉ आराधना राज द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र आराधना राज ने बताया कि जिला युवा उत्सव कार्यक्रम में युवा चित्रकला प्रतियोगिता, युवा कविता लेखन प्रतियोगिता, युवा मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रु 1000, द्वितीय स्थान पाने वाले को रुपए 750 तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रु 500, युवा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रु 5000, द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रुपए 2000 तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रु 1000, युवा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रु 5000, द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रुपए 2500 तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रुपए 1250 का पुरस्कार दिया गया। जिला युवा उत्सव कार्यक्रम में उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र डॉ आराधना राज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक, डीसी मनरेगा अशोक कुमार सिंह, जिला समन्वयक आईटीआई अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीए नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर तथा युवा प्रतिभागी मौजूद रहे।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष और 38 वार्डों के सभासदों का अभिनंदन समारोह

**मीरजापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मीरजापुर सेवाकेंद्र प्रभु उपहार भवन में नगरपालिका के नव निर्वाचित अध्यक्ष और 38 वार्डों के सभासदों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी सहित सभी 38 सभासद उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ परमात्मा की स्मृति से हुआ। फिर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ हुआ। कु आन्या ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बी के राजकन्या बहन ने सभी का भावपूर्ण स्वागत किया। इसके पश्चात संस्था निर्देशिका बी के बिंदू दीदी जी और ब्रह्मकुमारी बहनों ने अध्यक्ष और सभासदों को तिलक लगाकर अंगवस्त्र पहनाकरएपुष्प माला पहनाकर और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। सभी को राजयोग का अभ्यास भी कराया गया तथा विधिवत नैतिक शपथ भी दिलाई गई। मुख्य अतिथि 39 वीं वाहिनी चब् के सेनाध्यक्ष श्री विकास कुमार वैद्य ने ब्रह्मकुमारी संस्था से अपने पिछले सालों के संपर्क का जिक्र करते हुए कहा कि यह संस्था पूरे विश्व में भारतीय अध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का महान कार्य कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने संस्था की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सभी यहां आकर अपार शांति का अनुभव कर रहे हैं। हम सभी को एक परिवार की तरह रहकर मीरजापुर की महान जनता की सेवा करनी है। संस्था केंद्र निर्देशिका बी के बिंदू दीदी जी ने सभी को अपने जीवन को आध्यात्मिकता से संपन्न करने का आह्वान किया।सभी को ईश्वरीय सौगात और प्रभु प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बी के प्रदीप भाई ने किया। बी के पंकज भाई और बी के वीरेंद्र भाई ने कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में मुख्य भूमिका निभाई।

# आदर्श समाज की स्थापना में योग की भूमिका महत्वपूर्णः प्रदीप पांडेय

## ● मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण कार्य के लिए वरिष्ठ नागरिक मोतीलाल एवं कमल को सम्मानित किया गया

**रायबरेली।** किसी भी समाज के उत्थान में स्वस्थ व सुसंस्कारित परिवार की अहम भूमिका होती है। स्वस्थ एवं सुसंस्कारित परिवार से ही एक आदर्श समाज की स्थापना होती है। आदर्श समाज की स्थापना में योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। योग मनुष्य को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है और एक स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की रायबरेली इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय ने शहीद स्मारक के पास स्थित राना बेनी माधव पार्क में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा विगत 3 वर्षों से प्रतिदिन नि:शुल्क दैनिक योग कार्यक्रम में साधकों के बीच व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्मारक समिति के संयोजक गौरव अवस्थी ने व्यक्त किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गौरव अवस्थी ने कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ श्रीप्रकाश मिश्र की प्रेरणा से रायबरेली में नि:शुल्क योग कार्यक्रम से नगर के बहुत से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। वास्तव में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा समाज के असहाय एवं निराश्रित बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जा रहा नि:स्वार्थ भाव से कार्य मानवता की महान सेवा है। कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन की रायबरेली इकाई के द्वारा संचालित कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक बृजमोहन ने बहुत कुशलतापूर्वक सभी साधकों को योग क्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा शहीद स्मारक एवं भारत माता मंदिर के आसपास नित्य सेवा भाव से वृक्षों में पानी देने का कार्य करने एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण कार्य के लिए वरिष्ठ नागरिक मोतीलाल एवं कमल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यात्मिक साधक. रिंकू सिंह, सूरज सिंह, विजय सिंह बघेल, आरके सिंह, राजन सिंह, बृजेश कुमार सिंह, वासुदेव, कुलदीप सिंह, अमित, मंजू मिश्रा, नूरजहां, शाहाना, उदय प्रताप सिंह, अलका सिंह, जोगिंदर सिंह, अतुल पांडे, रमानाथ सिंह, संतोष त्रिपाठी, वीरेंद्र द्विवेदी, टीआर शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, गिरीश कुमार, शेखर सिंह, सफीक, मनीष, आकाश, राकेश यादव, अभ्यांश, गोविंद, सुमित अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण व शहरी पत्रकारों को एक मंच पर लाने का काम कर रहा ग्रा.प. एसो.: सौरभ

## ● पत्रकारिता दिवस के रूप में मनायी गयी बाबू बालेश्वर लाल जी की 36 वीं पुण्यतिथि

**लालगंज-रायबरेली।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 36 वी पुण्यतिथि पत्रकारिता दिवस के रूप में मनायी गयी। मुख्य अतिथि बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज सेवानिवृत्त प्रोफेसर व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.ओपी सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. बीएन विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. एमडी सिंह ने पत्रकारिता के क्षेत्र में ग्रापए के कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ग्रा.प. एसोसिएशन अपने आप में एक बहुत पुराना संगठन है, यह संगठन अपने आप में एक अद्वितीय संगठन है। यह संगठन ग्रामीण अंचलों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करता है ।

नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष लालगंज राहुल सिंह भदोरिया संरक्षक ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यों व पत्रकारिता के महत्व को दर्शाते हुए संगठन के बढ़ते प्रभुत्व की सराहना की। संचालन कर रहे ग्रा.प. एसो. के जिला अध्यक्ष चंद्रेश त्रिवेदी व अध्यक्ष सौरभ कुमार ने संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के जीवनी को और बलिया से लेकर समूचे राष्ट्र में आज पत्रकारिता के सफर व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संघर्षों अपने सम्बोधन में प्रकाश डाला और कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ग्रामीण अंचल व शहरी अंचल के पत्रकारों को एक मंच पर लाने का काम करता है। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसो. के सभी पदाधिकारी वा पत्रकार शेरबहादुर सिंह, शीतला गुप्ता, धर्मेन्द्र पांडेय, सौरभ सिंह, उमेश श्रीवास्तव, रामबाबू गुप्ता, विवेक तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह सुरेश बहादुर सिंह, सौरभ सिंह ,अनुराग सोनी, शशिराज पटेल, शिवराज वर्मा , रोहित कुमार, अमित कुमार ,अभिषेक शर्मा, विजय सिंह, वीरेंद्र बाजपेई, राजेश दुबे, कमलेश अग्रहरी, अखिलेश सिंह, प्रतिनिधि योगेंद्र त्रिवेदी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## कर्नाटक नतीजा

### लोकरंजकता का खतरा

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव नतीजे विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच 'प्रतियोगी लोकरंजकता' को जन्म दे सकते हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शानदार विजय ने न केवल राष्ट्रीय राजनीति में एक नई गतिशीलता पैदा की है, बल्कि इसने आर्थिक सुधारों के भविष्य पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। वैसे भी आमतौर से आम चुनाव के पहले सुधारों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। पी.वी. नरसिम्हा राव ने अपने कार्यकाल 1991-96 के पहले तीन सालों में ऐतिहासिक उदारीकरण किया था। इसी प्रकार महान उदारवादी माने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में किसी सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू का निजीकरण नहीं किया था। कहा जाता है कि फिलहाल नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसी नए पीएसयू का निजीकरण नहीं शुरू करेगी, हालांकि सरकार आईडीबीआई बैंक, शिपिंग कार्पोरेशन, बीईएमएल व कंटेनर कार्पोरेशन आफ इंडिया-कोनकोर में विनिवेश संबंधी प्रक्रिया पर आधारित समझौतों को आगे बढ़ाती रहेगी। एक खबर में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि 'दो सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों व एक बीमा कंपनी के प्रस्तावित निजीकरण को टाल दिया गया है।' इसके कारण तलाशना कठिन नहीं है। समाजवादियों व निहित स्वार्थी तत्वों के लिए किसी निजीकरण में कमियां तलाशना बहुत आसान है। वे अक्सर इससे जुड़ी हर चीज और हर व्यक्ति की निंदा करते हैं जिसमें निजीकरण, प्रक्रिया, निजीकरण करने वाले, इसका प्रयास करने वाली सरकार तथा पीएसयू की



ब्रिकी के समर्थक अर्थशास्त्री व विशेषज्ञ शामिल हैं। वे 'निजीकरण विरोधी जिहाद' में सभी तरकीबें और फर्जी तर्क आजमाते हैं जिनमें 'रोजमर्रा खर्च के लिए घर का सोना-चांदी बेचने', 'मामूली कीमत पर राष्ट्रीय संपत्तियों की बिक्री', आदि तर्क शामिल हैं। यदि वे निजीकरण रोकने में विफल रहते हैं तो निजीकरण करने वालों को परेशान करते हैं। वाजपेयी कैबिनेट में विनिवेश मंत्री रहे अरुण शोरी निजीकरण के दशकों बाद आज भी अदालतों में मुकदमों का सामना कर रहे हैं।


उदारीकरण के 'राजनीतिक जोखिम' भी बहुत हैं या कम से कम राजनेताओं का यही विश्वास है। उदाहरणार्थ, 2004 में वाजपेयी सरकार की पराजय का कारण कुछ लोग सरकार के निजीकरण प्रयासों को बताते हैं। लेकिन तथ्य यह है कि न केवल वामपंथी झुकाव वाले बुद्धिजीवी, बल्कि संघ परिवार से जुड़े कुछ लोग भी संभवत: सरकार द्वारा किए अनेक सुधारों से संतुष्ट नहीं थे। उस समय सार्वजनिक विमर्श 'समाजवादी पूर्वाग्रहों' से अत्यधिक प्रभावित था, और कुछ सीमा तक आज भी यही स्थिति है। सबसे बुरी बात यह समझ है कि अर्थव्यवस्था में किसी को लाभ दूसरों की कीमत पर ही हो सकता है। इसलिये यदि उस समय भाजपा के दावों के अनुसार, 'इंडिया शाइनिंग' था तो भारत दु:खी रहा होगा। इस माहौल में कांग्रेस ने कहना शुरू किया, 'आम आदमी को क्या मिला।' मोदी सरकार की प्रशंसा की जानी चाहिए कि इस सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक परिवेश में भी उसने न निजीकरण को खारिज किया है और न उसकी गति धीमी की है। लेकिन 'लोकरंजकता' का खतरा असली है और यह बढ़ सकता है। कांग्रेस ने कर्नाटक में लोकरंजकता का सहारा लिया जिसके कारण राज्य के करदाताओं पर 50,000-60,000 करोड़ का भार पड़ेगा। कांग्रेस व अन्य पार्टियां और ज्यादा 'खैरातों' व 'रियायतों' की घोषणा कर सकती हैं। ऐसे में भाजपा को भी चाहे-अनचाहे 'प्रतियोगी लोकरंजकता' में उतरना पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो आर्थिक सुधारों को भयानक धक्का लगेगा।

# समझना होगा सावरकर के हिन्दुत्व को

**वीर सावरकर के अनुसार 'हिंदुत्व' एक ऐसी बृहत्तर विचारधारा है जिसमें अनेक भारतीय धर्म, भारत भूमि की भौगोलिक अवधारणा एवं एक सांस्कृतिक पहचान सम्मिलित है।**



**डॉ. विकास नौटियाल**
(लेखक, इतिहास के प्रोफेसर हैं।)



भारत में सनातन संस्कृति के अंतर्गत प्रश्न करने, प्रश्नोत्तर, शास्त्रार्थ, प्रश्नचिन्ह लगाने की परंपरा एक 'लोकतांत्रिक विमर्श' के रूप में वैदिक काल से ही देखी जा सकती है। वीर सावरकर के संबंध में उनके योगदान को लेकर उनके विरोधियों में भी यह सहमति अवश्य है कि अपने जीवन के प्रारंभिक काल में वे क्रांतिकारी आंदोलन के सूत्रधार एवं रणनीतिकार रहे। सांस्कृतिक रूप से भारत के हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास सावरकर द्वारा अपनी विचारधारा 'हिंदुत्व' के अंतर्गत किया गया। भारत के इतिहास एवं संस्कृति में भारत के सनातन ग्रंथों में भारत भूमि के लिए 'जम्मू द्वीपे भारतखंडे' शब्दावली का प्रारंभ में प्रयोग मिलता है। हिंदू शब्द का प्रयोग भौगोलिक एवं धर्म दोनों रूपों में किए जाने की पृष्ठभूमि प्राचीन काल में निर्मित होने लगी थी। मूल रूप से ऋग्वेद में सत्य के मार्ग के लिए 'सनातन' एवं कॉस्मिक व्यवस्था की नियमबद्धता, शाश्वतता के लिए 'ऋत' शब्द का प्रयोग किया गया किंतु धीरे-धीरे इस 'ऋत' जैसी नियमावली का सामाजिक जीवन में 'धर्म' के रूप में प्रयोग होने लगा। सनातन एवं ऋत की इसी संकल्पना के आधार पर प्राचीन काल में वैदिक धर्म के विस्तारित रूप को सनातन धर्म भी कहा जाने लगा एवं यही हिंदू धर्म की मूल पृष्ठभूमि बना।

सावरकर एवं उनके चिंतन में सनातन संस्कृति की अभिव्यक्ति 'हिंदुत्व' के राजनीतिक सांस्कृतिक आयाम के अंतर्गत जटिल रूप में परिभाषित हुई जो कि उनके द्वारा 'हिंदुओं की एकता' के लिए सनातन, सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति की पृष्ठभूमि में विकसित की गई। वस्तुत: 'हिंदुत्व' (हिंदूनैस) शब्दावली संस्कृत, हिंदी, मराठी से संबंधित रही है। यह शब्दावली अंग्रेजी की नहीं है। सावरकर द्वारा 'हिंदुत्व' शब्दावली का प्रयोग उनकी अंग्रेजी में लिखी गई पुस्तक हिंदुत्व: हू इज हिंदू , जिसकी रूपरेखा अंडमान की जेल के दौरान तैयार की गई थी, में 1923 में किया गया। जिस संदर्भ में सावरकर द्वारा 'हिंदुत्व' शब्द का प्रयोग किया गया इससे पूर्व में इसका प्रयोग इस संदर्भ में नहीं था। वस्तुत: 'हिंदुत्व' शब्दावली का प्रयोग हुगली के बंगाली साहित्यकार चंद्रनाथ बसु द्वारा 19वीं शताब्दी के अंतिम दशक में किया गया। वैचारिक रूप से 'हिंदू राष्ट्र' की अवधारणा 19वीं शताब्दी में ही श्रीअरबिंदो घोष के नाना राजनारायण बसु एवं उनके मित्र नवा गोपाल मित्र के विचारों में भी देखी जा सकती है। इसके उपरांत तिलक, लाला लाजपत राय, भाई परमानंद, हिंदू महासभा द्वारा भी हिंदू एवं हिंदुत्व शब्दावली का प्रयोग किया गया। किंतु सावरकर द्वारा अपने से पूर्व के इन महानुभावों से भिन्न रूप में हिंदुत्व को परिभाषित किया गया।

सावरकर ने 'हिंदुत्व' को परिभाषित करते हुए इसे हिंदू धर्म से पृथक एवं एक अत्यंत वृहत अवधारणा माना। उनके अनुसार 'हिंदुत्व' एक ऐसी बृहतर विचारधारा है जिसमें अनेक भारतीय धर्म, भारत भूमि की भौगोलिक अवधारणा एवं एक सांस्कृतिक पहचान सम्मिलित है। वे 'हिंदुत्व' के अंतर्गत 'धार्मिक राष्ट्रवाद' के बजाय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर अधिक बल देते हैं। उनके अनुसार जब-जब भारत में हिंदू के साथ 'इज्म' शब्द का प्रयोग किया जाता है तो इसका संदर्भ 'हिंदू रिलिजन' के संबंध में कर दिया जाता है। किंतु 'हिंदुत्व' भारत भूमि में रहने वाले सभी भारतीयों को 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के रूप में एक कर एक संयुक्त बल के द्वारा 'हिंदू राष्ट्र' बनाता है । हिंदुत्व के आधार पर विकसित राज्य में सभी धर्मों एवं संप्रदायों को महत्व दिया जाना सुनिश्चित किया गया किंतु अल्पसंख्यकों का किसी प्रकार से तुष्टीकरण एवं रियायत प्रदान नहीं देने की बात कही गई। यह भी कहा गया की 'हिंदू राष्ट' हिंदुत्व पर आधारित राज्य का एक महत्वपूर्ण एवं प्रभु भाग होगा अन्य धर्मों के लोग हिंदुत्व के राज्य- 'हिंदू राज' के भीतर गरिमा एवं सम्मान के साथ रह सकते हैं। ऐसे धर्मों के लोगों को भारतभूमि के इस हिंदुत्व की मुख्य संस्कृति को अपनाना अधिक बेहतर माना गया।

सावरकर के अनुसार हिंदू शब्द की उत्पत्ति सिंधु शब्द से हुई है और हिंदू वे हैं जो सिंधु से लेकर समुद्र पर्यंत तक भारतीय भूमि में वास करते हैं। जिनकी 'पित्रभूमि' एवं 'पुण्यभूमि' दोनों ही भारत बताई गई। यहां 'पित्रभूमि' से उनका आशय पूर्वजों की भूमि से तथा 'पुण्यभूमि' से आशय उनके पवित्र तीर्थस्थलों से था। उनकी हिंदुत्व की संकल्पना मूलत: हिंदू धर्म नहीं थी किंतु इसने ईसाइयों एवं मुसलमानों के मन में एक संदेह अवश्य उत्पन्न कर दिया। सावरकर ने व्यक्ति विशेष के हिंदू धर्म को राष्ट्र की हिंदू संस्कृति कहकर उसे अधिक वृहत्तर एवं संस्थागत करते हुए एक सेकुलर 'हिंदुत्व' नाम से परिभाषित किया।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जिन्ना एवं अन्य अधिकांश मुस्लिम नेताओं ने सावरकर के 'हिंदुत्व' को समझने में गलती की और हो सकता है कि वे यह समझना भी न चाहते हों कि सावरकर के 'हिंदुत्व का आशय हिंदू धर्म से नहीं है।' सावरकर के बारे में पूर्वाग्रह से ग्रसित तथाकथित विद्वानों एवं आलोचकों का यह मानना रहा है कि जिन्ना से पूर्व सावरकर द्वारा 1937 में द्विराष्ट्र सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया। वर्तमान में शशि थरूर भी अपनी पुस्तक वाई एमआई ए हिंदू में लिखते हैं, 'अपनी ऐतिहासिक कसौटी में द्विराष्ट्र सिद्धांत के पहले पैरोकार सावरकर ही थे, जिन्होंने हिंदू महासभा के प्रमुख के तौर पर भारत से हिंदुओं एवं मुसलमानों को दो अलग-अलग राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का आह्वान किया था। तीन साल के उपरांत 1940 में लीग ने पृथक पाकिस्तान का प्रस्ताव पारित किया।'

जबकि वास्तव में देखा जाए तो 1937 के अधिवेशन में सावरकर द्वारा निम्नलिखित आह्वान किया गया था, 'भारत को आज एक एकात्मक और सजातीय राष्ट्र नहीं माना जा सकता है। लेकिन इसके विपरीत मुख्य रूप से दो राष्ट्र हैं हिंदू और मुस्लिम। यदि इस तरह के एक भारतीय राज्य को ध्यान में रखा जाता है, तो हिंदू संगठनवादी, हिंदू संगठन के हित में, सबसे पहले अपनी पूरी निष्ठा से इसके प्रति समर्पण करेंगे। मेरे जैसे हजारों महासभाइयों के लिए मैंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही एक भारतीय राज्य के इस आदर्श को अपने राजनीतिक लक्ष्य के रूप में निर्धारित किया है और अपने जीवन के अंत तक इसकी परिणति के लिए काम करता रहूंगा।'


इससे यह स्पष्ट होता है कि सावरकर ने हिंदुओं और मुसलमानों को एक समान राष्ट्र में मिलकर काम करने का आह्वान किया था, और उनके लिए अलग-अलग राज्यों का सुझाव नहीं दे रहे थे। उन्होंने अलगाव के खतरों की ओर भी इशारा किया था। उनके उक्त भाषण से यह स्पष्ट है कि उनके द्वारा द्विराष्ट्र सिद्धांत का प्रतिपादन स्पष्टत: नहीं किया गया। यदि वे 'द्विराष्ट्र सिद्धांत' की बात करते तो उनके 'हिंदुत्व' की अवधारणा ही खंडित हो जाती। उस काल में आलोचकों एवं उनके विरोधियों द्वारा सावरकर के 'हिंदुत्व' की ठीक से समझ न होने अथवा स्वहित होने के कारण द्विराष्ट्र सिद्धांत का ठीकरा उनके सिर पर फोड़ने का प्रयास किया गया। जिन्ना एवं अन्य मुस्लिम नेताओं का कहना था कि 1940 के लाहौर प्रस्ताव के अंतर्गत प्रस्तावित पाकिस्तान की योजना इसी की प्रतिक्रिया थी किंतु द्विराष्ट्र सिद्धांत की जड़ें 19वीं शताब्दी में अलीगढ़ आंदोलन एवं बीसवीं शताब्दी में अलीगढ़ योजना के अंतर्गत देखी जा सकती हैं। द्विराष्ट्र का सिद्धांत सावरकर की मूल 'हिंदुत्व' एवं अखंड भारत की संकल्पना से मेल ही नहीं खाता था।

सावरकर की हिंदुत्व की अवधारणा का प्रतिबिंबन 1945 के अखिल भारतीय हिंदू महासभा के 'स्वतंत्र हिंदुस्थान' के संविधान में देखा जा सकता है। सावरकर एवं हिंदू महासभा द्वारा स्वतंत्र भारत के संविधान बनने से 5 वर्ष पूर्व अखंड भारत के लिए एक नए संविधान-हिंदुस्थान मुक्त राज्य का संविधान 1944 का प्रस्ताव बनाया गया। इस नए संविधान के प्रस्ताव का मूल आधार हिंदुत्व ही था। लंबी प्रक्रिया के उपरांत बने इस संविधान में राजधर्म के रूप में किसी धर्म का उल्लेख नहीं किया गया है तथा विधि के समक्ष सभी को बराबर माना गया, जैसा कि स्वतंत्र भारत की संविधान सभा द्वारा बनाए गए संविधान में भी स्पष्टत: उल्लिखित किया गया है। सावरकर के हिंदुत्व के आलोचकों की यह मान्यता थी कि सावरकर के हिंदुत्व की संकल्पना में मुस्लिम विरोधी नीति के कारण मुसलमानों को द्वितीय दर्जे की नागरिकता प्राप्त होगी किंतु इस संविधान में न बहुसंख्यकों को विशेषाधिकार प्रदान किए गए न ही अल्पसंख्यकों के लिए किसी प्रकार की रियायतों का प्रावधान किया गया। इस संविधान में सावरकर के हिंदुत्व की विशेषताओं की स्पष्ट झलक संवैधानिक विकास की ऐतिहासिक प्रक्रिया के अंतर्गत देखी जा सकती है। इस प्रकार सावरकर के हिंदुत्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आधारित एक वृहत्तर राजनीतिक सांस्कृतिक अवधारणा मिलती है।

# ईश्वर से अंतरक्रिया का विषय है आस्था

"हमें अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग करके ईश्वर के पास जाना चाहिए, जो कई तरीकों से किया जा सकता है।"

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



हां यह ज्ञान की बात नहीं है। इंटरनेट के आगमन के साथ, भगवान के बारे में कौन नहीं जानता है? लेकिन कितने इस ज्ञान का अनुसरण करते हैं? कम से कम कहने के लिए बहुत कम। क्यों? क्योंकि विश्वास ईश्वर के साथ बातचीत से आता है। हम भगवान के पास जाते हैं और वह जवाब देते हैं, अन्यथा यह रिश्ता शुरू नहीं होता है। एक साधारण उदाहरण मदद करेगा। मेरे पड़ोस के किसी विशेष निवासी के साथ मेरी कोई बातचीत नहीं है। उस व्यक्ति के साथ मेरे संबंधों में कोई प्रगति नहीं होगी। हां, हमें ईश्वर के संपर्क में आना चाहिए, जो प्रामाणिक शास्त्रों, प्रचारकों, जिनके व्यापक अनुयायी हैं, आदि के माध्यम से हमें निर्देश देने के लिए खुद को सीमित करते हैं। हमें अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग करके ईश्वर से संपर्क करना चाहिए। और हम ऐसा कई तरीकों से कर सकते हैं जैसे भगवान से प्रार्थना करना, मंदिर जाना, भगवान के नाम का जाप करना आदि। ऐसे हर कार्य को भगवान द्वारा नोटिस किया जाता है, जो उचित प्रतिक्रिया देते हैं।

इस घटना को स्पष्ट करने के लिए मैं इस संबंध में अपना अनुभव बताता हूं। सबसे पहली चीज़ जिस पर परमेश्वर ध्यान देता है वह है हमारी कर्तव्यपरायणता। हम मनुष्यों को समय, स्थान और परिस्थिति के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह सृष्टि चल सकती है। भगवान कृष्ण चेतावनी देते हैं कि निष्क्रियता से शरीर का रखरखाव भी संभव नहीं होगा। (भगवद-गीता 3.8) भगवान उन लोगों में रुचि रखते हैं जो कर्तव्यपरायण हैं। अगली बात, जो भगवान को प्रभावित करती है वह है धर्म का पालन करना। आखिरकार, धर्म वह आधारशिला है जिस पर सृष्टि टिकी है। भगवान भी धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। (4.8)



अब ऐसे लोगों पर पैनी निगाह रखी जाती है क्योंकि ऐसे लोग अच्छे इंसान बनते हैं. रजोगुण और अंधकार के अन्य दो गुणों को प्रबल करके उनमें सतोगुण प्रधान हो जाता है। (14.10) यदि ऐसा व्यक्ति सहायता के लिए अनुरोध करता है, तो भगवान ऐसा करने के लिए तैयार हैं; बस इसके लिए ईमानदारी से प्रार्थना करनी होगी।

हम आम तौर पर दो तरह से परमेश्वर से मदद मांगते हैं। एक है किसी परेशानी से बाहर निकलना और दूसरा है किसी अच्छी नौकरी जैसी कोई सामग्री हासिल करना। परमेश्वर की प्रतिक्रिया क्या है? आइए हम एक सरल नियम को समझें- ईश्वर हमेशा न्यायी होता है; वह दूसरे की कीमत पर किसी का पक्ष नहीं ले सकता, जैसा कि नौकरी मिलने के मामले में होगा। हालाँकि, किसी बड़ी बीमारी से उबरने में किसी की मदद करने के मामले में भगवान अधिक उदार हो सकते हैं। इस मामले में भी, परमेश्वर को यह निर्धारित करना है कि बीमार व्यक्ति इस तरह के एहसान का हकदार है या नहीं और कितना। लेकिन सब कुछ कहा और किया, भगवान जवाब देता है। भगवान द्वारा कितना और कब तय किया जाता है, जैसा कि उनके द्वारा उचित पाया जाता है। मदद के लिए किसी भी अनुरोध को नज़रअंदाज़ नहीं किया जाता है; केवल मात्रा और गुणवत्ता तय की जानी है।

एक मामले में, भगवान अधिक आगामी हैं, अर्थात मार्गदर्शन करने के लिए। यदि कोई व्यक्ति ईमानदारी से कुछ अच्छा करने के लिए मार्गदर्शन की तलाश कर रहा है, तो भगवान मदद करने के लिए बहुत उत्सुक होंगे, क्योंकि हर चीज का मालिक होने के नाते, उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए कि सृष्टि के अनुकूल क्या है। क्या हम सभी को चलते रहने के लिए अच्छे लोगों की आवश्यकता नहीं है?

भगवान सही बुद्धि देते हैं, जैसा कि चिकित्सा वैज्ञानिकों के मामले में होता है। अगर कोई वास्तव में एक चिकित्सा समाधान की तलाश कर रहा है, जो लाखों लोगों की मदद कर सकता है, और इसका मकसद इसे पूरी तरह से भुनाना नहीं है, तो भगवान मदद करेंगे। आपको क्या लगता है कि अगर हमें फैसला करना है तो हम क्या करेंगे? ईश्वर मुझे सामान्य समस्याओं का आध्यात्मिक समाधान देते हैं जिसके बारे में मैं लिख सकता हूँ। कोई इसे अहसास कह सकता है क्योंकि यह वास्तव में मुझे व्यक्तिगत रूप से मदद करता है। किसी भी अन्य एहसान से अधिक जो विश्वास को मजबूत करता है वह शांति है, जिसे हम सभी जानते हैं कि हर कोई चाहता है, लेकिन कुछ ही इसे प्रबंधित करते हैं।

निष्कर्ष यह है कि ईश्वर को उन तरीकों से जाना चाहिए जो उन्हें प्रसन्न करते हैं, जिसके बारे में उन्होंने विस्तृत निर्देश दिए हैं। स्वामी रवि दास चमड़े का काम करते थे। उनकी कोई औपचारिक शिक्षा नहीं थी, लेकिन वे भगवान के एक महान भक्त बन गए। ज्ञान केवल एक उपकरण के रूप में सहायक होता है, यहां तक कि आध्यात्मिक भी; इसका अभ्यास किया जाना चाहिए। आध्यात्मिक गतिविधियां हमें उच्च स्तर पर ले जाती हैं। इसलिए, आइए हम आगे बढ़ते हैं और सृष्टि के मालिक से जुड़ते हैं। वह प्रतीक्षा कर रहा है और उसके पास देने के लिए बहुत कुछ है।

## आप की बात

### डॉक्टरों की कमी

**मेडिकल** की पढ़ाई के लिए नीट परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या इस वर्ष 21 लाख से अधिक थी। जबकि देश में शासकीय व प्राइवेट कॉलेज को मिलाकर एक लाख के लगभग सीटें उपलब्ध है। इनमें से भी लगभग आधी सीटें आरक्षित वर्ग की जातियों के लिए हैं। एक छात्र को नीट की परीक्षा पास करने से लेकर डॉक्टर बनने तक में अपनी जिंदगी का सर्वोत्तम भाग खर्च करना पड़ता है। सीटों की कमी के कारण मात्र पांच प्रतिशत छात्रों को ही मेडिकल की पढ़ाई का अवसर मिल पाता है। इनमें से भी प्राइवेट कॉलेज में सिर्फ अमीर वर्ग ही प्रवेश कर पता है। कई देश भारत से कम खर्चे में मेडिकल पढ़ाई करवा कर डिग्री दे देते हैं, मगर उनमें से अनेक छात्र भारतीय अस्पतालों में नियुक्ति के योग्य नहीं होते हैं। डब्लूएचओ के अनुसार प्रत्येक 1000 व्यक्ति पर कम से कम एक डॉक्टर उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन भारत 7000 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध है। इनमें से भी अधिकांश डॉक्टर निजी अस्पतालों में हैं जहां इलाज आम आदमी के बस की बात नहीं है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज की भारी कमी को तत्काल पूरा करने के लिए सरकार को अधिक धन का प्रावधान करना चाहिए। इस दिशा में प्रयास तेज होने चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### नया संसद भवन

**नया संसद भवन** अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण आकर्षक और देश को देश का गौरव बढ़ाने वाला है। इसके उद्घाटन का क्षण ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री से उद्घाटन करवाए जाने पर दर्ज की गई याचिका को निरस्त कर दिया गया है। राष्ट्रपति की गरिमा के नाम पर विपक्ष संसद भवन को उद्घाटन में भी घटिया राजनीति करने से नहीं चुका है। आज संसद भवन कोउद्घाटन की बात का विरोध करने वाला विपक्ष कल कहेगा कि 15 अगस्त के दिन भी राष्ट्रपति लाल किले से भाषण दें, प्रधानमंत्री नहीं। सभी जानते हैं कि वैधानिक रूप से राष्ट्रपति देश का प्रथम व्यक्ति है, मगर सभी यह भी जानते हैं कि संविधान की सभी शक्तियां प्रधानमंत्री व उनके मंत्रिमंडल द्वारा ही उपयोग की जाती है। राष्ट्रपति पद सर्वोच्च होते हुए भी व्यवहारिक कार्य प्रधानमंत्री और उनका मंत्रिमंडल ही चलता है। विपक्ष के इस कदम ने उसकी ही गरिमा को ठेस पहुचाई है। सैंगोल को लेकर विवाद भी नेहरू जी के जमाने की पोल खोल गया कि सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सैंगोल को संग्रहालय में नेहरू जी के छड़ी के नाम पर रखा गया।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बदहाल पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में जिस तरह से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सेना के रेंजर्स द्वारा अदालत परिसर से गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। पहली बार पाकिस्तान के इतिहास में सेना के खिलाफ तहरीके इन्साफ पार्टी के समर्थक सीधे कार्रवाई करते नज़र आए। हालांकि, दूसरे दिन ही वहां के सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को जमानत दे दी। लग रहा था इमरान ने लड़ाई का पहला अध्याय बहुत ही शान के साथ जीत लिया है। लेकिन अब पाकिस्तान तहरीके इन्साफपार्टी का अस्तित्व ही समाप्त होता दिखने लगा है। पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मज़ारी से लेकर सूचना मंत्री चौधरी फवाद हुसेन तक ने इमरान से दूरी बनाने का ऐलान कर दिया। यहाँ तक की इमरान खान के तमाम कार्यकर्ता व समर्थक भी मैदान छोड़ चुके हैं। मतलब साफ़है कि सेना ने बाज़ी अपनी तरफ पलट दी है। इमरान खान को अगर अपनी जान बचानी है तो उन्हें फौरन मुल्क से बाहर भागना होगा। लेकिन इमरान खान व बुशरा बेगम के देश छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। इस बीच बदहाल पाकिस्तान में जनता की भुखमरी खबरों से गायब है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### योगी का आदेश

**योगी आदित्यनाथ** सरकार ने धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाए गए लाउडस्पीकर को उतारने का आदेश दिया है। योगी सरकार का यह आदेश न्यायोचित है और इसको अमलीजामा पहनाने के लिए निष्पक्ष और जरूरी कार्रवाई की जानी चाहिए। आखिर भक्ति भावना के लिए शोर मचाने का तर्क समझ से परे है। कबीर साहेब ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा है कि मनुष्य के जीवन में आडंबर को कोई स्थान नही है। कांकर-पाथर जोरि के..कहने वाले कबीर साहब के मर्म को भी समझने की आवश्यकता है। सभी धर्मगुरूओं को यह बात समझ लेनी चाहिए कि इससे किसी का भला नहीं होने वाला है केवल परेशानी खड़ी होती है। इससे छात्रों, बीमारों तथा शोर-शराबे को नापसंद करने वालों को परेशानी होती है। प्रदेश सरकार ने पहले भी अवैध लाउडस्पीकर पर रोक लगाई थी। तब यह कदम कारगर साबित हुआ था। उस समय दसियों हजार अवैध लाउडस्पीकरों को धार्मिक स्थलों से हटा दिया गया था। आदेश की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए कठोरता बरतनी होगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# वीर सावरकर को दिया जाए भारत रत्न

- वीर सावरकर की 140वीं जयन्ती पर हिन्दू महासभा ने किया नमन
- राष्ट्रीय गौरव एवं विरासत का रूप प्रतिष्ठित होगा नया संसद भवन

संवाददाता। अयोध्या



**वीर** विनायक दामोदर सावरकर शक्ति के ऐसे पुंज क्रांति के नक्षत्र का चिरंतर ज्योतिपुंज के रुप में प्रतिष्ठित हैंए जिनसे एक असीम ऊर्जा ग्रहण कर बिना विचलित हुए हर हिन्दुत्ववादी अपने कर्तव्य पथ पर निरन्तर अग्रसर था हैए और हमेशा रहेगा। उक्त बातें हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पाण्डेय ने वीर सावरकर की 1140वीं जयन्ती के अवसर पर लक्ष्मण घाट स्थित नया मंदिर शीश महल पर मल्यापर्ण करते हुए कहीए श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि वीर सावरकर की जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर नए संसद भवन का अपने आप में न सिर्फ आप भूतपूर्व है बल्कि यह राष्ट्रीय गौरव और विरासत के रूप में भी प्रतिष्ठित होगाए कांग्रेस ने जिस तरह समय.समय पर वीर क्रांतिकारियाँ बलिदानियों का अपमान किया है उसी का भयावह परिणाम आज उसे ही प्राप्त हो रहा है कांग्रेस की दूषित मानसिकता उसे धीरे.धीरे भारत से मुक्त कर रही हैए कांग्रेस द्वारा अनेक अवसरों पर सावरकर के चरित्र हनन का प्रयास किया गया । श्री पांडे ने यह भी कहा कि जिस तरह नई संसद भवन के उद्घाटन और सैंगोल प्रक्रिया का विरोध कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा किया जा रहा है वह अपने आप में बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक हैए हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि सावरकर एक असाधारण योद्धाए महान साहित्यकारए वक्ताए विद्वानए लेखक समाज सुधारक और एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित हैए 1992 के कारसेवक रहे रवि शंकर पांडेय ने कहा कि सावरकर का व्यक्तित्व और कृतित्व अनेक आयामों को समेटे हुए थाए उस स्तर तक विरले ही पहुंच पाते हैंएआज के युवाओं से उनकी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर हिंदू महासभा द्वारा प्रधानमंत्री से यह मांग की गई कि सावरकर को शीघ्र अति शीघ्र भारत रत्न एवं उनके चित्र भारतीय मुद्रा पर अंकित किए जाएंए जयन्ती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हीरामणि पांडेय, ओम प्रकाश मिश्रा, आनंत गिरी, हरीश चंद्र पांडेय, अनुभव पांडेय, श्वेता पांडेय, प्रियंका पांडेय, अविरल पांडेय, मोनू दास, जितेंद्र शरण आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# संसद की नई इमारत भारतीय संस्कृति और संविधान का स्वर:गणेश केसरवानी

- सैंगोल की परंपरा एक भारत श्रेष्ठ भारत स्वतंत्र भारत और संवैधानिक न्याय का प्रतीक

संवाददाता। प्रयागराज



**देश** को नए संसद की इमारत के निर्माण के लोकार्पण के अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने देशवासियों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा को निर्वहन करते हुए विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र की मंदिर का इमारत राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन भारत के नई जोश नई उमंग नई सोच नई दिशा एवं नई दृष्टि को प्रदर्शित करेगा। इस भवन में भारतीय संस्कृति की विरासत है वास्तु है कला है कौशल है और भारतीय संविधान का स्वर है। उन्होंने कहा कि यह नई इमारत सिर्फएक भवन नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की आशा और आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतिबिंब है और विश्व को भारत के दृढ़ संकल्प का संदेश देता है। कहा कि सैंगोल कि हमारी भारत की तमिल प्रांत की प्राचीन परंपरा एक भारत श्रेष्ठ भारत स्वतंत्र भारत संवैधानिक न्याय की भारत का प्रतीक है। जिसे आज प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र के मंदिर में स्थापित किया लेकिन विपक्षियों को नहीं पच रहा है क्योंकि जो लोग देश को खंड खंड किए वह लोग भारत को कैसे अखंड राष्ट्र के रूप में कैसे देख सकते हैं। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि नए संसद के लोकार्पण के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में लोकार्पण का लाइव देखा और देशवासियों को नई संसद भवन की बधाई दी। बधाई देने वालों में कुंज बिहारी मिश्र वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी प्रमोद मोदी राजू पाठक राघवेंद्र सिंहए रोहित पप्पू पांडेय मनोज कुमार कुशवाहा राजेश सोनकर शिखा रस्तोगी रीता सिंह रजत सोनकर सतीश प्रजापति अजय कुमार कमलेश कुमार आदि रहे।

# कायस्थ संस्थाओं ने निकाला कैंडल मार्च

- अयोध्या में स्कूल में सामूहिक दुष्कर्म के बाद छात्रा की हत्या का मामला

संवाददाता। प्रयागराज




**अखिल** भारतीय कायस्थ महासभा राष्ट्रीय एवं कायस्थ ट्रस्ट अंतरराष्ट्रीय संस्थान एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा अयोध्या में छात्रा अनन्या के साथ हुए दुष्कर्म के बाद छात्रा की हत्या के विरोध में आज कैंडल मार्च निकाला गया। जो सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर से प्रारंभ हुई। जिसकी अगुवाई अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह एवं अजय कुमार श्रीवास्तव ने नेतृत्व ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा की हम कायस्थ जन उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग करते हैं कि दोषी व्यक्ति को फांसी दी जाए और मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए ताकि इसका निर्णय अतिशीघ्र हो सके एवं सनबीम कॉलेज को बंद किया जाए। सपा नेता अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कॉलेज प्रबंधक गेम्स टीचर प्राचार्य के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन पर हत्या करने का मुकदमा चलाया जाए। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव कहा कि मुख्यमंत्री इस हत्याकांड में हस्तक्षेप कर दोषियों को सजा दिलाई जाए। उपस्थित जनों में नवीन सिन्हा राष्ट्रीय सचिव प्रवीण कुमार श्रीवास्तव सत्य प्रकाश श्रीवास्तव संजय लाला शोभा श्रीवास्तव संचित श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव आनंद मोहन श्रीवास्तव रंगजी श्रीवास्तव राजन श्रीवास्तव अंकिता श्रीवास्तव कमलेश कुमार श्रीवास्तव मुन्नू लाल पप्पू लाला जयंत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# पेपर मिल के टैंक में मिली महिला की लाश

- मृतक महिला की नही हो सकी शिनाख्त, हत्या की आशंका
- एसपी द्वारा की जा रही गहन जाँच

संवाददाता। संतकबीरनगर।



**खलीलाबाद** कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रैना पेपर मिल के वाटर सेफ्टलिंग टैंक से रविवार की सुबह पुलिस ने महिला की लाश बरामद किया। जनपद के पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने मौके का निरीक्षण किया। उसके बाद पुलिस घटना के जांच में जुट गई है। नेशनल हाईवे पर स्थित मंझरिया गांव के निकट रैना पेपर मिल इंडस्ट्रीज स्थित है। रविवार को मिल के प्रबंधतंत्र द्वारा पुलिस को एक सूचना दी गई। जिसमें बताया गया कि मिल से निकलने वाले वेस्टेज पानी को एक जगह इक्कट्ठा करने वाले वाटर सेफ्टलिंग टैंक में किसी महिला की लाश तैर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाई और मौके पर कोतवाली एवं मगहर चौकी की पुलिस ने पहुंच लाश को कब्जे में ले कर शिनाख्त कराने के प्रयास में शुरू कर दिया है और विधिक कार्रवाई में लग गई है। घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, एसडीएम सदर रमेश चन्द्र ने पहुंच कर निरीक्षण किया। इस सम्बंध में मिल के प्रबंधक अखिलेश गिरी ने बताया कि मिल से निकलने वाले खराब पानी को एक जगह रोका जाता है जिसकी क्षमता 5500 एमक्यू की है। वाटर सेफ्टलिंग टैंक में ईटीपी (ईफ्रूवड टिटमेंट प्लांट) लगा हुआ है। इस टैंक में मिली मृतक महिला का उनके मिल से कोई सम्बंध नहीं है। उन्होनें बताया कि सेफ्टलिंग टैंक की ओर चहारदीवारी नहीं बनी है। इसके अलावा आशंका जताते हुए कहा कि महिला की किसी अन्य जगह पर हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए मिल परिसर के वाटर सेफ्टलिंग टैंक में फेंक दिया गया होगा। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत ने बताया कि प्रथम दृष्टया देखने से अज्ञात महिला की हत्या कर उसे छिपाने के लिए पेपर मिल के सेफ्टलिंग टैंक में उसे फेंक दिया गया है। मृतक अज्ञात महिला की लाश की शिनाख्त कराया जा रहा है। इसके साथ ही घटना के सम्बंध मिल प्रबंधन से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### रोजगार और उपलब्धि के वातावरण का करेंगे निर्माण

**प्रयागराज।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड यूएसएफबीएल ने आज अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए दो नए बैंकिंग शाखाओं के उद्घाटन की घोषणा की। जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों के धर्मपुर और रंजीतपुर चिलबिला में नई शाखाएं खोली। इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य इन क्षेत्रों में ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। इन परिवर्धन के साथ यू एस एफबी एल अब देश भर में आठ सौ चालीस शाखाओं का संचालन करता है जो 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली हुई हैं। गोविंद सिंह एमडी और सीईओ उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा बैंकिंग शाखा के लांच से स्थानीय समुदाय की उद्यमशीलता की भावना का समर्थन और निर्माण करने में मदद मिलेगी। स्थानीय समुदाय को एक ऐसे विकल्प पर विचार करने का अवसर देता है जो न केवल उनके वित्तीय विश्वास के निर्माण में मदद करता है बल्कि रोजगार और उपलब्धि के वातावरण के निर्माण के लिए एक समर्थक के रूप में भी कार्य करता है। बैंकिंग शाखाएँ वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच वाले आर्थिक रूप से कमजोर या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो बैंकिंग है।

### एसपी ने किया श्रमदान, स्वच्छ वातावरण का प्रयास



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को 07.00 बजे से 08.00 बजे तक कार्यालय पुलिस अधीक्षक पर मिशन लाईन लाईफस्टाइल फार इनवायरमेन्ट अभियान के अन्तर्गत श्रमदान करते हुए साफ सफाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक के समस्त कार्यालयों के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ श्रमदान करते हुए परिसर की साफसफाई की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बनी वरदान

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटियों के लिए वरदान है। इस योजना के तहत अब बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक सरकार द्वारा छः चरणों में 15 हजार की धनराशि दी जायेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करना, बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता करना, बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिये प्रोत्साहित करने में यह योजना अत्यन्त कारगर साबित होगी। उन्होने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिये स्थायी निवास प्रमाण पत्र के साथ आधार के रुप में एक आई0डी0 देनी होगी। लाभार्थी की वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक होनी चाहिये। दो बच्चों से अधिक होने पर इस योजना का लाभ नहीं होगा। खास बात यह है कि किसी महिला के दूसरे प्रसव से जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी संतान के रुप में लड़की को लाभ मिल सकेगा। यही नहीं अगर पहले प्रसव से बालिका है तो दूसरे प्रसव से दो जुड़वा बेटियों के जन्म पर तीनों को लाभ दिये जाने का प्रावधान किया गया है। पहले चरण में जन्म पर दो हजार रुपये, दूसरे चरण एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर एक हजारए तीसरे चरण में कक्षा 01 में प्रवेश पर दो हजार रुपये, चौथे चरण में कक्षा 06 में बालिका के प्रवेश पर दो हजार रुपये, पॉचवें चरण में कक्षा 09 में प्रवेश के बाद तीन हजार रुपये, तथा छठे और अन्तिम चरणमें 12वीं उत्तीर्ण कर स्नातक व दो वर्षीय डिप्लोमा में प्रवेश पर 05 हजार की धनराशि मिलेगी। लाभार्थी को धनराशि उनके खातों में ऑनलाइन भेजी जायेगी। इसके लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने ये भी बताया है कि आवेदन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो कार्यालय दिवस में जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

### सतगुरु के बिना ब्रम्ह्ज्ञान की प्राप्ति नहीं: सुलेख साथी



**प्रयागराज।** संसार में हर प्रकार का ज्ञान विद्यमान है। बालक के सबसे पहले गुरु उसके माता पिता होते है। विज्ञान तकनीकी डाक्टरी आदि की पढ़ाई और प्रैक्टिकल तजुर्बे इन्सान कुशल शिक्षकों की देख रेख में प्राप्त करता है लेकिन परमात्मा की प्राप्ति या ब्राह्मज्ञान जो संसार का सबसे सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है जिसे तत्वज्ञानी अर्थात पूर्ण सद्गुरु के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उक्त बातें बैरहना स्थित निरंकारी सत्संग भवन परिसर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में दिल्ली के केंद्रीय प्रचारक निरंकारी संत सुलेख साथी कहीं। उन्होंने कहा कि परमात्मा केवल अपने यत्न से प्राप्त नहीं हो सकता। प्रभु प्राप्ति का आनन्द जब भी मिलता है तो पूर्ण सद्गुरु की कृपा से संगति से ही मिलता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे तेल और बाती होने के बावजूद दीपक को जलते हुवे दीपक का सम्पर्क चाहिए। वैसे ही सद्गुरु जलते हुवे दीपक के समान होता है। सद्गुरु का ज्ञान चक्षु खुला हुआ है। सद्गुरु के बिना शिष्य का परमात्मा के दर्शन वाला ज्ञान चक्षु नहीं खुल सकता। उन्होंने कहा कि पूर्ण सद्गुरु परम पुनीत होता है। जहाँ भी उसके निर्मल चरण पड़ते हैं वहां का सारा परिवेश निर्मल हो जाता है। संसार के सभी लोगो को लोक लाज और अहंकार त्यागकर पूर्ण सद्गुरु की शरण प्राप्त करना चाहिए। जिस जीव को सद्गुरु की शरण मिल जाती है। उसकी जन्म जन्म की भटकन समाप्त हो जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रयागराज नगर निगम के महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने निरंकारी मिशन द्वारा समाज में दिये जा रहे योगदान जैसे रक्तदान सफाई अभियान स्वच्छता अभियान वृक्षारोपण बाढ़ राहत इत्यादि अनेकों अनेक कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और इनसे प्रेरणा लेते हुवे महापौर के रूप में बेहतर सेवाएं करने की कामना साध संगत से की।

### टाण्डा से 80 हज यात्रियों का जत्था रवाना

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** पवित्र हज यात्रा 2023 के लिए आज टाण्डा से 80 हज यात्रियों का जत्था नगर की प्रसिद्ध दरगाह हजरत मौलाना हक्कानी शाह तलवापार से रवाना हुआ।जो हज हाउस लखनऊ पहुंचेगा जिनकी कल दिन में चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से सीधी फ़्लाइट मदीना के लिए है। नगर के विभिन मोहल्लों से नात पाक पढ़ती अंजुमनों के साथ मोहल्ले वासियों की भीड़ के साथ सभी हाजी दरगाह तलवापार पहुंची जहां से दरगाह पर फातेहा पढ़कर सभी हाजी लखनऊ के लिए रवाना हुए ।इस अवसर पर मदरसा मंजरे हक़ में यात्रा पर जाने वाले सभी हाजियों का स्वागत मदरसा कमेटी द्वारा किया गया और उनके जलपान की व्यवस्था की गयी थी।मदरसा में एक विशेष दुआ खानी का आयोजन किया गया जिसमें मदरसा के शेखुल हदीस मौलाना शाकिर अली व मौलाना शहबाज ने यात्रियों के हज यात्रा सकुशल सम्पन्न होने व हज की कबूलियत की दुआ की । इस अवसर पर मदरसा प्रबन्धक हाजी अशफ़ाक़ अहमद व सीक्रेटरी हाजी शमीम अहमद व मदरसा कमेटी के लोगों ने स्वागत किया।आज हज यात्रा पर जाने वाले में कृषि विकास उधोग मुबारक पुर के प्रोपराइटर हाजी मो0 जावेद मास्टर शमशीर अहमद सहित कुल महिला पुरुष मिलाकर 80 लोग टाण्डा से रवाना हुए जिसमे 29 यात्री मोहल्ला मुबारकपुर के शामिल रहे। पूरे जनपद से इस बार कुल 321 लोग हज यात्रा पर जायेंगें। जिनकी फ्लाइट विभिन्न तिथियों में है।

# डीएम अविनाश सिंह को मिला सम्मान

**अंबेडकर नगर।** जनपद अंबेडकर नगर के मौजूदा जिलाधिकारी अविनाश सिंह को नगर निगम गोरखपुर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में योगदान के लिए नेशनल क्लाइमेट कांक्लेव. 2023 में सम्मान मिला है। मौजूदा जिलाधिकारी अविनाश सिंह पूर्व में नगर आयुक्त गोरखपुर मंडल में कार्यरत थे उस दौरान वायु प्रदूषण के मामले में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में गोरखपुर महानगर नान अटेनमेंट सिटी में शामिल किया गया था। गोरखपुर महानगर की वायु गुणवत्ता लगातार पांच साल से खराब मिली थी। इसके बाद इसे राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। इसके उपरांत शासन से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग करते हुए अविनाश सिंह ने निर्धारित 42 बिंदुओं पर काम किया । उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करते हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत महानगर गोरखपुर में वायु प्रदूषण को कम करने में सफलता प्राप्त की।

# ओवर स्पीड वाहनों की विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई

- उनका चालान काटे जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें : एडीएम

संवाददाता। अंबेडकर नगर



**डीएम** अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से जन सामान्य को यातायात नियमों का अधिक से अधिक पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सभी वाहन चालक अपने.अपने वाहन चलाते हुए शत प्रतिशत रुप से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे तो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ.साथ सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में भी कमी आ सकेगी ।जिलाधिकारी ने बैठक में समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में प्रदूषण जांच केन्द्रों का औचक निरीक्षण समय.समय पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया जाएए साथ ही जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट के सम्बन्ध में निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में ब्लैक स्पॉटो का निस्तारण कार्य समय रहते पूर्ण करने की कार्यवाही अमल में लायी जाए। उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंगए ओवरस्पीड करने वाले वाहनों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए उनके चालान काटे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जनपद की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके और किसी के भी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन न किया जा सके। समीक्षा में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आह्वान करते हुए कहा कि जनपद में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सड़क सुरक्षा को बहुत ही गहनता के साथ सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्यक्रम सुनिश्चित कराए जाएं ताकि जनपद के सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूक बन सके। बैठक के दौरान डीएम द्वारा ड्राइविंग टेस्टिंग के लिए तथा प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान पकड़े गए वाहनों को बंद करने के लिए डंपिंग यार्ड हेतु जमीन चिन्हित करने के लिए उप जिलाधिकारी अकबरपुर को निर्देशित किया गया ।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनए एडीएम सदानंद गुप्ता, आरटीओ, समस्त एसडीएम, आर आई विपिन तथा संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# आईएएस प्री परीक्षा केंद्रों का डीएम और डीसीपी ने किया निरीक्षण

संवाददाता। प्रयागराज



**संघ** लोकसेवा आयोग की आईएएस प्री परीक्षा रविवार को प्रयागराज में सकुशल सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री और डीसीपी नगर दीपक भूकर ने संघ लोक आयोग नई दिल्ली द्वारा रविवार को आयोजित हो रही सिविल सेवाएं प्रारम्भिक परीक्षा 2023 को लेकर विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल निर्विघ्न निष्पक्ष सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए राजकीय बालिका इंटर कालेज ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज होली क्रॉस स्कूल आर्य कन्या इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा के आयोजन के सम्बंध में दिए गए समस्त निर्देशों के अनुसार प्रत्येक कार्यवाही निर्धारित समय एवं प्रक्रिया के अनुसार ही हो के निर्देश संबंधित अधिकारियों और केन्द्र व्यवस्थापकों को दिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा की क्रियाशीलता प्रकाश पीने के पानी निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था आदि को देखा एवं जानकारी प्राप्त की। परीक्षा के दौरान डीएम ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान प्रयागराज जनपद में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

# डीएम ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**पल्स** पोलियो अभियान के अन्तर्गत जनपद के शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों को 1752 बूथों के माध्यम से पोलियो की खुराक पिलाया जा रहा है। आज प्रात: 9.30 बजे डीएम द्वारा उपकेन्द्र कुर्चा बेवाना अकबरपुर मे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया है। उक्त अवसर पर डा0 श्रीकान्त शर्मा सीएमओ, डा0 रामानन्द सिद्वार्थ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा0 आशू सिंह एसएमओ एनपीएसपी, डा अशोक कुमार अधीक्षक, सीएचसी अकबरपुर, संजय कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, पवन कुमार वर्मा बीपीएम, पारसनाथ प्रभारी कोल्डचे, आरती यादव डीएमसी यूनीसेफ विकास श्रीवास्तव वैक्सीन कोल्डचेन मैनेजर आदि के समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। आज अभियान दिवस को जनपद के 320823 बच्चों को 1752 बूथों पर पोलियों की खुराक पिलायी जायेगी। दिनॉक 29 मई से 02 जून तक 689 घर-घर भ्रमण टीम, 63 ट्रॉजिट टीम तथा 17 मोवाइल टीम द्वारा प्रत्येक घरों, ईट भट्ठों, हाट बाजारों, आदि मे बूथ दिवस पर दवा पीने से वंचित बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जायेगा। किसी कारण से दवा पीने से छूट गए बच्चों को 5 जून को बी टीम गतिविधि के दौरान पोलियो की खुराक से आच्छादित किया जायेगा । डीएम ने निर्देश दिया कि आज अभियान दिवस पर जनपद मे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक बच्चों को बूथ पर ही पोलियो की खुराक से आच्छादित कराया जाय। सभी नामित नोडल अधिकारी अपने -अपने आवंटित मे सत्तत भ्रमण करें, जिससे अभियान मे अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त किया जा सके साथ ही टीकाकरण मे आने वाली किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किया जा सके।

# बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ चलाया गया अभियान

संवाददाता। श्रावस्ती



**श्रावस्ती** बालश्रम की रोकथाम व बाल विवाह रोकने हेतु शासन द्वारा चलाया जा रहे अभियान बचपन बचाओ आंदोलन बाल विवाह व बालश्रम निषेध के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशानुसार थाना एएचटीयू टीम एनजीओ व चाइल्ड लाइन व बाल कल्याण समिति श्रावस्ती की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम की रोकथाम व बाल विवाह रोकने हेतु थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चाइल्ड लाइन द्वारा प्रेषित पत्र में सूचना दी गई की थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मरैला पोस्ट पूरे प्रसाद में एक बाल विवाह की सूचना है एएचटीयू टीम द्वारा पत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सीडब्ल्यूसी द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए परिवार जन को लड़की के बालिग ना हो जाने तक शादी ना करने की हिदायत देते हुए देते हुए लड़की को परिवार जन को सुपुर्द किया गया। अभियान के दौरान थाना एएचटीयू टीम से थाना प्रभारी उप0नि0 पंकज कुमार व का0 देवेंद्र कुमार का0 संचित शुक्ला का0 अभिषेक व महिला का0 सीमा देवी तथा बाल कल्याण समिति अध्यक्ष विश्राम पासवान व चाइल्ड लाइन से सार्जन वर्मा व सरोज कुमारी व ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से प्रेम बाबू गिरी मौजूद रहे।

# हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन मे जनपद मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुधारा अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 151/2023 धारा 323 / 324 / 504 / 506 / 302 / 120(बी) भादवि के मामले में अभियुक्त नाम पता मो0 मोवीन पुत्र गुलाम निवासी मुसरद थाना दुधारा को चुरेब फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गत 18, मई, 2023 को थाना दुधारा अंतर्गत मुसरद चौराहे पर रानू उर्फ रूदल पुत्र सोमई निषाद जो ग्राम ढोढ़ई (हरपुर) थाना कोतवाली खलीलाबाद के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया गया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी, इस संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त मो0 मोवीन उपरोक्त को रविवार को दुधारा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

# लिविंग रिलेशन में रह रही नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

● मृतका व उसके प्रेमी अलग अलग धर्मो से, मामला दर्ज



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**प्रेमी** के साथ लिविंग रिलेशन में रह रही एक नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । मृतका के परिजनों ने प्रेमी पर जहर देने का आरोप लगाया । पुलिस ने मृतिका के प्रेमी सहित द्द को हिरासत में लिया। मृतका और उसका प्रेमी अलग अलग धर्मो से है घटना के सामने आने के बाद कुछ हिन्दूवादी संघटन इसको लवजेहाद का एंगिल देते हुए सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे है ,हलाकि पुलिस दोनों को लिव(इन रिलेशन में होने की बात कह रही है। लखीमपुर जिले के एक गांव की रहने वाली नर्स करीब ड महीने से शाहजहांपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में बतौर नर्स जॉब कर रही थी। लखीमपुर के उचौलिया के रहने वाले नावेद सिद्दीकी जिले के मोहल्ला लोधीपुर में एक मोबाइल कंपनी में जॉब करता है। दोनों करीब डेढ़ साल पहले संपर्क में आए थे। इसके बाद दोनों शाहजहांपुर के लोधीपुर मोहल्ले में एक किराये के मकान में लिविंग रिलेशन में थे। शनिवार की रात नर्स की अचानक तबियत हुए प्रेमी युवक नावेद उसको लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचा। युवक ने प्रेमिका को अपनी पत्नी बताते हुए उसका नाम जोया सिद्दीकी बीइसटी में लिखवाया। उपचार के दौरान युवती ने दम तोड दिया । प्रेमी की हड़बड़ाहट को देखकर डॉक्टर ने पुलिस को सुचना दी । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नावेद से मृतका के सम्बन्ध में पूछताछ की तो मामला गंभीर निकला कथित प्रेमी की प्रीमिका दूसरे धर्म की निकली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नावेद उसके दोस्त मुस्तकीन उर्फ़ पप्पू, और फ़हाद को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम स्थल भेजा। एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया डॉक्टरों से एक युवती की संदिग्ध मौत सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने कथित पति नावेद से पूछताछ की, तब नावेद ने पूरी कहानी बता दी। उसने बताया कि युवती का असल नाम जोया नहीं है वो हिंदू धर्म से है हमदोनों लिविंग रिलेशन में थे । इधर मृतका के परिजनों ने नावेद पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने घर वालों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। लव जिहाद का मामला सुनते ही हिंदू संगठन के लोग राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। हिंदू संगठन के सदस्य राजेश अवस्थी ने कहा कि शाहजहांपुर में धर्मांतरण हो रहा है। लव जिहाद के मामले में जिला अव्वल है। पुलिस से मांग करता हूं कि आरोपी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वरना आंदोलन किया जाए।

## मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ओयल-खीरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को लेकर आज प्रदेश महामंत्री/ प्रभारी गोरखपुर क्षेत्रधिकारी परिषद सदस्य अनूप गुप्ता अपने गृह नगर ओयल मंडल के नगर शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 94ए महावीरी/ कोतवाली पर बूथ कार्यसमिति एवं बूथ की जनता जनार्दन के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, जिला मंत्री उमाराज ए मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्राए मंडल महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश गुप्ता बूथ अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा, बूथ अध्यक्ष राजेन्द्र अग्निहोत्री, मंडल महामंत्री जीतेन्द्र मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवरतन सिंह, पूर्व जिला महामंत्री अनुराग मिश्राए हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक राहुल तिवारी सनातन, मन की बात के बूथ संयोजक रानू गुप्ता, शक्ति केन्द्र संयोजक सुशील कुमार, मंडल पदाधिकारी, आईटी विभाग के जितांशु सिंह, मंडल संयोजक मनमोहन, सभासद अर्चना वर्मा, सभासद प्रतिनिधि दीपक कश्यप, पार्टी कार्यकर्ता सत्यम सिंह बूथ संख्या 82 व 85 के कार्यकर्ता बंधु तथा बूथ व नगर की देवतुल्य जनता जनार्दन उपस्थित रही।

## पीएम आवास में प्रधान की घूसखोरी का वीडियो वायरल

● वीडियो में घूसखोरी की बात करते नजर आ रहे प्रधान, आवास के नाम पर हो रही अवैध वसूली का मामला, ब्लॉक अफ़सर ने की जांच कर कार्रवाई की बात

● मिश्रिख के ज्ञानेन्द्र कुमार ने डीएम से की शिकायत, प्रधान ने वीडियो से किया इनकार, दो वर्ष पुराना बताया जा रहा वीडियो

**संवाददाता।** सीतापुर

**धन** उगाही पर लगाम लगाने के तमाम दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अति महात्वाकांक्षी योजना पीएम आवास में भी प्रधानों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है। ताजा मामला यूपी के सीतापुर के मिश्रिख का है। मिश्रिख की ग्राम पंचायत दशरथपुर फुलवारी के रहने वाले ज्ञानेन्द्र कुमार पुत्र बनवारी लाल ने डीएम अनुज कुमार को भेजे गये शिकायती पत्र में प्रधान रामपाल पर पीएम आवास में रिश्वत लेने का आरोप जड़ते हुए वीडियो क्लिप भेजी है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में धन उगाही की बात साफ तौर सुनी जा सकती है। वायरल वीडियो में ग्राम प्रधान साफकहते नजर आ रहे हैं कि ब्लाक मिश्रिख में आवास जियो टैग का 500 रूपए तथा 2000 प्रति आवास में लेते हैं बाकी सचिव को देना पड़ता है। प्रधान यह भी कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मकान पक्का बना हो या कच्चा बना हो पैसा दो और आवास बनवाओ। वही ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया प्रधान व सचिव को पैसे मिलने पर पात्र को अपात्र ,अपात्र को पात्र बना दिया जाता है अगर ग्राम पंचायत की जांच की जाए तो सारा मामला सामने खुद आ जाएगा। वही जब प्रधान रामपाल से वायरल वीडियो के बारे में बात की गई तो उन्होंने अपना वायरल वीडियो मानने से इनकार कर दिया ब्लॉक मिश्रिख के खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो दो वर्ष पुराना है जानकारी मिली है जांचकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# जनता अब अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री चाहती है

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**सपा** में महिला सभा की प्रदेशाध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंची। जिलाध्यक्ष तनवीर खां समेत तमाम सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उसके बाद पदाधिकारियों के साथ प्रदेशाध्यक्ष ने महिला संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। संसद भवन के उद्घाटन के सवाल पर कहा कि सिर्फ तानाशाही चल रही है। विधानसभा, नगर पालिका, नगर पंचायत और बूथ स्तर पर महिला संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। इसके लिए पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की जा रही है। जिस तरह से भाजपा ने चुनाव में धांधली की है। उत्तर प्रदेश की जनता समझ चुकी है, जनता अब अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। मौजूदा सरकार हर तरह से चुनाव जीतना चाहती है। उत्तर प्रदेश में किस तरह से महंगाई बढ़ रही है, लोग बेरोजगार हो गए हैं। हर वर्ग और हर तबके के लोग बहुत परेशान हैं। बेरोजगारों को रोजगार देने, महंगाई को कम करने पर सरकार का कोई फोकस नहीं है। जिस तरह से प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। इसको रोकने के लिए उनके पास कोई रूट मैप नहीं है। सत्ता में बने रहना इनकी प्राथमिकता है। इनको इस बात से मतलब नहीं है कि जनता में खुशहाली कैसे लाई जाए। सांसद भवन के उद्घाटन पर सपा की महिला सभा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ तानाशाही चल रही है। वो अपने ही लोगों को आगे नहीं आने देना चाहते हैं। विपक्ष के लोगों को कैसे आगे आने देंगे। प्रदेश की 25 करोड़ आबादी में आधी आबादी महिलाओं की है। बच्चे जितनी भी पढ़ाई कर लें, लेकिन उनको नौकरी नहीं मिल पा रही है। गरीबों की संख्या बढ़ रही है, लोगों की आय नहीं बढ़ रही और महंगाई बढ़ रही है। सरकारी सेक्टरों को बेचा जा रहा है। सिर्फ मनमानी की जा रही है। सरकारी विभाग के कर्मचारी परेशान हैं। पेंशन वाले इस उम्मीद में थे कि उनकी पेंशन बहाली होगी। ये सरकार तो जुमलेबाजी वाली सरकार है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली ये सरकार है, लेकिन आज भी स्कूलों में बेटी की हत्या की जा रही है, लेकिन सरकार उसमें लीपापोती में लगी है। प्रदेश के हर कोने में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। सपा सरकार में 1090 की एक योजना लाई गई थी। उसको भी इन लोगों ने तहस-नहस कर दिया। जुमलेबाजी की बातें कर देश को गुमराह किया जा रहा है। सिर्फ हिंदू-मुस्लिम और जाति के आधार पर बांटा जा रहा है। उत्तर प्रदेश को गर्त में ले जाया जा रहा है। सपा सरकार आते ही प्रदेश को गुलामी की तरफ जाने से रोका जाएगा।

## डोर फाउंडेशन द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन

**सीतापुर।** सीतापुर डोर फ़उंडेशन के प्रदेश महिला कार्यकारणी पदाधिकारियों की तरफ से आयोजित सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष महिला पूनम मिश्रा व प्रदेश उपाध्यक्ष शिव बालक त्रिवेदी ने बजरंगबली व राम दरबार की पूजा आराधना कर किया। स्थानीय घूरामऊ स्थित गायत्री मंदिर में सुन्दर काण्ड पाठ सुभारम्भ में उनको भोग अर्पित किया, और इसके बाद ढोलक व मंजीरा के धुन के साथ सुंदरकांड का पाठ शुरू हुआ। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, रत्नेश द्विवेदी, आकाश राय, डॉ वीरेन्द्र आर्य, ममता तिवारी, भावना वैश्य, शशि सिंह, राम कुमार कटियार, विजय कुमार शुक्ल, कमलेश मेहरोत्रा, डॉ विकाश जैन, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद यादव, सुभित बाजपाई, रूबी बाजपाई, रूबी सिंह, सुनीता मिश्रा, मंजू मिश्रा, माया, बिंदु, सलोनी, प्रेम कुमारी, रोली, अमिता, शिवंशी मिश्रा, मानस मिश्रा बृजेश तिवारी, उत्कर्ष, अलोक शर्मा, उपसना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष एवं सभासद को गोला एसडीएम ने पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ.खीरी



**नगरपालिका** परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व भाजपाजिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू व सभी सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथउप जिलाधिकारी गोला रत्नाकर मिश्रा ने दिलाई। नगर पालिका परिषद के परिसर में आयोजित किए गए शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले अतिथि और समर्थकों के बैठने की पंडाल में की गई व्यवस्था से अधिक लोगों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचने के कारण बैठने को लेकर लोगों में अफरा.तफरी का माहौल बना रहा। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि गोला नगर के विकास हेतु हर संभव शासन द्वारा सहायता दिए जाने का आश्वासन दियाए एवं पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू अपने संबोधन में कहा कि ने नगर की हर समस्याओं के निदान हेतु हर संभव प्रयास करते हुए सभी की मदद करने हेतु सफल रहने का आश्वासन दिया। मंच पर मंचासीन अतिथियों में गोला विधायक अमन गिरी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद बाजपेई, विनोद मिश्रा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, एमएलसी अनूप गुप्ता, सुरजनलाल वर्मा, डां प्रीति वर्मा, धमेंद्र गिरि, अनुराग मिश्र, रामजी दीक्षित, शिक्षक प्रमोद शुक्ला, भाजपा नेता शेर अली खां, डा0 सद्दाम, परवेज उल्ला खां, दामोदर वर्माए वरिष्ठ नागरिक व पूर्व सभासद रामसेवक शुक्ला, सहित भाजपा के आला पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थकों सहित भारी संख्या में आम जनता मौजूद रही।

## क्विक न्यूज

### रेलवे सुरक्षा बल की महिला टीम की मदद से महिला ने ट्रेन में पुत्र को दिया जन्म

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल पर चलाए जा रहे ष्ऑपरेशन मातृशक्तिष् के तहत 27 मई को गाड़ी संख्या 09005 वापी-इज्जतनगर स्पेशल ट्रेन के समय करीब 13:45 बजे कासगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पहुंचने पर ट्रेन में यात्रा कर रहे भीम सिंह ने रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, कासगंज पर आकर बताया कि उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा हो रही है उसे शीघ्र मदद की जरूरत है। यात्री भीम सिंह द्वारा दी गई सूचना पर तत्काल महिला उपनिरीक्षक भारती तोमर तथा महिला कॉन्स्टेबल ममता गढ़वाल को पीड़ित महिला के पास भेजा गया तथा एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया गया। यात्री भीम सिंह अपनी गर्भवती पत्नी विनीता उम्र करीब 23 वर्ष तथा मां के साथ गाड़ी संख्या 09005 वापी-इज्जतनगर स्पेशल से पीएनआर नंबर 8503580565 पर सूरत से बरेली तक कोच संख्या -6 में सीट नंबर 47 व 55 पर यात्रा कर रहे थे। महिला उपनिरीक्षक भारती तोमर तथा महिला कॉन्स्टेबल ममता गढ़वाल द्वारा मौके पर पहुंचकर केबिन में मौजूद अन्य यात्रियों को उस केबिन से थोड़ा अलग हटाते हुए महिला का सहयोग किया गया। करीब 14: 20 बजे एम्बुलेंस स्टेशन पहुंची, तब तक महिला ने एक पुत्र को जन्म दे दिया था। तत्काल महिला व बच्चे को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अशोकनगर, कासगंज में भर्ती कराया गया जहां बच्चा एवं मां दोनों स्वस्थ हैं। उक्त ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों द्वारा एवं स्टेशन पर उपलब्ध रेल यात्रियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के उक्त प्रशंसनीय कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई।

### युगधारा फाउंडेशन द्वारा वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन

**सीतापुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य अंजू बाला चौधरी अपने एक दिवसीय कार्यक्रम में नैमिषारण्य तीर्थ पहुंची, यहां पर उन्होंने युगधारा फाउंडेशन द्वारा सूतगद्दी मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, इसमें बोलते हुए चंद्रिका प्रसाद मिश्र ने विभिन्न लेखकों की रचना पर प्रकाश डाला। डा. श्रीनिवास शुक्ल ने भी गोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान उमाशंकर शुक्ल की काव्य संग्रह काजल-काजल हुआ शहर, प्रोफेसर विश्वनाथ शुक्ल की शब्दों की तरनी लहरों पर, डा. प्रेमलता त्रिपाठी की महुआ महके भोरे और शिव मोहन सिंह की पुस्तक ताल किनारे का विमोचन अंजूबाला चौधरी ने किया। इस दौरान डॉ अमिता दुबे, डॉ उमाशंकर शुक्ल शितिकंठ, अरुणेश मिश्र, सुशील खरे, विनोद दुबे, राज कुमार यादव, संजय द्विवेदी, डॉ अनिल जैन, नूतन जैन, झंकार नाथ शुक्ल, रजनीश, राम स्वरूप साहू, रामचंद्र सहस्त्रबुद्धे, वंदना श्रीवास्तव, विनीत मिश्रा, बबलू गुप्ता, आशुतोष पांडेय, आकाश अवस्थी, सौम्या मिश्रा, रामकृष्ण सहस्त्रबुद्धे, आदित्य दिवेदी, प्रणव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**बरेली।** भास्कर हॉस्पिटल में डॉक्टर ओ पी भास्कर, डा कंचन भास्कर, प्रवीण भारद्वाज (प्रदेश उपाध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच),पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी लाखन सिंह के संरक्षण में 11 मई से 14 मई को तिरिचि तमिलनाडु में आयोजित हुई नेशनल पॉवरलिफ्टिंग प्रगियोगिता में जनपद बरेली से प्रतिभाग कर पदक जीत कर जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले पावरलिफ्टर्स में वर्षा, ताहूरा,रीता सिंह,रजत नाथ, मनीष कुमार और प्रतिभागी अमनदीप, अभिषेक, अनुराग, सुशील, संस्कार,को सम्मानित किया गया तत्पश्चात जिला पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्पत्ति से संरक्षक के पद पर डॉ ओ. पी. भास्कर , प्रवीण भारद्वाज , गंगाराम गंगवार और अध्यक्ष पद डॉ. विनोद शर्मा , उपाध्यक्ष के पद पर अशोक कुमार,सह सचिव के पद पर अनुज कुमार, पवन कुमार,कोषाध्यक्ष के पद पर अरविंद कुमार तथा सदस्य के पद पर राजन चंद्रवंशी, पंकज कुमार, संतोष दिवाकर, रमेश और कादिर भाई का चयन किया गया।



### घरेलू कलह के चलते युवक ने की आत्महत्या

**बरेली ।** पत्नी से हुए झगड़े के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बदायूं के उसावा थाना क्षेत्र के गांव सरोरा निवासी सुमेर सिंह के 32 वर्षीय बेटे वीर बहादुर की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि वीर बहादुर इन दिनों टीजीटी परीक्षा की तैयारी कर रहा था और उसका विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व ममता से हुआ था कल शाम को उसका पत्नी ममता के किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज वीर बहादुर ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तब घर के लोग उसे स्थानीय अस्पताल ले गए जहां से हालत नाजुक देखकर इलाज के लिए बरेली ले आए यहीं पर देर रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### गुड मॉर्निंग लखीमपुर खीरी अभियान में पिता-पुत्रों के निबटाए गए विवाद

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में जनपद खीरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ष्गुड मॉर्निंग लखीमपुर खीरीष् अभियान के अंतर्गत जनपद खीरी के थाना उचौलिया पुलिस द्वारा रविवार को ग्राम बंगला कॉलोनी रामपुर ग्रंथ में पहुंचकर पिता वहीद अहमद पुत्र शकरुल्लाह व उनके पुत्रों निवासीगण ग्राम बंगला कॉलोनी रामपुर ग्रंथ थाना उचौलिया जनपद खीरी के मध्य चल रहे पारिवारिक विवाद का निबटारा कराया गया। पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों को बैठाकर उनकी समस्या सुनीं और उनका निस्तारण कराया।

### संदीप महरोत्रा व सदस्यों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी नगर पालिका परिषद में नव निर्वाचित नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया व 25 सभासदो ने एक मैरिज लान मे आयोजित भव्य कार्यक्रम मे उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ एमुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद मिथलेश कुमार विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने अध्यक्ष सहित सभी सभासदो के उज्जवल भविष्य की कामना कीए अपनी चौथी पारी खेलने और अपनी जीत से उतसाहित अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कहा कि जनता ने जो चौथी बार जिम्मेदारी मुझे दी है। मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करने का काम करूंगा। इस कार्यक्रम मे भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष शरद बाजपेइ, विनोद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा मेहरोत्रा अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता, नगर अध्यक्ष शौरभ गुप्ता, शपथ लेने बाले सभासदो मे प्रमुख रूप से सुशीला वर्मा, सिराज अली, अरुण राठौर, रामसिह, रुकसाना वेगम आदि थे।



# वरिष्ठ पत्रकार वीपी सिंह का निधन

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)।



**जनपद** के वरिष्ठतम पत्रकार वीपी सिंह का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक लहर दौड़ गयी। बड़ी संख्या में पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वी पी सिंह 40 वर्षों से अधिक समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे व अपनी निष्पक्ष और दबंग लेखनी के लिए प्रसिद्ध थे। 1988 से 1995 के बीच में ग्राम सभा बेगमगंज के ग्राम प्रधान भी रहे और कुछ समय तक उन्होंने स्थानीय आईआर इंटर कालेज में बतौर गणित प्रवक्ता के रुप में अंशकालिक सेवायें दीं। फिर बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस करने लगे। वे अमृत प्रभात, नवभारत टाइम्स तथा वर्तमान में अमर उजाला से जुड़े थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही एमएलसी अशोक अग्रवाल, चेयरमैन मो रईस असांरी, पूर्व चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्री, सपा नेता राजेश यादव, आरपी यादव, कुंवर सत्येन्द्र सिंह और इंस्पेक्टर शिवगोपाल यादव समेत तमाम लोगों ने उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वी पी सिंह की बड़ी बेटी रुमांसी सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी। श्री सिंह अपने पीछे अपनी शिक्षक पत्नी संतोष कुमारी, दो पुत्रियों रुमांसी सिंह और राशि सिंह को छोड़ गये हैं। उनके निधन पर स्थानीय प्रेस क्लब पर अनुराग अस्थाना की अध्यक्षता में शोक सभा की गयी। जिसमें दो मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक सभा में डा के जी गुप्ता, वसीम अहमद सिद्दीकी, मुईज सागरी, हरिअमोल सिंह, एस एम आकिल, अरविंद त्रिपाठी, गंगाराम, प्रियदर्शी आदि कई पत्रकार मौजूद रहे।

# संविलियन विद्यालय गनेशपुर बना स्कूल आफ द वीक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**विकास** खंड लखीमपुर का संविलियन विद्यालय गनेशपुर इस हफ्ते का स्कूल आफ द वीक चुना गया। इसकी वजह विद्यालय में मौजूद अत्याधुनिक व्यवस्थाएं हैं। विद्यालय के मुख्य द्वार के अंदर आते ही चारों ओर भव्य हरियाली, विभिन्न प्रजातियों के पौधेए एलसीडी, स्मार्ट टीवी युक्त रंग-बिरंगे कक्ष। देखकर प्रतीत होता है कि हम किसी भव्य कॉन्वेंट विद्यालय के अंदर हों, लेकिन नहीं यह संविलियन विद्यालय गनेशपुर है जोकि कॉन्वेंट की तर्ज पर संचालित हो रहा है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका संध्या के प्रसास से यहां की तस्वीर बदली है। वर्ष 2015 में संध्या की तैनाती संविलियन विद्यालय में सहायक अध्यापिका पद पर हुई थी। तब यहां की हालत अत्यंत दयनीय थी। उन्होंने एक-एक अभिभावक से मिलकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

प्रभारी प्रधानाध्यापिका संध्या बताती हैं कि विद्यालय में उनकी सेवाएं 18 नवम्बर 2015 से सहायक अध्यापक के रूप में हुई। 2021 में विद्यालय के संविलियन के पश्चात विभागीय सहयोग के अलावा उन्होंने कुछ व्यक्तिगत प्रयासों से विद्यालय का कायाकल्प करने में सफलता अर्जित की और तब से ये सफर लगातार जारी है। संध्या वर्मा ने इंचार्ज प्रधानाचार्य का दायित्व संभालते ही विद्यालय में श्यामपट्ट प्रथा को विराम लगाकर कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर ग्रीन बोर्ड पर पढ़ाना शुरू किया। इस वर्ष 17 बच्चो को स्पेशल क्लास देकर नवोदय परीक्षा के लिए ट्रेंड किया है। विद्यालय में बाला मॉडल पेंटिग, टीएलएम, बाल संसद, शैक्षिणेत्तर गतिविधियां, स्मार्ट क्लासेज, लर्निंग कार्नर, लाइब्रेरी, कक्षा-कक्ष सज्जा, विद्युतीकरण, हरा-भरा कैंपस विद्यालय को अनूठा बनाता है। यहाँ एक इंचार्ज प्रधानाध्यापिका व एक सहायक अध्यापक व तीन शिक्षामित्र कार्यरत हैं। एक जिम्मेदार का कहना है कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका का प्रयास सभी शिक्षकों के लिए मिसाल बन चुका है। अन्य शिक्षकों को भी संध्या से प्रेरणा लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने के दायित्व को सिर्फ एक नौकरी समझकर नहीं बल्कि अपना कर्त्तव्य समझकर निभाया है।

## डीएम ने बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप




संवाददाता। बरेली

**डीएम** शिवाकान्त द्विवेदी एवं वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना के प्रतिनिधि अनील कुमार सक्सेना ने आज सामूहिक रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में पोलियो दिवस का फीता काट कर शुभारंभ किया । वन एवं पर्यावरण मंत्री के प्रतिनिधि अनिल कुमार सक्सेना ने वहां पर उपस्थित बच्चों की माता से कहा कि 5 वर्ष आयु तक के जो भी बच्चे हो उन्हें पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलाएं, जिससे कि आपका बच्चा पोलियो नामक खतरनाक बीमारी से बच सकेंद्य उन्होंने कहा कि सरकार पोलियो नामक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है द्य इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री के प्रतिनिधि अनिल कुमार सक्सेना एवं डीएम ने जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की ड्राफ्ट की खुराक दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बलबीर सिंह सहित सीएससी का समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।


# बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई हो: नगर आयुक्त

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष शर्मा ने बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई के सम्बंध में दिये गए निर्देशों के क्रम में सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में नाला सफाई का कार्य वृहद स्तर पर कराया गया। नाला सफाई का कार्य नगर क्षेत्र के अंटा चौराहा से बिसरात रोड, बी0एस0ए0 ऑफिस से पूराना पोस्ट मार्टम हाउस, ऑफीसर्स कॉलोनी, छरू कुआं, तारा फाटक स्कूल के पास, शहबाजनगर रोड पर बाला जी मंदिर के पास एवं अजीजगंज स्थित नालों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नाले से निकलने वाले मलवाध्सिल्ट को भी मौके पर साफ जाये, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी प्रात: कालीन नगर क्षेत्र के लोधीपुर में स्वीपिंग मशीन द्वारा किये जा रहे सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय लोधीपुर में ही स्थित नाला में गंदगी पाए जाने पर सम्बंधित को निर्देशित किया कि तत्काल नाला सफाई के कार्य को कराया जाए व नाले से निकलने वाले मलवा आदि को भी मौके पर ही साफ कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित उपस्थित रहे।

# 26 से 31 अक्टूबर तक होगा ‘जाणताराज - भारत के गौरवशाली अतीत’ का मंचन



**संवाददाता।** लखीमपुर.खीरी

**भाजपा** के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता विनोद मिश्र के प्रतिष्ठान पर दिव्य प्रेम सेवा मिशन की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विनोद मिश्र ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता सिंह पाल सिंह ने बताया कि 26 से 31 अक्टूबर तक लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक महानाट्य ष्जाणताराज.भारत के गौरवशाली अतीतष् का मंचन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मौजूद लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे। इस दौरान अवध क्षेत्र संयोजक अवध बिहारी मिश्रा, उमाशंकर मिश्र, कुमुदेश शंकर शुक्ला, अरविंद गुप्ता, हरिनाम शंकर अवस्थी, आचार्य संजय, सुरेश चंद्र वर्मा, अशोक ढल, आशू मिश्रा, लक्ष्मीकांत अवस्थी, विनोद शुक्ला, अनूप शुक्ला, पारस मौर्या, राजपाल भार्गव, कौशल किशोर शुक्ला सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए। यह जानकारी मिशन के जिला संयोजक सरोज दीक्षित ने दी।

# दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करें

● आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**संवाददाता।** बरेली

**जिला** दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री योगेश पाण्डेय ने बताया कि ष्दिव्यांगजनों को शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कारष् योजनान्तर्गत पात्र दिव्यांगजनों द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में सम्पन्न की गई शादियों के अनुदान हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की न्यूनतम दिव्यांगता 40 प्रतिशत होनी चाहिए, दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के वर के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15,000 और बधू के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20,000 एवं वर-वधू दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35,000 अनुदान निर्धारित है। कहा कि वर की आयु 21-45 वर्ष एवं वधु की आयु 18-45 वर्ष तक होनी चाहिए। दम्पत्ति आयकर दाता की श्रेणी में न हो। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की शादी-विवाह के लिए पात्रता हेतु यदि विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र उपलब्ध है, तो उसकी छायाप्रति स्वप्रमाणित कर उसे अपलोड किया जाना स्वैच्छिक होगा, दम्पत्ति का संयुक्त बैंक खाते की छायाप्रति, शादी का कार्ड, दम्पत्ति का संयुक्त फोटो, दम्पत्ति का आधार कार्ड, वर-वधू का आयु प्रमाण पत्र (हाई स्कूल का अंक प्रमाण पत्र / वोटर आईडी / आधार/ पैन कार्ड आदि), आवेदक का तहसील द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र, वर-वधू का दिव्यांगता प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत) होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन दिनांक 15 जुलाई, 2023 तक कर सकते है। उन्होंने कहा कि फॉर्म ऑनलाइन कराने के बाद प्रिंट करते हुए सभी संलग्नकों सहित आवेदन विकास भवन कमरा नम्बर 04 जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बरेली के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 29 मई, 2023



# श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को स्वच्छ और सुंदर बनाना लक्ष्य : नरेंद्र गुप्ता

● ईओ के नेतृत्व में पालिकाकर्मियों ने किया चेयरमैन का स्वागत

**संवाददाता।** चित्रकूट



**नगर** पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करने के बाद कार्यभार ग्रहण करने नगर पालिका कार्यालय पहुंच चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता का ईओ लालजी यादव के नेतृत्व में पालिका कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट का सर्वांगीण विकास योगी सरकार और उनकी प्राथमिकता है। सभासदो एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से स्वच्छ और सुंदर चित्रकूट बनाने का हर संभव प्रयास होगा। कार्यभार ग्रहण करने नगर पालिका कार्यालय पहुंचे चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता का अधिशाषी अधिकारी लालजी यादव, अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, लेखाधिकारी सुभाष गुप्ता,वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तर सिंह, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, लिपिक ज्ञान चंद्र गुप्ता, राजेंद्र राम, अशरफ खान, प्रवीण श्रीवास्तव, हसीना बेगम आदि पालिका कर्मियों ने फूल-मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया।

## वृद्ध पर जंगली रीछ ने हमला कर किया घायल

**राजापुर, चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदी कला में शौच क्रिया के लिए गए वृद्ध पर एक जंगली रीछ ने हमला बोल दिया। जिससे उसे गम्भीर चोटें आई हैं। परिजनों ने एम्बुलेन्स की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में भर्ती कराया और उपचार के बाद डॉक्टरों ने घर भेज दिया है। रीछ के हमले से पूरे ग्रामीण इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। रविवार को करीब 6 बजे करौंदी कला निवासी गेंदवा पुत्र भोंड़ेलाल (65वर्ष) पास के रामसिंह के पुरवा हार में शौच क्रिया के लिए गया हुआ था। इसी दौरान छीबों हार की ओर से आए रीछ ने अचानक हमला बोल दिया, वृद्ध ने बचाव के लिए हाथ से रोका तो वृद्ध की एक उंगली काट डाला। जिससे उसका हाथ लहूलुहान हो गया।

# अपने बच्चों को दें पोलियो मुक्त जीवन : जिलाधिकारी

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**उक्त** संदेश आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो अभियान के प्रथम बूथ दिवस का शुभारंभ करते हुए उपस्थित अभिभावक एवं अधिकारियों को दिया गया। आज दिनांक 28 मई 2023 को पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 891 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी, 353500 घरों में दिनांक 29 मई से 2 जून तक घर.घर अभियान चलाकर 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा। जनपद में कुल 284996 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जानी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा स्वयं नवजात शिशु को गोद में लेकर दो बून्द पोलियो की खुराक पिलाकर आज इस अभियान का शुभारंभ किया व बच्चों को चॉकलेट भी वितरित की। उन्होंने जनपद के समस्त अभिभावकों से अपील करते हुए जानकारी दी कि आज भारत पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त है किंतु ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में अन्य देशों से व्यक्तियों के नियमित आवागमन के कारण पोलियो के आने की संभावना बनी रहती है। जिसके दृष्टिगत भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा चिन्हित लगभग 50 जनपदों में इस अभियान को चलाया जा रहा है जिसमें से अपना जनपद एक है। इस मौके को व्यर्थ न करें व अपने बच्चों को पोलियो मुक्त करने हेतु दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलायें।

उन्होंने बताया 2 जून तक घर घर अभियान के बाद भी छूटे बच्चों को पोलियो खुराक दिनांक 5 जून, सोमवार को बी टीम अभियान के माध्यम बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा।

# वीर सावरकर की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

● गांधी के समान देश भक्त थे सावरकर-आलोक पांडेय

● सावरकर ने सामाजिक कुरीतियों, जातिगत ऊंच-नीच पर किया कड़ा प्रहार

**संवाददाता।** चित्रकूट



**मां** भारती के अमर सपूत वीर सावरकर जी की जयंती पर युवाओं ने पुष्पांजली दीपांजली कार्यक्रम आयोजित किया। वीर सावरकर जी की जयंती पर पुष्पांजली-दीपांजली कार्यक्रम के साथ वीर सावरकर जी के कृतित्व और विचारों पर विमर्श भी सम्पन्न हुआ। विमर्श पर विचार अभिव्यक्त करते हुए जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि वीर सावरकर उतने ही बड़े देशभक्त थे जितने महात्मा गांधी जी। वो उतने ही बहादुर थे जितने भगत सिंह जी। वो उतने ही दूरदर्शी थे जितने सरदार पटेल जी। वो उतने ही चतुर थे जितने चाणक्य। सावरकर पर सवाल उठाकर आप अपनी कुपढ़ता का परिचय तो दे सकते हैं मगर इससे उनकी महानता पर रत्ती भर भी आंच नहीं आती है। विमर्श को बढ़ाते हुए आलोक पाण्डेय ने आगे कहा कि वीर सावरकर जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिगत ऊंच-नीच पर जितना कड़ा प्रहार किया है। उन्होने पतित पावन मंदिर बनाकर दलितों को मंदिर प्रवेश कराया। सावरकर जी को दो जन्म का कारावास दिया गया और कालेपानी की सजा में कठोरतम यातनाएं।

## हिंदू महासभा ने मनाई वीर सावरकर की जयंती

**फतेहपुर।** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानी, हिंदू हृदय सम्राट हिंदू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सावरकर की जन्म जयंती कार्यक्रम धूमधाम से कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर आरती हवन करके हिंदू राष्ट्र दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्र कुमार पांडेय ने किया। उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर अनेक वक्ताओं ने प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए हिंदू महासभा के प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहा कि विनायक दामोदर सावरकर ने अपने जीवन के लगभग 15 वर्ष अंडमान निकोबार की जेल में कठिन या तनाव के बीच बैल की तरह कोलू खींचकर हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां बांधकर तेल निकालना उनकी दिनचर्या थी। उनका अदम्य साहस ब्रिटिश हुकूमत के दांत खट्टे कर देता था। अब तक उनको भारत में न मिलना चिंता का विषय है।

# नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की



**उरई,** जालौन। राष्ट्रीय पल्स पोलियो महा अभियान 28 मई 2023 के बूथ दिवस के अवसर पर प्रात: 9.15 पर जिला महिला चिकित्सालय उरई परिसर में स्थापित पोलियो बूथ का शुभारम्भ डा. एनडी शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 0-5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद पोलियो की पिलाकर किया गया।

इस अवसर पर डा. अवनीश कुमार सीएमएस जिला चिकित्सालय डा. सुनीता बनौधा सीएमएस, जिला महिला चिकित्सालय, डा. वीरेन्द्र सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. एसडी चौधरी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनयूएचएम स्टोर, डा. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. बजेन्द्र सिंह एसआरटीएल डब्लूएचओ डा. एसके पाल बाल रोग विशेषज्ञ, डा. सरोज बाला शर्मा महिला चिकित्सा अधिकारी, डा. संगीता दिवालिया महिला चिकित्सा अधिकारी आरपी विश्वकर्मा अपर शोध अधिकारी, डा. जितेन्द्र कुमार नोडल अधिकारी टीकाकरण नगर क्षेत्र संजीव संजीव गहोई समाज सेवी तथा राजेन्द्र बाबू लिपिक जिला महिला चिकित्सालय आदि उपस्थित रहे। सीएमओ डा. एनडी शर्मा ने अपने सम्बोधन में उपस्थित लाभार्थियों की माताओं को अपने बच्चों का समय से सम्पूर्ण टीकाकरण कराये जाने के फायदे के बारे में बताया।

# सभी को जोड़ कर सतत विकास में आगे बढ़े कोरी समाज : सुरेश कोरी



**हमीरपुर।** कोरी समाज महासंघ की बैठक स्थानीय रमाकांत कोरी की आवास में सम्पन हुई। बैठक में सबसे पहले भगवान कबीर साहेब व डा भीम भीमराव आंबेडकर बाबा साहब व वीरांगना झलकारी बाई के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर संगठन के नेता डा.सुरेश कोरी ने कहा कि सभी सदस्य समाज को जोड़ने का प्रयास करे,कोरी समाज जो उपजातियों में बंटा है वह एक साथ होकर काम करे ताकि हमारा समाज भी आगे आये।अध्यक्षता देवी दास अनुरागी व संचालन रमाकांत अनुरागी जी ने किया। डा. सुरेश ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति समाज को जागरूक करे, यदि समाज पूर्वजों को बताये मार्ग पर चलेगा तो सतत आगे बढ़ता जायेगा। बाबा साहब ने कहा है संघर्ष करो संघठित रहो और शिक्षित बनो यही इस संगठन का उद्देश्य है इस कार्यक्रम में मानसिह राजू अनुरागी भगवान दास सीताराम चन्द्रभान अनुरागी शिवभूषण रामविहारी हरिसिंह प्रदीप रामगोपाल राम बहादुर महेश प्रशाद सुशील मुकेश रमाकांत विश्नाथ रामबाबू माहेश्वरी दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष ने दिलाया नई ऊर्जा के साथ विकास का भरोसा

● सदर एसडीएम ने नव निर्वाचित पालिका अध्यक्ष और सभासदों को दिलाई शपथ

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**दूसरी** बार नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए भारी मतों से निर्वाचित हुए गिरजा चौधरी का शपथ ग्रहण समारोह बीती शाम नगर के टाउन हॉल परिसर में आयोजित किया गया इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस एवं सदर एसडीएम अभिषेक कुमार ने नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष सहित कई सभासदों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष गिरजा चौधरी ने कहा कि नगरपालिका के लिए यह उनका दूसरा कार्यकाल है और इस कार्यकाल में वह अपने पिछले अनुभवों का पूरा पूरा इस्तेमाल कर नगर के विकास को नए आयाम प्रदान करेंगे यही नहीं उन्होंने नगर वासियों को भरोसा दिलाया कि नगर के सर्वांगीण विकास में वह किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेंगे।

टाउन हॉल के मैदान में आयोजित समारोह में सर्वप्रथम नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष गिरजा चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने का रस्मो रिवाज सदर उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार ने कराया इसी क्रम में उन्होंने कई पालिका सभासदों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस अवसर पर नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष गिरजा चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह उनके लिए दूसरा शुभ अवसर है जबकि वह नगर पालिका अध्यक्ष पद पर नगर की जनता के द्वारा चुनकर भेजी गई हैं। लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अब नगर के सर्वांगीण विकास को लेकर और अधिक बढ़ जाती है।

## क्विक न्यूज

### खूनी संघर्ष में दस दिन इलाज के दौरान मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** दस दिन पूर्व हुए एक खूनी संघर्ष के मामले में गम्भीर रूप से घायल एक युवक की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गयी है। परछछ गांव निवासी हर भूषण सिंह ने पुलिस को बताया कि मुझे व मेरे भाई लाला व बालेंद्र को पड़ोसियो ने लाठी, डंडा, फरसा, तमंचे के साथ हवाई फायर करते हुए मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था। जिनको गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत चिंताजनक होने पर हर भूषण बालेंद्र को सघन इलाज हेतु चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था जिसमें हर भूषण और छोटे को इलाज में सुधार होते न देख जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने कानपुर लाला लाजपत राय हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया था जहां पर लगभग दस दिन इलाज के बाद भी सुधार नहीं हुआ और उसकी मौत हो गई। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि हेमराज, बृजेश व रामकरण के विरुद्ध धारा के तहत मामला पंजीकृत किया गया था जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मारुति वैन और ऑटो की टक्कर में दो की मौत, छह घायल

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हांसेमऊ गांव के पास रविवार को सवारियों भरे ऑटो और मारुति वैन में टक्कर हो गई है। इस जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी पुखरायां से जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया है। जबकि मृतकों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। रविवार को बरौर थाना क्षेत्र के कैलाई गांव निवासी अब्दुल सत्तर का पुत्र अफजाल ऑटो में सवारियां भरकर बरौर से पुखरायां जा रहा था। तभी हांसेमऊ गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित मारुति वैन अचानक सवारी भरे ऑटो से टकरा गई। जिसमें डुडियामऊ निवासी बदलू का पुत्र छोटे, उसकी पत्नी सरोज व पुत्री और रमेश की पत्नी रमेश अफजाल का पुत्र सैफ, प्यारे का संतोष बुरी तरह घायल हो गए हैं।

### दबंगों ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव के पत्रकार रामबहोरी केशरवानी पुत्र स्व मोहनलाल ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा कि उसकी खबरों से खफा दबंगों ने जानलेवा हमला किया है। पुलिस ने तहरीर ले ली है, अभी तक दबंगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज नहीं की। रविवार को खंडेहा गांव के पत्रकार रामबहोरी केशरवानी ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि 27 मई को दोपहर 12 बजे ईंटा-गिट्टी सप्लायर छोटू सिंह ने रास्ते में घात लगाकर गांव के राधेश्याम व भाई श्यामलाल पुत्रगण सूरजपाल आदि ने घेरकर लाठी-डंडों व कुल्हाडी से हमला बोल दिया। हमला करने वाले कह रहे थे कि जेसीबी से मिट्टी खुदवा रहे थे तो खबर क्यों छापी।

### पुलिस ने गुमशुदा बालक को 24 घंटे में किया बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में कोतवाली कर्वी पुलिस ने गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि 27 अप्रैल को कोतवाली कर्वी के बघौडा गांव के ज्ञानचंद्र शुक्ल पुत्र स्व महेश प्रसाद हालमुकाम पुरानी बाजार कर्वी ने अपने छोटे पुत्र अनन्य शुक्ला की गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली कर्वी में दी। कोतवाली पुलिस ने सर्विलांस की मदद से खोये अनन्य शुक्ल पुत्र ज्ञानचन्द्र शुक्ल को बरामद करने के प्रयास शुरु कर दिये। कोतवाली पुलिस के प्रयास से गुमशुदा अनन्य को 24 घंटे के बरामद किया।

### राधा श्याम शक्ति मन्दिर में आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी आयोजित

**फर्रुखाबाद ।** आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी राधा श्याम शक्ति मन्दिर में संपन्न नगर के लोहाई रोड स्थित राधा श्याम शक्ति मंदिर के प्रांगण में स्वर्गीय गोपीराम सफ्फड़ की स्मृति में दो दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिन आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी का आयोजन आयोजन देश के जाने-माने कवि डॉक्टर शिवओम अंबर की अध्यक्षता एवं कवि ब्रज किशोर सिंह किशोर के संचालन में हुआ। इस मौके पर कवियों ने प्रभु के चरणोंमें बैठकरअध्यात्मिक काव्य पाठ किया काव्य गोष्ठी गीतकार वरिष्ठ कवित्री डॉक्टर गरिमा पांडेय की वाणी वंदना से प्रारंभ हुई।

### कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता

**फतेहपुर।** अमौली विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़दा में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ महोत्सव में शंकराचार्य शिक्षा मंडल सम्पूर्ण भारत वर्ष द्वारा आयोजित श्रीमहा मृत्युंजय रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम में जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी एवं प्रख्यात कथा वाचक आत्मानंद सरस्वती महाराज द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं का कथा सुनने के लिए तांता लगा रहा।

# विदेशों की गाय देती दूध, भारत की गाय लेती वोट : भूपेश बघेल

● छत्तीसगढ़ में गोबर से बिजली उत्पादन कर किसानों को दी जा रही 400 यूनिट फ्री बिजली

**संवाददाता।** फतेहपुर

**छत्तीसगढ़** प्रांत के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विदेशों की गाय जहां दूध देने का काम करती है वहीं भारत की गाय महज वोट की खातिर इस्तेमाल की जाती है। उनके प्रांत में सरकार किसानों से गोबर व गौमूत्र खरीदकर कंपोजित खाद का निर्माण कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी दल एकजुट होकर तानाशाह भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। रविवार को अमौली ब्लाक के बुढ़दा ग्राम में आयोजित श्री राम कथा में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिरकत की। सर्वप्रथम जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ने उनके आगमन पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। महाराज जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों की हालत पर विशेष कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम व माता कौशल्या जी का गांव है। जिससे हम सभी भगवान रामजी और कौशिल्या माता को पूजते हैं। वह किसान हैं और गांव के रहने वाले हैं। जब भी स्कूल जाते थे तो पहले गौधाम जाते थे। विपक्ष ने बताया कि यहां पर गाय के नाम पर राजनीति होती है। हमारी सरकार दो रुपये में गोबर और चार रुपये लीटर गौमूत्र किसानों से खरीद कर कम्पोजिट खाद का निर्माण कर रही है। अब तक 28 लाख कुंटल खाद का निर्माण किया जा चुका है। गोबर से बिजली उत्पादन करके किसानों को 400 यूनिट बिजली फ्री में उपलब्ध कराई जाती है। सबसे ज्यादा किसानों को गन्ना और धान की कीमतों के उचित मूल्य दिया जाता है।

## भाजपा नेत्री ने गरीब को स्वरोजगार देकर पेश किया उदाहरण



**फतेहपुर।** पीएम मोदी की प्रेरणा से प्रेरित होकर भाजपा नेत्री ने एक गरीब को स्वरोजगार के रूप में टी-स्टाल खुलवाने का काम किया। जिसका नाम मोदी टी-स्टाल रखा गया। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश मंत्री विजय लक्ष्मी साहू ने शहर के वीआईपी रोड पर के समीप मोदी टी-स्टाल खुलवाया और उसे स्वरोजगार स्वरूप एक गरीब व्यक्ति को दे दिया। जिसका उद्घाटन रविवार को उन्होने अपने हाथों फीता काटकर किया। उदघाटन के पश्चात भाजपा नेत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने स्वरोजगार पर जोर दिया है। लोकल फार वोकल को लेकर भी अभियान चलाया जा रहा है। स्वरोजगार व लोकल फार वोकल को सार्थक करने की उनकी यह एक छोटी सी पहल है। इससे जहां गरीब को रोजगार मिला वहीं उसके परिवार के भरण-पोषण में कोई दिक्कत नहीं आयेगी।

# पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध होकर लगा ली फांसी

**फर्रुखाबाद।** पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रोजाना मारपीट होने से परेशान होकर पत्नी पिता को बुलाकर उसके साथ मायके चली गई। इससे नाराज पति ने कमरे में पंखे के कुंड से फांसी लगा ली। देर शाम कमरे से बाहर न आने पर मां ने आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजे तुड़वाए तो पुत्र का शव लटका देखकर मां रोने बिलखने लगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहगा भटासा निवासी 30 वर्षीय विकास की शादी अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतियापुर निवासी दफेदार की पुत्री अनूपा के साथ सात साल पहले हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। वह पत्नी से आए दिन मारपीट करता था। मारपीट के कारण पत्नी का गर्भपात हो गया। सुबह पिता पुत्री अनूपा को ससुराल से मायके बुला लाए। तो उसने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

# मेधा दिव्यांग शिविर में तीसरे दिन 148 दिव्यांगों को मिले उपकरण




**फर्रुखाबाद।** तीसरे दिन एस.एन. साध ट्रस्ट के सौजन्य में मेधा दिव्यांग शिविर अपने निर्धारित समय सुबह 9 बजे से मुख्य ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध की उपस्थिति में शुरू हुआ आज सुबह से ही खुशनमा मौसम होने से दिव्यांग जन सुबह से ही शिविर में पहुंचना शुरू हो गये कल की भांति दिव्यांगों ने शिविर में आकर अपना पंजीकरण करवा कर क्रम बद्ध तरीके से डॉक्टरो सें परामर्श लेना शुरू किया। इस शिविर की विशेषता ये है कि कोई भी दिव्यांग जन केवल अपना आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर आये और तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क शिविर में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सके। आज शिविर के तीसरे दिन और समापन के समय राकेश साध, चमकेश साध ने शिविर में आकर अपना अमूल्य समय व सेवा प्रदान करने पर सभी डॉक्टरों , जयपुर से आई हुई पूरी टीम और दिगी व फर्रुखाबाद की टीम का आभार ब्यक्त किया और साथ ही राकेश साध ने अगला शिविर अनुमानित अक्टूबर 2023 में लगाने की घोषणा की।

# ज्वाइंट डायरेक्टर ने पोलियो बूथ दिवस का किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में बूथ दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ज्वाइंट डायरेक्टर/पोलियो आब्जर्वर डा. वीके मिश्रा ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात 5 वर्ष तक के बच्चों को जिंदगी की दो बूंद पिलाकर अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो खुराक पिलाये जाने का आहवान किया गया। उद्घाटन के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील भारती ने उपस्थित लोगों का आहवान किया कि आज से आरंभ हो रहे पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को बूथ में लाकर पोलियो ड्राप से आच्छादित करायें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियो चरण के तहत बूथ दिवस को 1280 बूथ, 45 ट्रांजिट 39 सचल दल व 256 पर्यवेक्षक तथा घर-घर टीम दिवस में 884 घर-घर टीम 45 ट्रांजिट टीमे 39 सचल दल व 272 पर्यवेक्षक कार्यरत रहे। बूथ दिवस एवं घर-घर टीम दिवस का समय प्रात: 8 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित है। 29 मई से दो जून तक घर-घर टीम दिवस व पांच जून को बी टीम एक्टीविटी सम्पादित की जायेगी।

# चैयरमैन ने लोगों के साथ सुनी पीएम के मन की बात



**कानपुर देहात।** रूरा नगर पंचायत के नवनिर्वाचित चैयरमैन व भाजपा जिला महामंत्री रामजी गुप्ता ने कई लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 101 एपिसोड को टीवी पर सुना। इस दौरान चैयरमैन पुत्र प्रशान्त ओमर, विनय ओमर, समाजसेवी अखिलेश गुप्ता लल्ला, रामबाबू शुक्ला, गिरजेश द्विवेदी, अविनाश ओमर, प्रमोद शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे। रविवार को 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण किया गया। अत: जनपद में कई स्थानों पर भाजपाईयों ने एलईडी टीवी के माध्यम से कार्यक्रम को ध्यान से सुना। गर्व के साथ नई संसद की खूबियों को बताने के साथ देश में आत्मनिर्भर अभियान को नया मील का पत्थर बताते रहे।

# विद्युत चेकिंग में काटे कनेक्शन, दस पर एफआईआर

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**अवकाश** के दिन रविवार को विद्युत विभाग द्वारा बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया जिसमें आधा सैकड़ा विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिये गये जबकि दस लोगों के विरुद्ध विद्युत बिजीलेंस थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी। अचानक विद्युत चेकिंग अभियान से तिलक नगर, बजरिया के साथ ही मैन रोड, घंटाघर क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

विद्युत विभाग के अधिकारियों की टीम में शामिल एसडीओ ऋषभ राजपूत, सहायक अभियंता मीटर अनुपम सचान, बिजीलेंस जेई आलोक खरे, प्रभारी प्रवर्तन दल अरविंद तिवारी, जेई इसरार अहमद, उदय प्रताप के साथ कई विभागीय कर्मचारियों की टीम सबसे पहले बजरिया क्षेत्र में पहुंची पर डोर टू डोर चेकिंग अभियान चलाया इसके बाद तिलक नगर में भी यही स्थिति रही इसके बाद चेकिंग टीम मुख्य राजमार्ग होती हुयी घंटाघर तक पहुंची इस दौरान आधा सैकड़ा उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गये साथ ही दस लोगों के विरुद्ध बिजीलेंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। अचानक विद्युत चेकिंग अभियान से जहां बजरिया क्षेत्र व तिलक नगर में हड़कंप मचा रहा तो वहीं मुख्य राजमार्ग पर भी दुकानदार यह जानने में दिलचस्पी लेते देखे गये कि किन प्रतिष्ठानों के विद्युत कनेक्शन काटे गये।

## नाका, मरगायां, कठपुरवा में मनरेगा कार्यों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**कदौरा, जालौन।** रविवार को खंड विकास अधिकारी ने नाका, मरगांया और कठपुरवा में मनरेगा से कराएं जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। मजदूरों ने मजदूरी देर से मिलने की शिकायत की। बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने नाका में जलरोक बांध, बंधी बंधा आदि कार्यो को देखा। रोजगार सेवक नितेश गुप्ता को निर्देश दिए कि कार्य करने वाले श्रमिकों से नियमित संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करवाएं इच्छुक लोगों के जॉब कार्ड बनाएं। कठपुरवा गांव में चल रहे जलरोक बांध,समतलीकरण, आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम प्रधान कविता किरण व सचिव को अधूरे आवास जल्द पूर्ण कराने के लिए कहा। मरगांया गांव में मनरेगा के तहत चल रहे नाला निर्माण,बंधी,समतलीकरण का निरीक्षण किया। मजदूरों ने कहा कि उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिल पाती है।

# ग्रामीणों ने भेदभाव का आरोप लगा मुख्यमंत्री से लगायी गुहार



नालियों के बाहर फैली गंदगी



आवास न मिलने की समस्या बताती महिला

**रूरा,** कानपुर देहात। धनीरामपुर गांव के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर गांव के विकास के लिये जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों की वित्तीय अनियमितता व विकास योजनाओं में भेदभाव की जांच के लिये गुहार लगायी है। ग्रामीणों ने विकास के लिये जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाते हुये निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग के साथ वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाये जाने की मांग की है। धनीरामपुर गांव के राजेन्द्र प्रसाद, रिजवान मोहम्मद, चन्द्रप्रकाश, आशीष, मुन्शीलाल, छेदीलाल, समी, कृष्ण कुमार, बब्लू, संतोष कुमार, श्रीपाल सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री को पंजीकृत डाक से भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते दो वर्षों से धनीरामपुर गांव में विकास का कोई काम नही किया गया है गांव के लिये आवंटित योजनाओं को मजरे में स्थानान्तरित करने की साजिश जिम्मेदारों द्वारा रची गयी है। ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारों के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाने के साथ निष्पक्ष व प्रभावी जांच कर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# रूस का कीव दिवस से पहले सबसे बड़ा ड्रोन हमला

## ●यूक्रेन की राजधानी में एक की मौत

भाषा। कीव



**कीव दिवस के** आयोजन की तैयारियों के बीच रविवार तड़के यूक्रेन की राजधानी युद्ध की शुरुआत के बाद से सबसे बड़े ड्रोन हमले का शिकार हुई। हमले में कम से कम एक व्यक्ति मारा गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सेर्ही पोपको ने कहा कि रूस ने शनिवार रात ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से शहर पर सबसे बड़ा हमला किया। यह हमला पांच घंटे से अधिक समय तक जारी रहा, जिस दौरान यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणाली ने कथित तौर पर 40 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया। कीव के मेयर विटाली क्लित्सको ने बताया कि सात मंजिला गैर-आवासीय इमारत पर ड्रोन का मलबा गिरने और आग लगने से 41 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि घटना में घायल हुई 35 वर्षीय एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि शनिवार रात देशभर में शहीद ड्रोन से इतने हमले किए गए, जितने इससे पहले कभी नहीं हुए थे। उसने दावा किया कि रूसी सेना द्वारा दागे गए 54 ड्रोन में से 52 को वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। पूर्वोत्तर के खारकीव प्रांत में क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि दो अलग-अलग हमलों में 61 वर्षीय एक महिला और 60 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। कीव दिवस यूक्रेन की राजधानी का आधिकारिक स्थापना दिवस है। इस दिन को आमतौर पर संगीत कार्यक्रम, सड़कों पर मेले, प्रदर्शनियों और आतिशबाजी के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष, शहर की।,541वीं वर्षगांठ के लिए सीमित स्तर पर उत्सव की योजना बनाई गई है। सैन्य अधिकारी पोपको ने कहा, आज, दुश्मन ने अपने घातक ड्रोन की मदद से कीव के लोगों को कीव दिवस की बधाई देने का फैसला किया है। रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र के स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियों ने इल्स्की तेल रिफाइनरी की ओर दागे गए कई ड्रोन को नष्ट कर दिया। अमेरिका निर्मित पेट्रियट मिसाइल समेत पश्चिमी देशों से मिली वायु रक्षा प्रणाली के कारण कीव हमलों को नाकाम करने में सफल रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में लड़ाई के अलावा दोनों पक्ष लंबी दूरी की मिसाइल के जरिए एक-दूसरे को निशाना बना रहे हैं। पिछले साल फरवरी में रूस द्वारा हमलों की शुरुआत के बाद से नियमित अंतराल पर रूसी सीमा से सटे क्षेत्रों में ड्रोन हमले होते रहे हैं। पिछले महीने ऐसे हमलों की संख्या बढ़ गई। इस महीने के आरंभ में क्रास्नोडार में तेल रिफाइनरी पर लगातार दो दिन ड्रोन से हमले किए गए। इससे पहले, यूक्रेन ने कीव पर रूस के भीषण हवाई हमलों को नाकाम करते हुए सभी मिसाइलों को गिरा दिया था। इस बीच, निप्रोपेतोव्स्क प्रांत की क्षेत्रीय राजधानी दिनप्रो में शुक्रवार को मिसाइल हमले में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। प्रांत के गवर्नर सेरही लिसाक ने कहा कि जो तीन लोग लापता थे, उनकी मौत की पुष्टि हो गई है। इस हमले में दो बच्चों समेत 32 लोग घायल हुए थे।

## माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले भारतीय मूल के लापता पर्वतारोही का पता नहीं लग सका

**सिंगापुर।** खोज और बचाव दल 19 मई को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले भारतीय मूल के लापता पर्वतारोही का अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद पता नहीं लगा पाया है। पर्वतारोही की पत्नी ने शनिवार को इंस्टाग्राम पोस्ट में यह जानकारी दी। द स्ट्रेट टाइम्स ने पोस्ट के हवाले से लिखा कि विभिन्न पर्वतों की चोटियों पर पहुंचने पर ली गईं अपने पति श्रीनिवास सैनी दत्तात्रेय की तस्वीरें साझा करते हुए 36 वर्षीय संगीतकार सुषमा सोमा ने कहा, वह 39 वर्ष के थे और उन्होंने अपना गौरवशाली व समृद्ध जीवन पूरी निडरता और सकारात्मकता से जिया। श्रीनिवास 19 मई को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचे थे। उन्होंने इसके बाद अपनी पत्नी को एक संदेश भेजा था, जिसमें उन्होंने बताया था कि वह एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच गए हैं। उन्हें सेरेब्रल ओडेमा हुआ है ।

## क्विक न्यूज

### तुर्किए में राष्ट्रपति चुनावः एर्दोआन और प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी केलिचडारोहलू के बीच मुकाबला

**अंकारा।** तुर्किए में आम चुनाव के दूसरे दौर के लिए रविवार को मतदान संपन्न हो गया। इस बार का मतदान यह फैसला करेगा कि लंबे समय से देश की सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का निरंकुशतावादी शासन जारी रहेगा या फिर अधिक लोकतांत्रिक समाज बहाल करने का वादा करने वाले उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी कमाल केलिचडारोहलू उन्हें सत्ता से हटा देंगे। देश में 14 मई को हुए पहले दौर के मतदान के बाद किसी भी उम्मीदवार को चुनाव जीतने के लिए जरूरी बहुमत नहीं मिल पाया था। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ। तुर्किए में एग्जिट पोल नहीं होते, लेकिन पांच बजे शाम मतदान संपन्न होने के कुछ ही घंटे के अंदर प्रारंभिक परिणाम सामने आने की उम्मीद है। इस चुनाव में छह करोड़ 40 लाख से अधिक मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए पात्र थे। इस्तांबुल में अपना वोट डालने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा कि यह तुर्की के इतिहास में पहला राष्ट्रपति चुनाव है जिसमें दूसरे दौर का मतदान हो रहा है। एर्दोआन ने पहले दौर में उच्च मतदान प्रतिशत की तारीफ की और कहा कि उन्हें रविवार को फिर से बड़ी संख्या में लोगों के मतदान करने की उम्मीद है। 74 वर्षीय पूर्व नौकरशाह केलिचडारोहलू ने दूसरे दौर के मतदान को देश के भविष्य के लिहाज से एक जनमतसंग्रह के रूप में वर्णित किया। एर्दोआन पिछले 20 साल से तुर्किए की सत्ता पर काबिज है। पहले दौर के मतदान में जीत के लिए आवश्यक बहुमत से कुछ अंतर से चूक गए एर्दोआन के दूसरे दौर में जीत हासिल करने का अनुमान जताया जा रहा है। पहले चरण में एर्दोआन अपने प्रतिद्वंद्वी केलिचडारोहलू से चार प्रतिशत अंकों से आगे रहे थे। पूर्व नौकरशाह केलिचडारोहलू (74) छह दलों के गठबंधन और मध्यमार्गी-वामपंथी मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार है। उन्होंने इस चुनाव को देश के भविष्य के लिए जनमत संग्रह करार दिया है।

### सूडान के सैन्य शासक ने संयुक्त राष्ट्र से देश के राजदूत को हटाने का अनुरोध किया

**काहिरा।** सूडान के सैन्य शासक अब्देल फतेह बुरहान ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस को पत्र लिखकर संयुक्त राष्ट्र में तैनात सूडानी राजदूत वोल्कर पर्थेस को हटाने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता ने कहा कि गुतारेस ने इस पत्र पर हैरानी जताई है। पर्थेस सूडान में एक मुख्य मध्यस्थ रहे हैं। उन्होंने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने के प्रयासों और फिर पिछले महीने सैन्य प्रतिद्वंद्वियों के बीच तनाव बढ़ने के बाद शुरू हुई लड़ाई के समय मध्यस्थ अहम भूमिका निभाई। सूडान में सेना प्रमुख बुरहान के सैनिकों और जनरल मोहम्मद हमदान डगालो के नेतृत्व वाले शक्तिशाली अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच लड़ाई छिड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव को शुक्रवार को बुरहान का पत्र मिला। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, संयुक्त राष्ट्र महासचिव उन्हें मिले पत्र से स्तब्ध है। उन्हें वोल्कर पर्थेस द्वारा किए गए कार्यों पर गर्व है और वह उनमें पूर्ण विश्वास करते हैं। दुजारिक ने पत्र में लिखी बाते उजागर नहीं की। सूडान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बुरहान के पत्र में गुतारेस से पर्थेस को हटाने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें 2021 में पद पर नियुक्त किया गया था। अधिकारी के अनुसार, बुरहान ने पर्थेस पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके दृष्टिकोण ने जनरलों और लोकतंत्र समर्थक आंदोलनकारियों के बीच युद्ध से पहले हुई वार्ता में संघर्ष को भड़काने का काम किया था। उस वार्ता का उद्देश्य देश में लोकतंत्र बहाल करना था, जो अक्टूबर 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के कारण पटरी से उतर गया था।

### पाकिस्तान में पुलिस ने पंजाब प्रांत से टीटीपी के नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

**लाहौर।** पाकिस्तान की पुलिस ने रविवार को 12 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से नौ आतंकवादियो का संबंध प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) संगठन से है। ए आतंकवादी लाहौर और पंजाब प्रांत समेत देश के अन्य हिस्सों में संवेदनशील प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलो को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने पिछले सप्ताह पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 54 खुफिया-आधारित अभियान चलाए। इसके बाद, उन्होंने 12 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से नौ टीटीपी के सक्रिय सदस्य है, दो सिपाह-ए-सहाबा पाकिस्तान (एसएसपी) और एक आतंकवादी इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से जुड़ा हुआ था। सीटीडी अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी लाहौर और पंजाब प्रांत के अन्य हिस्सों में संवेदनशील प्रतिष्ठानो और धार्मिक स्थलो को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने इन आतंकवादियों के पास से चार किलोग्राम विस्फोटक, एक आत्मघाती जैकेट, एक हथगोला, आठ डेटोनेटर, बारह फुट सुरक्षा फ्यूज तार, 9.28 फुट का प्राइमा कार्ड, चार पिस्तौल, 20 गोलियां और प्रतिबंधित पर्चे बरामद किए। गौरतलब है कि हाल के समय में पाकिस्तान में टीटीपी के आतंकवादियों ने कई हमलों को अंजाम दिया है।

### दुनिया के सबसे भयानक पशु रोग से दुनियाभर में मेंढकों की आबादी हो रही है नष्ट

**न्यूकैसल।** दुनिया के सबसे भयानक पशु रोग से दुनियाभर में मेंढकों की मौत हो रही है। एक घातक कवक रोग से पिछले 40 वर्षों से दुनियाभर में मेंढकों की आबादी नष्ट हो रही है और इस वजह से 90 प्रजातियों का सफाया हो गया है। वैश्विक कोविड-19 महामारी के विपरीत, आप शायद इस पैंजूटिक के बारे मे नही जानते होगे। यह जानवरो की दुनिया मे एक महामारी की तरह है। यह दुनिया की सबसे खराब वन्यजीव बीमारी है। हाल मे जर्नल ट्रांसबाउंड्री एंड इमर्जिंग डिसीज मे प्रकाशित, एक बहुराष्ट्रीय अध्ययन ने अब इस बीमारी के सभी ज्ञात स्वरूपों का पता लगाने के लिए एक विधि विकसित की है, जो ऐम्फिबियन काइट्रिड फंगस के कारण होता है। यह सफलता व्यापक रूप से उपलब्ध इलाज की दिशा मे काम करते हुए इस बीमारी का पता लगाने और शोध करने की हमारी क्षमता को आगे बढ़ाएगी। काइट्रिडिओमाइकोसिस या काइट्रिडै के कारण 500 से अधिक मेंढक प्रजातियो की संख्या मे गिरावट आई है और ऑस्ट्रेलिया मे सात प्रजातियो सहित 90 प्रजातियो के विलुप्त होने की आशंका है। अत्यधिक मृत्यु दर और प्रभावित प्रजातियो की अधिक संख्या, स्पष्ट रूप से काइट्रिड को अब तक ज्ञात सबसे घातक पशु रोग बनाती है। काइट्रिड मेंढकों की त्वचा मे प्रजनन करके उन्हे संक्रमित करता है। एक कोशिकीय कवक एक त्वचा कोशिका मे प्रवेश करता है, और फिर जानवर की सतह पर वापस आ जाता है। त्वचा को यह नुकसान होने से मेंढक की पानी और नमक के स्तर को संतुलित करने की क्षमता प्रभावित होती है। काइट्रिड की उत्पत्ति एशिया मे हुई थी। ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे क्षेत्रो मे मेंढको के पहले काइट्रिड से प्रभावित होने का कोई इतिहास नही था जिससे वह इसका प्रतिरोध कर सके।

### अपने गठन के 27 साल बाद सबसे मुश्किल वक्त का सामना कर रही है इमरान की पार्टी

**लाहौर।** क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी अपने गठन के 27 साल बाद सबसे मुश्किल समय का सामना कर रही है। इस महीने की शुरुआत में, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों के मद्देनजर पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली मौजूदा गठबंधन सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पर पाबंदी लगाए जाने की संभावना है। सैन्य प्रतिष्ठानो द्वारा समर्थित एवं मुख्यधारा के दल--पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पाकिस्तान-फजल (जेयूआई-एफ)--चरमपंथ और हिंसा को बढ़ाने देने को लेकर इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष मे है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पहले ही संकेत दे चुके है कि सत्तारूढ़ गठबंधन इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के लिए संसद मे जल्द ही एक प्रस्ताव लाएगा। आसिफ ने पत्रकारो से कहा, संघीय सरकार के सभी गठबंधन सहयोगियों को इस मुद्दे पर एकजुट किया जाएगा। इमरान ने 25 अप्रैल 1996 को लाहार मे पार्टी का गठन किया था, जो अब तक के सबसे मुश्किल समय का सामना कर रही है। खबरों के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के 60 से अधिक नेताओ ने सैन्य प्रतिष्ठानो पर हुए हमलों का हवाला देते हुए पार्टी और खान से अलग होने की घोषणा की है। ऐसी खबरे है कि आने वाले दिनो मे पार्टी मे विभिन्न स्तरो पर नेता इस्तीफा दे देंगे। अब तक इस्तीफा देने वाले पार्टी के नेताओं में पूर्व मंत्री असद उमर, शिरीन मजारी, फवाद चौधरी और फिरदौस आशिक अवान शामिल हैं।

### वैश्विक मंच पर भारतीयता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है : सारा अली खान

**अबू धाबी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान (27) ने कहा कि भारत कई भाषाओं, भावनाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से भी एक समृद्ध देश है और कान फिल्म महोत्सव जैसे वैश्विक मंच पर इसका प्रचार करना महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) समारोह के दौरान उन्होंने इस बात का जिक्र किया। केदारनाथ , सिंबा और अतरंगी रे जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय करने वाली सारा ने इस महीने की शुरुआत में कान फिल्म महोत्सव के 76वें संस्करण में भी शिरकत की थी। सारा ने आइफा अवार्ड समारोह के दौरान पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे लगता है कि भारतीयता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। हम सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है। हमारे पास इतनी सारी भाषाएं, भावनाएं और इतनी विविधताएं है और मुझे वैश्विक मंच पर इन चीजो के बारे में बात करने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि तीन शब्द उन्हे एक व्यक्ति के रूप मे परिभाषित करते है- महिला , अभिनेत्री , तथा भारतीय और मुझे इन तीनो पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। सारा ने कहा, यहां, ऐसा बहुत कुछ है जो करना मुझे अच्छा लगेगा, चाहे वह क्षेत्रीय सिनेमा हो या विदेशी सिनेमा। हमारे देश मे ऐसी कई भाषाएं है।

### पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में हिमस्खलन से 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में शनिवार को हिमस्खलन की घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गिलगित-बाल्टिस्तान के अस्तोर जिले के शंटर टॉप इलाके में हुए हिमस्खलन में जान गंवाने वाले 10 लोगों में तीन महिलाएं शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया गया। बाद में पाकिस्तानी सेना के जवान भी बचाव अभियान में शामिल हो गए। गिलगित-बाल्टिस्तान के प्रमुख सचिव मोहिउद्दीन वानी ने हिमस्खलन की घटना की पुष्टि की और कहा कि प्रभावित क्षेत्र में बचाव दल काम कर रहे है। गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद खान ने हिमस्खलन में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को बचाव अभियान में तेजी लाने का निर्देश भी दिया।

### पाकिस्तान में 6.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में रविवार सुबह 6.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिससे दहशत फैल गई और लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने को मजबूर होना पड़ा। इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान का सीमावर्ती क्षेत्र था और यह 223 किलोमीटर की गहराई में आया, जिसके चलते इसके विनाशकारी प्रभाव नही हुए। इस्लामाबाद, पेशावर, स्वात, हरिपुर, मलकंद, एबटाबाद, बाटग्राम, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, टेक्सलिया, पिंड दादान खान और देश के कई अन्य हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नही मिली है।

### कुवैत में सड़क दुर्घटना में भारतीय प्रवासी भी शामिल

**दुबई।** कुवैत के अल खलीज अल अरबी मार्ग पर हिट एंड रन दुर्घटना में घायल हुए 15 एशियाई लोगो मे प्रवासी भारतीय भी शामिल है। एक मीडिया रिपोर्ट मे रविवार को यह जानकारी दी गई। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना शुक्रवार को कुवैत शहर मे उस वक्त हुई जब फिलिपिनो साइकिलिंग ग्रुप का एक दल खेल का अभ्यास करने के लिए इकट्ठा हुआ था और बाद मे इस दल मे भारतीय साइकिल चालक भी शामिल हुए, जैसे ही चालकों का दल मुख्य सड़क पर साइकिल चलाते हुए पहुंचा तभी एक वाहन उन्हे टक्कर मारते हुए वहां से निकल गया। रिपोर्ट मे कहा गया है, अल खलीज अल अरबी मार्ग पर हुई दुर्घटना मे एशियाई साइकिल चालकों के एक समूह को गंभीर चोटें आईं, इस दल मे भारतीय प्रवासी भी शामिल थे जो मुख्य सड़क पर साइकिल चला रहे थे। वाहन चालक, साइकिल चालकों को टक्कर मारकर नीचे गिराने के बाद तुरंत फरार हो गया। पुलिस आरोपी चालक को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कर रही है।

### ओमान के सुल्तान दो दिवसीय दौरे पर ईरान पहुंचे

**तेहरान।** ओमान के सुल्तान ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को तेहरान पहुंचे। सरकारी टेलीविजन की एक खबर के अनुसार राजधानी के सादाबाद पैलेस में रईसी ने सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद का आधिकारिक स्वागत किया। सुल्तान की यात्रा ईरानी राष्ट्रपति के आधिकारिक निमंत्रण के बाद हो रही है। यह उनकी पहली ईरान यात्रा है। ईरानी टेलीविजन ने कहा कि सुल्तान हैथम ने एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया जिसमें रक्षा विभाग, विदेश विभाग और अर्थव्यवस्था एवं निवेश मामलों के मंत्री शामिल हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना की खबर के अनुसार ईरानी राजधानी में ओमान के शासक के प्रवास के दौरान निवेश, तेल और गैस के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## कनाडा-अमेरिका सीमा पर चार भारतीयों के शव मिलने के मामले में आरोपी ने खुद को बेकसूर बताया

**ह्यूस्टन ( अमेरिका )।** फ्लोरिडा के एक व्यक्ति ने पिछले साल कनाडा-अमेरिका सीमा से कुछ ही कदम की दूरी पर भारतीय परिवार के चार सदस्यों के मृत पाए जाने से संबंधित मामले में मानव तस्करी का आरोप स्वीकार करने से इनकार कर दिया है और खुद को बेकसूर बताया है। ग्रैंड फोर्क्स हेराल्ड समाचार पत्र की खबर के अनुसार, स्टीव शैंड (48) पर जनवरी 2022 में कड़ाके की ठंड के दौरान भारत से प्रवासियों को अवैध रूप से अमेरिका लाने का आरोप है। मिनेसोटा के मजिस्ट्रेट न्यायाधीश लियो ब्रिस्बोइस ने शैंड से पूछा कि वह इन आरोपों पर क्या कहेंगे तो उसने कहा, मैं ए आरोप स्वीकार नहीं करता। शैंड को जनवरी 2022 में उत्तरी मिनेसोटा के एक सुदूर इलाके में गिरफ्तार किया गया था। कनाडा प्रेस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार मैनिटोबा में कनाडा-अमेरिका सीमा से लगभग 12 मीटर की दूरी पर रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को चार लोगों के शव मिले थे।

# पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने इमरान खान के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकराया

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान के सत्तारूढ़** गठबंधन ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बातचीत के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वार्ता आतंकवादियों से नहीं, बल्कि राजनेताओं से होती है। मीडिया की एक खबर में रविवार को यह जानकारी दी गई है।समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार सरकार ने यह भी कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान अब खुद राष्ट्रीय सुलह अध्यादेश (एनआरओ) की मांग कर रहे हैं।खान ने सरकार के साथ बातचीत करने के लिए सात सदस्ईय एक दल का गठन किया है। इसके बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।नौ मई के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद शुरू की गई कार्वाई से पीटीआई के अस्तित्व को लेकर खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद से कई प्रमुख नेता पीटीआई को छोड़ चुके हैं। पार्टी छोड़ने वाले प्रमुख नेताओं में महासचिव असद उमर, वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी और पूर्व मंत्री शिरीन मजारी शामिल हैं। अर्धसैनिक रेंजरों द्वारा खान को नौ मई को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से गिरफ्तार किए जाने के बाद हिंसक विरोध शुरू हो गया था। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खान की गिरफ्तारी के विरोध में लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 12 सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी। भीड़ ने पहली बार रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी हमला किया था। वार्ता की पेशकश पर प्रतिक्रिया देते हुए, सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ ने ट्विटर पर कहा कि बातचीत केवल राजनेताओं के साथ होती है। उन्होंने कहा, शहीदों के स्मारक जलाने और देश को आग लगाने वाले आतंकवादियों और तोड़फोड़ करने वालों के समूह से कोई बातचीत नहीं होगी। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने एक बयान में कहा, देश पर हमला करने वालों को दंडित किया जाता हैअ उनके साथ बातचीत नहीं की जाती है। मरियम ने कहा कि शहीदों के स्मारक में तोड़फोड़ करने वालों से बातचीत करना शहीदों का अपमान है। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस, अस्पतालों और स्कूलों को जलाने तथा युवाओं के दिमाग में जहर घोलने के बाद खान बातचीत चाहते हैं।

### इमरान की पार्टी फर्जी छापे की साजिश रच रही, टैपिंग से उजागर हुआ मामलाः पाकिस्तान के मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने दावा किया है कि खुफिया एजेंसियो ने फोन टैपिंग में एक बातचीत को उजागर किया है जिससे संकेत मिलता है कि इमरान खान की पार्टी कानून लागू करने वाले अधिकारियो को बदनाम करने की साजिश रच रही है। सनाउल्लाह ने आरोप लगाया कि इस कदम का उद्देश्य कानून लागू करने वाली एजेंसियो को अपराध मे झूठा फंसाना और बाद में इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उछालना था। गृह मंत्री ने दावा किया, देश की एजेंसियो ने टैपिंग में एक बातचीत को उजागर किया जिससे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता के घर पर छापा मारने और बलात्कार का फर्जी मामला गढ़ने सहित साजिशो का खुलासा हुआ है। हालांकि, सनाउल्लाह ने अपने दावो के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिया। खान ने रविवार को सनाउल्लाह पर पलटवार करते हुए कहा कि मंत्री साफ तौर पर मीडिया मे आने वाली खौफनाक कहानियो को छिपाने की कोशिश कर रहे है। खान ने ट्वीट किया, अगर जेलो मे महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को लेकर कोई संदेह था तो इस प्रमाणित अपराधी के इस संवाददाता सम्मेलन से ऐसी सभी शंकाएं दूर हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा, शासन द्वारा महिलाओं के साथ कभी भी इतना दुर्व्यवहार और उत्पीड़न नहीं किया गया जितना कि इस फासीवादी सरकार द्वारा किया गया जब वे शांतिपूर्वक विरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर रही थी।

# लक्ष्यों का पता लगाने में सक्षम दूरबीन एफआरबी से जुड़े रहस्यों की गुत्थी सुलझा सकती



**पर्थ।** खगोलविद तीव्र रेडियो प्रस्फोट (एफआरबी) के आकाशगंगा संबंधी वातावरण को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास कर रहे हैं। एफआरबी, अज्ञात कारणों से उत्पन्न एक बहुत अधिक ऊर्जावान खगोल भौतिकीय परिघटना होती है, जिसमें बहुत-ही क्षणिक समय के लिए एक रेडियो संकेत प्रकट होता है। यह औसतन कुछ मिलीसैकंड के लिए ही जारी रहते हैं। अब, एक ही आकाशगंगा में धीमी गति से चलने वाली, तारा बनाने वाली गैस का एक एफआरबी संबंधी अध्ययन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह एक ही आकाशगंगा का वर्णन करने वाले खगोल विज्ञान के दो पूरी तरह से अलग क्षेत्रों पर अब तक का चौथा प्रकाशन है। इससे भी अधिक उल्लेखनीय तथ्य यह है कि एक ही दूरबीन ने इस खोज को संभव बनाया। ब्रह्मांड को बनाने वाले पदार्थों की जांच के जरिए ब्रह्मांड का अध्ययन करने के लिए एफआरबी बेहद उपयोगी हैं। यहां तक कि ब्रह्मांड का कितना विस्तार हो रहा है इसे मापने के लिए भी एफआरबी उपयोगी हैं। हालांकि, एफआरबी की उत्पत्ति खगोलविदों के लिए एक पहेली बनी हुई है। कुछ एफआरबी दोहराने के लिए जाने जाते हैं, कभी-कभी एक हजार बार से भी ज्यादा, जबकि कई एफआरबी का केवल एक बार पता चल पाता है। क्या इन दोहराए जाने वाले या नहीं दोहराए जाने वाले संकेतों की उत्पत्ति अलग-अलग तरीके से हुई हैं, वर्तमान में कई शोध समूहों द्वारा इसकी पड़ताल की जा रही है। यह एफआरबी का अध्ययन करने को लेकर रोमांचक समय है, जैसा कि एक गुरुत्वाकर्षण तरंग और एक एफआरबी के बीच संबंध को हाल के अध्ययन द्वारा दिखाया गया है। इसका मतलब है कि एक ब्लैक होल बनाने के लिए विलय करने वाले दो न्यूट्रॉन सितारे कम से कम कुछ एफआरबी का निर्माण कर सकते हैं।हालांकि, यह तय करना मुश्किल है कि वास्तव में एफआरबी की उत्पत्ति कहां से होती है। ए बेहद चमकीले और क्षणिक होते हैं इसलिए कई रेडियो दूरबीनों के लिए एक सटीक स्थिति का पता लगाना कठिन है। यह जाने बिना कि ए विस्फोट कहां से उत्पन्न होते हैं, हम उन आकाशगंगाओं का अध्ययन नहीं कर सकते जिनमें वे पाए जाते हैं। साथ ही जिस वातावरण में एफआरबी बनते हैं, उसे जाने बिना हम उनके रहस्यों को पूरी तरह से सुलझा नहीं सकते।

## दक्षिण कोरिया : उड़ान के दौरान आपातकालीन निकास द्वार खोलने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में उड़ान के दौरान आपातकालीन निकास द्वार खोलने वाले एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। विमानन सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में उसे 10 साल तक की कैद हो सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना शुक्रवार को हुई। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान 33 वर्षीय व्यक्ति ने जांच अधिकारियों को बताया कि उसे घुटन महसूस हुई और उसने विमान से जल्दी से उतरने की कोशिश की। एशियाना एयरलाइंस एयरबस की उड़ान ए321-200 का दरवाजा खोलने की घटना के बाद 12 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। दरवाजा खोले जाने से केबिन के अंदर हवा का तेज झोंका आया। घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई। जिन लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया, उनका मुख्य रूप से सांस लेने में कठिनाई जैसी छोटी-मोटी समस्याओं के लिए इलाज किया गया। कुछ यात्रियों ने शिकायत की है कि उन्हें कान में तेज दर्द हुआ। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में कुछ यात्री चिल्लाते और रोते हुए दिखे। आम तौर पर, विमान के अंदर और बाहर हवा के दबाव में अंतर के कारण आपातकालीन निकास द्वार को उड़ान के बीच में नहीं खोला जा सकता है। एशियाना एयरलाइंस के अधिकारियों के अनुसार, व्यक्ति शायद दरवाजा इसलिए खोलने में सफल रहा क्योंकि विमान उतरने की तैयारी करते समय कम ऊंचाई पर उड़ रहा था और दबाव में ज्यादा अंतर नहीं था।

# दृश्यम 2 सर्वश्रेष्ठ फिल्म, आलिया व रितिक सर्वश्रेष्ठ कलाकार

## ●आइफा अवार्ड्स 2023

भाषा। अबू धाबी



**अंतरराष्ट्रीय** भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) में अजय देवगन अभिनीत फिल्म दृश्यम 2 ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया। आलिया भट्ट और ऋतिक रोशन को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला।

हिंदी फिल्मों का यह सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार समारोह हर साल किसी विदेशी स्थल पर आयोजित किया जाता है। इस साल इसे एतिहाद एरिना में आयोजित किया गया जो यास द्वीप पर यास बे वाटरफ्रंट का हिस्सा है। फिल्म दृश्यम 2 इसी नाम की मलयालम फिल्म का रीमेक है। इसे सर्वश्रेष्ठ एडेप्टेड स्टोरी का पुरस्कार भी मिला। आलिया भट्ट ने इस साल पुरस्कार समारोह में शिरकत नहीं की। उन्हें संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, रितिक रोशन को एक्शन-थ्रिलर फिल्म विक्रम वेधा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। किरदार निभाने का मौका देने के लिए निर्देशक जोड़ी पुष्कर और गायत्री का शुक्रिया अदा करते हुए रोशन ने कहा, मैं कई वर्षों से वेधा को जी रहा हूं। यह सब यहीं अबू धाबी में शुरू हुआ। मैंने वेधा के किरदार की शूटिंग यहीं से शुरू की थी। ऐसा लगता है कि मेरे लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन शिव ने इस साल सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए। फिल्म के लिए श्रेया घोषाल को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका, अरिजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक, अमिताभ भट्टाचार्य को सर्वश्रेष्ठ गीतकार और मौनी रॉय को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। अभिनेता अनिल कपूर को फिल्म जुगजग जीयो के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। अभिनेता आर. माधवन को बतौर निर्देशन उनकी पहली फिल्म रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। परवेज शेख और जसमीत रीन ने डार्लिंग्स के लिए सर्वश्रेष्ठ मौलिक कहानी का पुरस्कार जीता। दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान को फिल्म कला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू (पर्दापण) अभिनेता का पुरस्कार मिला। उन्होंने गंगूबाई काठियावाड़ी के अभिनेता शांतनु माहेश्वरी के साथ यह पुरस्कार साझा किया। अभिनेत्री खुशाली कुमार को धोखा अराउंड द कॉर्नर के लिए सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। समारोह में संगीतकार ए. आर. रहमान ने आइफा पुरस्कार में सिनेमा जगत के जाने माने कलाकार कमल हासन को आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा पुरस्कार से सम्मानित किया। हासन ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा, मैं सिनेमा में जन्मा और सिनेमा में ही पला-बढ़ा हूं। मैं पिछले साढ़े तीन दशक से इसका हिस्सा हूं। फिर भी मुझे हमेशा लगता है कि मुझे अभी और बहुत कुछ करना है। मुझे वापस जाकर अभी और काम करना है। समारोह में सलमान खान, वरुण धवन, जैकलिन फर्नांडीज, नोरा फतेही और रकुल प्रीत सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से चार चांद लगाए। खान ने आज की पार्टी , सिटी मार , आजा सोनिए और जुम्मे की रात है जैसे गीतों पर प्रस्तुति दी।

# युवा संगम देश की विविधता को बढ़ावा देने वाला कार्यक्रम : मोदी


मन की बात

भाषा। नई दिल्ली



महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा मंत्रालय के युवा संगम कार्यक्रम की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि यह शानदार पहल देश की विविधता और लोगों के बीच के संपर्क को बढ़ावा देने वाली है। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम की 101वीं कड़ी में युवा संगम कार्यक्रम का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की शक्ति इसकी विविधता में है। हमारे देश में देखने के लिए बहुत कुछ है। इसी को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने युवा संगम नाम से एक बेहतरीन पहल की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के साथ ही देश के युवाओं को आपस में घुलने-मिलने का मौका देना है। विभिन्न राज्यों के उच्च शिक्षा संस्थानों को इससे जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि युवा संगम में युवा दूसरे राज्यों के शहरों और गावों में जाते हैं, उन्हें अलग-अलग तरह के लोगों के साथ मिलने का मौका मिलता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि युवा संगम के पहले चरण में लगभग 1200 युवा, देश के 22 राज्यों का दौरा कर चुके हैं। उनका कहना था, जो भी युवा इसका हिस्सा बने हैं, वे अपने साथ ऐसी यादें लेकर वापस लौट रहे हैं, जो जीवनभर उनके हृदय में बसी रहेंगी। हमने देखा है कि कई बड़ी कंपनियों के सीईओ, कारोबारी नेताओं ने बैग पैकर्स की तरह भारत में समय गुजारा है। मैं जब दूसरे देशों के नेताओं से मिलता हूं, तो कई बार वो भी बताते हैं कि वो अपनी युवावस्था में भारत घूमने के लिए आए थे। युवा संगम कार्यक्रम में भाग लेने वाले कुछ युवाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने संवाद भी किया। इस दौरान इन युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए। मोदी ने कहा, हमारे भारत में इतना कुछ जानने और देखने के लिए है कि आपकी उत्सुकता हर बार बढ़ती ही जाएगी। मुझे उम्मीद है कि इन रोमांचक अनुभवों को जानकर आप भी देश के अलग-अलग हिस्सों की यात्रा के लिए जरूर प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले ही मैं जापान में हिरोशिमा में था। वहां मुझे हिरोशिमा शांति स्मारक संग्रहालय में जाने का अवसर मिला। यह एक भावुक कर देने वाला अनुभव था। जब हम इतिहास की यादों को संजोकर रखते हैं तो वो आने वाली पीढ़ियों की बहुत मदद करता है। प्रधानमंत्री ने भारत के कई संग्रहालयों का उल्लेख करते हुए कहा, कई बार संग्रहालय में हमें नए सबक मिलते हैं तो कई बार हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मोदी ने कहा, कुछ दिन बाद 4 जून को संत कबीरदास जी की भी जयंती है। कबीरदास जी ने जो मार्ग हमें दिखाया है, वो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मोदी ने तेलुगू फिल्मों के मशहूर अभिनेता और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन टी रामाराव की 100वीं जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा, एनटीआर अपनी बहुमुखी प्रतिभा के बल पर न सिर्फ तेलुगू सिनेमा के महानायक बने, बल्कि उन्होंने, करोड़ों लोगों का दिल भी जीता। देश-दुनिया में लाखों लोगों के दिलों पर राज करने वाले एन.टी. रामाराव जी को मैं अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मोदी ने कहा, आज वीर सावरकर जी की जयंती है। उनके त्याग, साहस और संकल्प-शक्ति से जुड़ी गाथाएं आज भी हम सबको प्रेरित करती हैं।



## नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर विशेष स्मारक डाक टिकट, 75 रुपए का सिक्का जारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर एक विशेष स्मारक डाक टिकट और 75 रुपए का सिक्का जारी किया। उन्होंने नए संसद भवन के लोकसभा कक्ष में आयोजित उद्घाटन समारोह में सिक्का और डाक टिकट जारी किया।केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सिक्के का वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम के बीच होगा।अधिसूचना में कहा गया कि सिक्के के एक तरफ बीच में अशोक स्तंभ की छवि होगी, जिसके एक ओर देवनागरी लिपि में भारत जबकि दूसरी ओर अंग्रेजी में इंडिया लिखा होगा।

## नए संसद भवन में गूंजा मोदी-मोदी

नई दिल्ली। नए संसद भवन के उद्घाटन के बाद लोकसभा में आयोजित समारोह में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रवेश करने से पहले ही पूरा कक्ष तालियों की गड़गड़ाहट के साथ ही मोदी-मोदी, भारत माता, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठा। प्रवेश द्वार से मोदी के आगमन से लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ मंच पर उनके पहुंचने तथा समारोह की औपचारिक शुरुआत होने तक तालियों की गड़गड़ाहट जारी रही। कक्ष के अंदर दो बड़े स्क्रीन थे, जिन पर मोदी के आगमन का सीधा प्रसारण हो रहा था। प्रधानमंत्री ने जैसे ही कक्ष में कदम रखा तो इस दौरान कुछ सदस्यों ने शिवाजी महाराज की जय के नारे भी लगाए। मंच की ओर बढ़ते समय मोदी ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा सहित कई गणमान्य लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान सभी सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर तालियां बजा रहे थे। देवगौड़ा सबसे पहले पहुंचने वाले वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे। वह व्हीलचेयर पर आए थे। वह पहली पंक्ति में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ बैठे थे। उनकी बाईं तरफ पहली पंक्ति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल एक साथ बैठे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगालैंड के उनके समकक्ष नेफ्यू रियू, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के उनके समकक्ष मनोहर लाल खट्टर तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा गुजरात के अपने समकक्ष भूपेंद्र पटेल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ पहली पंक्ति में बैठे नजर आए। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन और वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी भी पहली पंक्ति में बैठे नजर आए। लाल साड़ी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पीली साड़ी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक साथ कक्ष में प्रवेश किया। ईरानी ने महाजन और जोशी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। योगी आदित्यनाथ और अमित शाह ने भी उनका कुशलक्षेम पूछा। आदित्यनाथ और शाह के कक्ष में पहुंचते ही बड़ी संख्या में संसद सदस्य और गणमान्य लोग उनके पास पहुंचे और उनका अभिवादन किया। कई सांसदों को दोनों नेताओं के साथ फोटो खिंचवाते और सेल्फी लेते भी देखा गया। शाह के पहुंचने के बाद जगनमोहन रेड्डी उनके पास आकर बैठ गए और फिर दोनों नेताओं ने कुछ देर चर्चा भी की। बाद में वह निर्मला सीतारमण के साथ चर्चा करते देखे गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी त्रिपुरा, मेघालय और सिक्किम के अपने समकक्षों-क्रमशः माणिक साहा, पेमा खांडू और प्रेम सिंह तमांग के साथ दूसरी पंक्ति में बैठे नजर आए। विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित कई केंद्रीय मंत्री दूसरी पंक्ति में बैठे दिखे। शिवसेना के शिंदे गुट के सांसद रंगीन पगड़ी पहने हुए सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। मथुरा से भाजपा की सांसद हेमा मालिनी कई महिला सांसदों के साथ बैठी थीं। उन्हें भी फोटो और सेल्फी लेते देखा गया। कुछ सदस्यों ने वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों से आग्रह कर समूह में तस्वीरें खिंचवाईं। भाजपा के सांसद वरुण गांधी अपनी मां व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के साथ पहुंचे और पिछली ओर की एक पंक्ति में दोनों साथ ही बैठे रहे। इस दौरान भाजपा सांसद पूनम महाजन और मेनका गांधी को चर्चा करते देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी जब मंच से संबोधन दे रहे थे तब साक्षी महाराज सहित कई सदस्यों को उनका वीडियो बनाते भी देखा गया। मोदी के करीब 35 मिनट के संबोधन के दौरान कमोबेश हर दो लाइन के बाद तालियां बजी और जब उनका संबोधन समाप्त हुआ तो सदस्यों ने खड़े होकर कुछ मिनट तक तालियां बजाईं। संबोधन समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने सामने की पंक्ति में बैठे सभी नेताओं से मुलाकात की। वह मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन और देवगौड़ा का हालचाल पूछते भी नजर आए। उन्होंने हाथ हिलाकर और हाथ जोड़कर पीछे की ओर बैठे सदस्यों का भी अभिवादन किया।

भारत माता, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारे

## राहुल को मिला पासपोर्ट आज जाएंगे अमेरिका

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को एक स्थानीय अदालत द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किए जाने के दो दिन बाद रविवार को नया सामान्य पासपोर्ट मिल गया और अब वह सोमवार को अमेरिका रवाना होंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि पासपोर्ट कार्यालय ने भरोसा दिलाया था कि रविवार को पासपोर्ट मिल जाएगा और उन्हें दोपहर के समय पासपोर्ट मिल गया। दिल्ली की एक अदालत ने राहुल गांधी को 10 वर्ष के बजाय तीन वर्ष के लिए सामान्य पासपोर्ट जारी किए जाने के वास्ते गत शुक्रवार को अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया था। राहुल गांधी सोमवार शाम अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना होने वाले हैं। उनके अमेरिका के कुछ अन्य शहरों में भी कार्यक्रम हैं। आगामी चार जून को वह न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को गुजरात के सूरत की एक अदालत द्वारा आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके पश्चात राहुल ने राजनयिक यात्रा दस्तावेज लौटा दिए थे।

## ठाणे में मेडिकल छात्र और उसकी नाबालिग बहन की झील में डूबने से मौत


ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक गांव में मेडिकल छात्र और उसकी नाबालिग बहन की रविवार को झील में डूबने से मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एमआईडीसी दमकल केंद्र के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना डोम्बिवली शहर के दावाड़ी गांव में दोपहर में हुई। उन्होंने बताया कि एमबीबीएस अंतिम वर्ष का छात्र रंजीत रवींद्रन (23) और उसकी बहन कीर्ति (16) अपने कुत्ते को नहलाने के लिए झील पर गए थे, तभी वे डूब गए। अधिकारी के मुताबिक, आसपास के लोगों ने शोर मचाया और स्थानीय अग्निशमन दल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों के शवों को बाहर निकाला। अधिकारी ने कहा कि मृतक उमेश नगर इलाके के निवासी थे और उनके माता-पिता को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## कांग्रेस नेता पुत्तरंगशेट्टी ने कर्नाटक विधानसभा का उपाध्यक्ष पद लेने से मना किया

चामराजनगर (कर्नाटक)। कर्नाटक विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता सी. पुत्तरंगशेट्टी के नाम को मंजूरी दे दी थी, लेकिन उन्होंने इस पद को स्वीकार करने से रविवार को इनकार कर दिया। मंत्री पद के आकांक्षी विधायक ने कहा कि उन्होंने अपने समर्थकों और मतदाताओं द्वारा व्यक्त किए गए विचारों पर गौर करने के बाद पद को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। पुत्तरंगशेट्टी ने कहा, मैं उपाध्यक्ष का पद स्वीकार नहीं करूंगा। मेरे समर्थकों और मतदाताओं ने मुझे यह कहते हुए इसे स्वीकार नहीं करने को कहा है कि ऐसी स्थिति में मुझ तक उनकी पहुंच सीमित हो जाएगी।

# भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को दर्शाती हैं नए संसद भवन में प्रदर्शित कलाकृतियां

भाषा। नई दिल्ली



अति भव्य नए संसद भवन की दीवारों और गलियारों में प्रदर्शित कलाकृतियां, वैदिक काल से लेकर आज तक भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं की कहानियां बयां करती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया और ऐतिहासिक राजदंड सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया। देश में लोकतंत्र के विकास को नए संसद भवन के कांस्टीटयूशन हॉल में प्रदर्शनियों की एक श्रृंखला के माध्यम से दर्शाया गया है। कांस्टीटयूशन हॉल , जिसमें भारतीय संविधान की एक डिजिटल प्रति है, में आधुनिकता का स्पर्श है क्योंकि इसमें पृथ्वी के घूर्णन को प्रदर्शित करने के लिए फौकॉल्ट पेंडुलम भी है। मोदी ने कहा, लोकतंत्र केवल भारत में प्रचलित व्यवस्था नहीं है बल्कि यह एक संस्कृति, विचार और परंपरा है। हमारे वेद हमें सभा और समिति के लोकतांत्रिक आदर्शों की शिक्षा देते हैं। हमें महाभारत में गणतंत्र का वर्णन मिलता है। फौकॉल्ट पेंडुलम संविधान हॉल की त्रिकोणीय छत से एक बड़े रोशनदान से लटका हुआ है और ब्रह्मांड के साथ भारत के विचार को दर्शाता है। प्रभावशाली विधाई कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा कक्ष में एक डिजिटल मतदान प्रणाली और अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल प्रणाली की व्यवस्था की गई है। इस भवन में तीन औपचारिक अग्रदीर्घा हैं जहां महात्मा गांधी, चाणक्य, गार्गी, सरदार वल्लभभाई पटेल, बी. आर. आंबेडकर और कोणार्क के सूर्य मंदिर के रथ के पहिए की विशाल पीतल की मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। सार्वजनिक प्रवेश द्वार तीन दीर्घाओं की ओर जाते हैं। संगीत गैलरी जो भारत के नृत्य, गीत और संगीत परंपराओं को प्रदर्शित करती हैअ स्थापत्य गैलरी देश की स्थापत्य विरासत को दर्शाती है और शिल्प गैलरी विभिन्न राज्यों की विशिष्ट हस्तकला परंपराओं को प्रदर्शित करती है। नए संसद भवन में लगभग 5,000 कलाकृतियां है, जिनमें पेंटिंग, पत्थर की मूर्तियां और धातु चित्र शामिल हैं। लोकसभा कक्ष का आंतरिक भाग राष्ट्रीय पक्षी मोर के विषय पर आधारित हैं, जबकि राज्यसभा के कक्ष में राष्ट्रीय फूल कमल को दर्शाया गया है। अधिकारियों के अनुसार उस्ताद अमजद अली खान, पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, पंडित रविशंकर सहित प्रख्यात संगीतकारों और उनके परिवार के सदस्यों ने संगीत गैलरी के लिए अपने वाद्य यंत्र दान किए हैं। चार मंजिला संसद भवन का निर्मित क्षेत्र 64,500 वर्गमीटर है और इसमें दो कक्ष हैं - 888 सीट वाली लोकसभा, जिसमें दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के लिए ।,272 सदस्य शामिल हो सकते हैं और 384 सीट वाला राज्यसभा कक्ष है। संसद भवन में बरगद का एक पेड़ भी है। नए भवन में छह नए समिति कक्ष और मंत्रिपरिषद के कार्यालयों के रूप में उपयोग के लिए 92 कमरे भी हैं। नए भवन के लिए प्रयुक्त सामग्री देश के विभिन्न भागों से लाई गई है। नए संसद भवन में प्रयुक्त सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के नागपुर से लाई गई।

## नए संसद भवन में अखंड भारत के भित्ति चित्र की ट्विटर पर लोगों ने सराहना की

नई दिल्ली। नए संसद भवन में एक भित्ति चित्र प्राचीन भारत के प्रभाव को दर्शाता है। यह भित्ति चित्र रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें कई लोगों ने दावा किया कि यह अखंड भारत के संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अखंड भारत को एक सांस्कृतिक अवधारणा के रूप में वर्णित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया। संसद भवन में भित्तिचित्र, अतीत के महत्वपूर्ण साम्राज्यों और शहरों को चिह्नित करता है और वर्तमान पाकिस्तान में तत्कालीन तक्षशिला में प्राचीन भारत के प्रभाव को दर्शाता है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्विटर पर कहा, संकल्प स्पष्ट है- अखंड भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने नए संसद भवन के अंदर प्राचीन भारत, चाणक्य, सरदार वल्लभभाई पटेल और बी. आर. आंबेडकर और देश की सांस्कृतिक विविधता के भित्ति चित्रों सहित कलाकृतियों की तस्वीरें साझा कीं। भाजपा की कर्नाटक इकाई ने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा, यह हमारी गौरवपूर्ण महान सभ्यता की जीवंतता का प्रतीक है। मुंबई उत्तर-पूर्व से लोकसभा सदस्य मनोज कोटक ने ट्विटर पर कहा, नई संसद में अखंड भारत। यह हमारे शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत का प्रतिनिधित्व करता है। ट्विटर पर कई लोगों ने नए संसद भवन में अखंड भारत के चित्रण का स्वागत किया और पूछा कि क्या यह विपक्ष के समारोह के बहिष्कार का कारण था। राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय के महानिदेशक अद्वैत गडनायक ने कहा, हमारा विचार प्राचीन युगों के दौरान भारतीय विचारों के प्रभाव को चित्रित करना था। यह उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में वर्तमान अफगानिस्तान से लेकर दक्षिण-पूर्वी एशिया तक फैला हुआ है। गडनायक नए संसद भवन में प्रदर्शित कलाकृतियों के चयन में शामिल थे।आरएसएस के अनुसार, अखंड भारत की अवधारणा अविभाजित भारत को संदर्भित करती है जिसका भौगोलिक विस्तार प्राचीनकाल में बहुत विस्तृत था। हालांकि, अब आरएसएस का कहना है कि अखंड भारत की अवधारणा को वर्तमान समय में सांस्कृतिक संदर्भ में देखा जाना चाहिए, न कि स्वतंत्रता के समय धार्मिक आधार पर भारत के विभाजन के राजनीतिक संदर्भ में।

## अक्षय कुमार, शाहरुख खान ने नए संसद भवन के उद्घाटन की बधाई दी

मुंबई। अभिनेता शाहरुख खान और अक्षय कुमार ने कहा कि नया संसद भवन नए भारत की दिशा में योगदान देगा और यह देश की विकास गाथा का प्रतीक बनेगा। दोनों अभिनेताओं ने शनिवार रात ट्विटर पर नए संसद भवन की एक झलक साझा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किए जाने पर खुशी जाहिर की। प्रधानमंत्री ने नए भवन पर अपने विचार साझा करने के लिए दोनों अभिनेताओं की प्रशंसा की। शाहरुख खान ने ट्विटर पर लिखा, हमारे संविधान को बनाए रखने वाले, इस महान राष्ट्र के प्रत्एक नागरिक का प्रतिनिधित्व करने वाले और इसके हर व्यक्ति की विविधता की रक्षा करने वाले लोगों के लिए कितना शानदार है नया संसद भवन। नए भारत के लिए एक नया संसद भवन...भारत के गौरव के सदियों पुराने सपने के साथ। जय हिन्द। नए संसद भवन के बारे में अपने विचारों को खूबसूरती से व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने शाहरुख की सराहना की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, नया संसद भवन लोकतांत्रिक शक्ति और प्रगति का प्रतीक है। यह आधुनिकता के साथ परंपरा का मिश्रण है। अक्षय ने ट्वीट किया, संसद के इस शानदार नए भवन को देखकर गर्व होता है। यह सदैव भारत की विकास गाथा का एक प्रतिष्ठित प्रतीक बना रहे। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में पले-बढ़े अक्षय ने कहा कि बचपन में वह देखते थे कि इंडिया गेट के पास की अधिकतर इमारतों का निर्माण अंग्रेजों ने किया था। उन्होंने ट्विटर पर साझा एक क्लिप में कहा, आज इस एकदम नए और भव्य भवन को देखकर मेरा दिल गर्व से भर गया है। भारतीय संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह नए भारत का प्रतीक है। एक ऐसा भारत, जो न केवल संस्कृति और विरासत में सबसे आगे है , बल्कि अपनी प्रगति के साथ दुनिया में आगे भी बढ़ रहा है। अभिनेता ने इस दिन को संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी।

# अगले लोस चुनाव से पहले जनगणना की संभावना नहीं

भाषा। नई दिल्ली

महामारी के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई जनगणना की कवायद अप्रैल-मई 2024 में होने वाले अगले लोकसभा चुनावों से पहले होने की संभावना नहीं है। जब भी जनगणना कराई जाएगी तब स्मार्टफोन, इंटरनेट, लैपटॉप, कंप्यूटर, कार, दोपहिया वाहनों तक पहुंच, मुख्य खपत वाले अनाज जैसे 31 प्रश्न नागरिकों से पूछे जाएंगे। जनगणना और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अद्यतन करने की कवायद एक अप्रैल से 30 सितंबर, 2020 तक देशभर में होने वाली थी लेकिन कोविड-19 के प्रकोप के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। जनगणना का काम अभी भी रुका हुआ है और सरकार ने अभी तक एक नए कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। जनवरी में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय ने सूचित किया कि प्रशासनिक सीमाओं को स्थिर करने की तारीख - नए जिलों या उप-जिलों का सृजन - 30 जून तक बढ़ा दी गई है। इस बीच, निर्वाचन आयोग अगले आम चुनावों के लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू करेगा। अधिकारियों ने बताया कि अक्टूबर से, जनगणना कवायद आयोजित करने की बहुत कम संभावना है क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि निर्वाचन आयोग और महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा समान लोगों को ही इस काम में शामिल किया जाना है।उन्होंने संभावना जताई कि जनगणना का काम लोकसभा चुनाव के बाद ही किया जाएगा। नागरिकों से पूछे जाने वाले 31 प्रश्न निर्धारित किए गए हैं। इन सवालों में शामिल है कि क्या किसी परिवार के पास टेलीफोन लाइन है, इंटरनेट कनेक्शन है, मोबाइल या स्मार्टफोन है, साइकिल है, स्कूटर है या मोटरसाइकिल है या मोपेड है, क्या उनके पास कार, जीप या वैन है।

नागरिकों से स्मार्टफोन, इंटरनेट, अनाज के बारे में पूछा जाएगा

# कभी नहीं सोचा था कि नई संसद में बैठूंगा: देवेगौड़ा

बेंगलुरु। दिल्ली में नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में रविवार को शामिल होने वाले पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक बड़े क्षण के साक्षी बने। देवेगौड़ा (91) ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने जीवन में नए संसद भवन में बैठेंगे। उन्होंने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक बड़े क्षण का गवाह बना। मैंने 1962 में कर्नाटक विधानसभा में प्रवेश किया और 1991 से संसद सदस्य रहा हूं। 32 साल पहले जब मैंने लोगों के इस महान संसद में प्रवेश किया था, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं प्रधानमंत्री बनूंगा और मुझे इतने लंबे समय तक सार्वजनिक जीवन में रहने की उम्मीद नहीं थी। गौड़ा ने एक बयान में कहा लेकिन इससे भी बड़ा आश्चर्य यह है कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपने जीवन में कभी नए संसद भवन में बैठूंगा- मैंने ऐसा 91 साल की उम्र में किया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में और सामान्य भारतीय के जीवन में, एक नए घर का निर्माण और एक नए घर में प्रवेश करना बहुत ही शुभ और दुर्लभ क्षण होता है। उन्होंने कहा, किसी राष्ट्र के जीवन में यह एक असाधारण क्षण है।



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा भी उपस्थित रहे

# कश्मीरी पंडितों ने वार्षिक खीर भवानी मेले का आयोजन किया

भाषा। तुलमुल्ला

जम्मू-कश्मीर में गंदेरबल जिले के प्रसिद्ध रागन्या देवी मंदिर में सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने रविवार को मत्था टेका और वार्षिक खीर भवानी मेले का आयोजन किया। मध्य कश्मीर जिले में चिनार के विशाल पेड़ों की छाया में स्थित इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, जिनमें से अधिकांश कश्मीरी पंडित थे जो देश के कई हिस्सों से यहां आए थे। मेले में आए भक्त नंगे पैर चल रहे थे, गुलाब की पंखुड़ियां ले जा रहे थे और देवी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे, जबकि पुरुषों ने मंदिर के करीब जलधारा में डुबकी लगाई। मुख्य मंदिर परिसर के करीब जाने के लिए भक्त एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करते हुए नजर आए, इस दौरान मंदिर परिसर में भजनों की गूंज सुनाई दी और श्रद्धालुओं ने परिसर के भीतर दूध और खीर (चावल की खीर) चढ़ाते हुए देवी को प्रणाम किया। साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक यह मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया और प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा सहित व्यापक इंतजाम किए थे। जम्मू की एक भक्त गुड़ी जुत्शी ने कहा कि देवी के जन्मदिवस पर आयोजित वार्षिक मेले के अवसर पर मंदिर में आए बिना उनकी पूजा अधूरी है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी इस अवसर पर मंदिर में दर्शन किए। महबूबा ने कहा कि उन्होंने घाटी में कश्मीरी पंडितों की गरिमापूर्ण वापसी के लिए प्रार्थना की। महबूबा मुफ्ती ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं यहां जम्मू और अन्य जगहों से आए हमारे कश्मीरी पंडित भाइयों का स्वागत करने आई हूं। हम यहां इन लोगों की गरिमापूर्ण वापसी के लिए प्रार्थना करने के लिए आए हैं ताकि एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम-कश्मीरी पंडित जम्मू-कश्मीर में भाईचारे के साथ रह सकें।

पीडीपी प्रमुख महबूबा हुईं शामिल

# प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता

## ●चीन के वेंग होंग एंग को हराकर छह साल के खिताब के सूखे को खत्म किया

**भाषा** । कुआलालंपुर

**भारत के** एचएस प्रणय ने रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के कड़े पुरुष एकल फाइनल मुकाबले में तीन गेम में चीन के वेंग होंग एंग को हराकर छह साल के खिताब के सूखे को खत्म किया। तीस साल के भारतीय खिलाड़ी ने 94 मिनट चले मुकाबले के दौरान शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन के दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी वेंग के खिलाफ 21-19 13-21 21-18 से जीत दर्ज की। यह प्रणय का पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब है। साथ ही भारत का कोई खिलाड़ी इस साल पहला एकल खिताब जीतने में सफल रहा। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर छह स्तर में विभाजित है जिसमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट शामिल हैं। एक अन्य वर्ग के टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 100 से भी खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक मिलते हैं। सुपर 500 बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग प्रणाली में ग्रेड दो (चौथे स्तर) का टूर्नामेंट है। प्रणय ने पिछले साल थॉमस कप में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन 2017 अमेरिकी ओपन ग्रां प्री गोल्ड के बाद से वह व्यक्तिगत खिताब नहीं जीत पाए थे। केरल का यह बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल स्विस ओपन के फाइनल में पहुंचकर खिताब के सूखे को खत्म करने के करीब पहुंचा था। इसके अलावा प्रणय मलेशिया और इंडोनेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाने में सफल रहे थे। प्रणय ने कई चोट और स्वास्थ्य समस्यों से जूझने के बाद 2021 के दूसरे हाफ के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। पिछले दो साल में भारतीय खिलाड़ियों के बीच प्रणय के प्रदर्शन में सबसे अधिक निरंतरता रही है लेकिन इसके बावजूद वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब नहीं जीत पा रहे थे। रविवार को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय की कड़ी मेहनत का फल मिला जब उन्होंने चीन के 23 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। प्रणय ने इस हफ्ते शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खिताबी जीत के दौरान दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन, ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग और जापान के केंटा निशिमोटो को हराया। वेंग ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-1 की बढ़त बनाई लेकिन प्रणय ने स्कोर 5-5 कर दिया। प्रणय ने जोरदार स्मैश के साथ स्कोर 10-10 किया और वेंग के नेट पर स्मैश उलझाने पर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई। दोनों के बीच प्रत्एक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली। इस बीच स्कोर 16-16 से बराबर था। प्रणय ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए दो गेम प्वाइंट हासिल किए। वेंग ने एक अंक बचाया लेकिन अगला बैकहैंड शॉट नेट पर मार बैठे जिससे भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी वेंग ने प्रणय की खराब शुरुआत का फायदा उठाते हुए 4-0 की बढ़त बनाई। प्रणय ने दो शॉट बाहर जबकि एक नेट पर मारा। प्रणय ने वापसी की कोशिश की लेकिन वेंग ब्रेक तक 11-9 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद कई गलतियां की जिससे वेंग ने 16-10 की बढ़त बना ली और फिर दूसरा गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में भी वेंग ने बेहतर शुरुआत करते हुए 8-6 की बढ़त बनाई लेकिन प्रणय ने 8-8 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली। प्रणय ब्रेक तक 11-10 से आगे थे। प्रणय ने कुछ अच्छे क्रॉस कोर्ट स्मैश लगाकर 14-11 की बढ़त बनाई लेकिन वेंग ने स्कोर 13-14 कर दिया। प्रणय ने एक बार फिर दमदार क्रॉस कोर्ट समैश से 16-13 की बढ़त हासिल की लेकिन वेंग एक बार फिर वापसी करते हुए 18-18 पर स्कोर बराबर करने में सफल रहे।




### मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी लेकिन गोपी सर जोर देते रहे: प्रणय

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने अपना अगला एकल खिताब जीतने की उम्मीद छोड़ ही दी थी लेकिन मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद ने उनके अंदर छह साल के खिताब के सूखे को खत्म करने का आत्मविश्वास डाला और उन्हे विश्वास दिलाया कि वह मजबूत खिलाड़ी है। प्रणय ने रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल मे चीन के वेंग होंग एंग को तीन गेम मे हराकर खिताब के सूखे को खत्म किया। प्रणय ने खिताब जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि बहुत सारी भावनाएं हैं। पिछले छह साल बहुत अधिक उतार-चढ़ाव वाले रहे है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे उम्मीद नही थी कि छह साल बाद ऐसा होगा। मेरा मतलब है कि अगर आपने मेरे से 2017 मे पूछा होता तो मै नही कहता कि मै 2023 मे खिताब जीतूंगा। इसलिए काफी मिश्रित भावनाएं है। सभी कोच, सहयोगी स्टाफ और गोपी सर (मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद) को धन्यवाद। वह मुझसे कहते रहे कि यह एक दिन ऐसा होगा और मुझे विश्वास रखना चाहिए। दुनिया के नौवें नंबर के और भारत के शीर्ष खिलाड़ी 30 वर्षीय प्रणय ने अपने पूर्व साथी आरएमवी गुरुसाई दत्त का भी शुक्रिया अदा किया जिन्होंने पिछले साल जून मे संन्यास लेने के बाद कोचिंग की ओर रुख किया और जरूरत के समय उनकी मदद की।

## खबरें स्टेडियम से

### अंबाती ने आईपीएल से संन्यास लिया

**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व वनडे विशेषज्ञ और चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने घोषणा की है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल आईपीएल मे उनका आखिरी मैच होगा। इंग्लैंड मे 2019 विश्व कप के लिए भारतीय टीम मे नही चुने जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रायुडू ने कुछ साल पहले घरेलू क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था लेकिन बाद मे फैसला वापिस ले लिया। 38 वर्ष के इस खिलाड़ी ने हालांकि रविवार को ट्वीट किया कि इस बार वह फैसला नही बदलेगे। इस सत्र मे उन्होने 15 मैचो मे 139 रन बनाए है। उन्होने ट्वीट किया , दो बेहतरीन टीमे मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स। 204 मैच, 14 सत्र, 11 प्लेआफ, आठ फाइनल और पांच खिताब। उम्मीद है कि आज रात को छठा भी। यह शानदार सफर रहा। मैने तय किया है कि आज का फाइनल आईपीएल मे मेरा आखिरी मैच होगा। इस शानदार टूर्नामेंट मे खेलने का पूरा मजा आया। अब की बार वापसी नही। रायुडू ने 55 वनडे मैचो मे 1694 रन बनाए। टी20 क्रिकेट मे वह सीएसके का अभिन्न अंग रहे। फाइनल से पहले वह 203 आईपीएल मैचों में 4329 रन बना चुके है। उन्होंने 2018 सत्र मे चेन्नई के लिए 602 रन बनाए।



### भारत अलमाटी शॉटगन विश्व कप में पांचवें स्थान पर

**अलमाटी।** भारत आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप मे यहां एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ पांचवे स्थान पर रहा। भारत की दोनों जोड़ियां ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक नही जीत सकी। पृथ्वीराज टोंडाइमन और श्रेयसी सिंह 150 में से 136 निशाने लगाकर पांचवें स्थान पर रहे। कांस्य पदक 137 स्कोर वाली जोड़ी को मिला। जोरावर संधू और प्रीति रजक की जोड़ी 134 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रही। कजाखस्तान की मारिया दमित्रिएंको और विक्टर केने 142 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता जबकि तुर्की को रजत और ईरान को कांस्य पदक मिला।

### अदिति बैंक ऑफ होप टूर्नामेंट में नॉकआउट में जगह बनाने से चूकी

लास वेगास। भारत की ओलंपियन अदिति अशोक ने 18वे होल मे डबल बोगी के साथ बैंक ऑफ होप एलपीजीए मैच प्ले गोल्फ टूर्नामेंट के नॉकआउट प्ले ऑफ मे जगह बनाने का मौका गंवा दिया। पहले मैच मे पेरिन डेलाकोर के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली अदिति ने अगले मुकाबले में कैरोलिन इंग्लिस को शिकस्त दी।अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में अदिति ने जेनिफर कुपचो को मुकाबला टाई करने का मौका दे दिया।

### मुंबई सिटी एफसी का साथ छोड़ेंगे मंदार राव देसाई

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने कहा है कि मंदार राव देसाई 31 मई को अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद क्लब को छोड़ देंगे। मुंबई सिटी एफसी ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी दी। मुंबई सिटी एफसी के साथ तीन सत्र बिताने के बाद यह 31 वर्षीय फुटबॉलर क्लब का साथ छोड़ेगा। मंदार अक्टूबर 2020 मे एफसी गोवा का साथ छोड़कर मुंबई सिटी एफसी से जुड़े थे।

### सबालेंका से हाथ नहीं मिलाने के लिए यूक्रेन की कोस्तियुक की हूटिंग

**पेरिस।** बेलारूस की एरिना सबालेंका को रविवार को पहले दौर की जीत के बाद लगा कि फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दर्शक उनकी हूटिंग कर रहे है और उपहासपूर्ण सीटियां बजा रहे है। लेकिन यह नकारात्मक प्रतिक्रिया उनकी विरोधी यूक्रेन की मार्टा कोस्तियुक के लिए थी जिन्होंने हार के बाद नेट पर अपनी विरोधी के साथ हाथ नही मिलाया।यूक्रेन की कोस्तियुक मैच के बाद बेलारूस की सबलेंका से आंखो का संपर्क करने से भी बची और सीधे चेयर अंपायर की ओर चली गई। इसके विपरीत सबालेंका नेट की ओर गई थी।

### फैंटेसी गेमिंग को मिलेगा बढ़ावा

**लखनऊ ।** ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म प्लेयर्ज़पॉट ने अपने ब्रांड एंबेसडर सुपरस्टार रश्मिका मंदाना के साथ एकदम अनोखे कैंपेन टैलेंट की वैल्यू की शुरुआत की। ताकि फैंटेसी गेमिंग को पसंद करने वाले लोगों के जोश व उत्साह को बरकरार रखा जा सके। इस कैंपेन के लॉन्च के मौके पर प्लेयर्ज़पॉट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सुनील यादव ने कहा कि कौशल.आधारित खेल सचमुच गेमिंग सबसे बड़ी गेमिंग कैटेगरी में से एक हैए जिसने देश भर में हर उम्र के लोगों का दिल जीत लिया है। हालाँकि भारत की गेमिंग कम्युनिटी काफी बड़ी हैए इसके बावजूद कौशल.आधारित कैजुअल गेम्स मेंए और खासतौर पर मोबाइल फॉर्मेट में शानदार करियर बनाने के मामले में यह कम्युनिटी अभी भी काफी पिछड़ी हुई है। प्लेयर्ज़पॉट सही मायने में मोबाइल गेमिंग क्रिएटर्स और खिलाड़ियों के लिए काफी गंभीर हैए और रश्मिका की करिश्माई ऑन स्क्रीन अपील के साथ.साथ देश भर के दर्शकों पर उनके प्रभाव से हमारे ऐप पर कई तरह के गेम्स का आनंद लेने वाले खिलाड़ियों के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव आएगा। फैंटेसी गेमिंग सेगमेंट में जबरदस्त कामयाबी के बादए हमें पूरा यकीन है कि हम खास तौर पर टियर 2 और टियर 3 शहरों में कौशल.आधारित गेम्स के सेगमेंट में भी सबसे आगे होंगे।

### अटवाल ने कट हासिल किया, जीव चूके

**फ्रिस्को (टेक्सास)।** भारत के अर्जुन अटवाल ने लगातार दूसरे दौर में पार 72 के स्कोर के साथ सीनियर पीजीए चैंपियनशिप के टूर्नामेंट में कट हासिल कर लिया। पचास साल से अधिक के गोल्फरो के चैंपियन्स टूर की दूसरी प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रहे अटवाल का तीन दौर के बाद कुल स्कोर एक ओवर 217 है ।

# कोहली से अलग सोचना मुश्किल : हसी

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में



**भाषा** । नई दिल्ली

**माइकल** हसी का मानना है कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल जीतना है तो विराट कोहली का प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की जीत की संभावना के लिए कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा। हसी ने आईसीसी वेबसाइट से कहा, कोहली से इतर किसी अन्य खिलाड़ी के बारे में सोचना मुश्किल है। उन्होंने (कोहली) निश्चित रूप से खेल के प्रत्एक प्रारूप में शानदार फॉर्म में वापसी की है तथा उनका और रोहित शर्मा का बल्लेबाजी में प्रदर्शन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। कोहली फिर से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं और उन्होंने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से लगातार मैचों में शतक जमाए थे। कोहली अपने साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के साथ इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और फाइनल से पहले कैंट क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास कर रहे हैं। भारत ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जीत दर्ज की थी लेकिन हसी का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल पूरी तरह से अलग तरह का खेल होगा। यह मैच इंग्लैंड में खेला जाएगा तथा वहां की परिस्थितियां भारत की तुलना में भिन्न होंगी, इसलिए मुझे लगता है कि तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी।

हसी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और जोश हेजलवुड फिर से फिट हो जाते हैं तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा होगा। लेकिन भारत के पास भी कई अच्छे गेंदबाज हैं। उनके पास मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज तथा रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे स्पिनर हैं। यह विश्वस्तरीय आक्रमण है और ऑस्ट्रेलिया को उनसे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हसी ने इस मैच में किसी टीम को जीत के दावेदार के रूप में नहीं चुना। दबाव भारत पर होगा जिसने 2013 के बाद आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।

### भारी बारिश के कारण आईपीएल फाइनल अब आज खेला जाएगा

**अहमदाबाद।** भारी बारिश के कारण चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का फाइनल अब रिजर्व डे सोमवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। यह घोषणा स्थानीय समयानुसार रात 10 बजकर 55 मिनट पर की गई। मौसम विभाग ने पहले ही रविवार को बारिश की भविष्यवाणी की थी और भारी तादाद मे यहां जुटे दर्शको को खराब मौसम से निराशा हाथ लगी। टॉस के समय से आधा घंटा पहले यानी साढे छह बजे से ही बारिश शुरू हो गई और अगले ढाई घंटे मे रुक रुककर होती ही रही। बारिश रात नौ बजे रुकी तो कवर हटा लिए गए जबकि 8.30 से दो सुपर सोपर भी काम कर रहे थे। इसके बाद हालांकि भारी बारिश आने से मैदानकर्मियो को फिर कवर बिछाने पड़े और वॉर्मअप के लिए उतरे खिलाड़ियों को बाहर जाना पड़ा। आउटफील्ड के जिन हिस्सो पर कवर नही था, वहां पानी जमा हो गया था। बारिश रुकने पर भी उसे सुखाने मे एक घंटे से अधिक समय लगता। आईपीएल के नियमो के अनुसार अगर मैच कटआफ समय यानी 12 बजकर छह मिनट पर भी शुरू नही हो पाता तो फाइनल के लिए एक रिजर्व डे होता है। कटआफ समय के भीतर शुरू होने पर प्रति टीम पांच ओवर का मैच होता। सोमवार को बारिश की भविष्यवाणी नही है जिससे पूरे बीस ओवर का मैच होने की उम्मीद है।

# मेसी की मदद से पीएसजी ने जीता रिकॉर्ड 11वां खिताब



### अंडर-20 विश्वकप : ब्राजील ग्रुप डी में शीर्ष पर रहा, इटली और नाइजीरिया भी आगे बढ़े

**ब्यूनस आयर्स।** ब्राजील ने पहले हाफ के आखिर में किए गए दो गोल की मदद से नाइजीरिया को 2-0 से हराकर अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली ने भी डोमेनिका गणराज्य को 3-0 से पराजित करके ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम 16 में जगह बनाई। नाइजीरिया तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रहा। वह तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में सर्वश्रेष्ठ चार टीम में शामिल रहा जिससे वह अंतिम 16 में प्रवेश करने में सफल रहा। इन तीनों टीम के समान छह अंक रहे लेकिन ब्राजील बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर रहा।

**भाषा** । पेरिस

**पेरिस सेंट जर्मेन** (पीएसजी) ने लियोनेल मेसी के गोल की मदद से स्ट्रासबर्ग के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का खिताब जीता। इस जीत से पीएसजी के 37 मैचों में 85 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से चार अंक आगे हो गया है। लेंस के 37 मैचों में 81 अंक हैं और अब केवल एक दौर के मैच होने बाकी है।मेसी ने 59वें मिनट में काइलियन एम्बाप्पे के पास पर गोल करके पीएसजी को बढ़त दिलाई। पीएसजी के पूर्व स्ट्राइकर केविन गामेरो ने 79वें मिनट में स्ट्रासबर्ग की तरफ से बराबरी का गोल दागा। मेसी का यह यूरोप में लीग मैचों में 496वां गोल था और इस तरह से उन्होंने यूरोप की शीर्ष पांच लीग में सर्वाधिक गोल करने के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा। लेंस ने एक अन्य मैच में अजाशियो को 3-0 से हराकर अपना दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। इससे उसने अगले सत्र में होने वाली चैंपियंस लीग में भी अपनी जगह पक्की की। पीएसजी ने फ्रांस की पूर्व दिग्गज टीम सैंट एटीने को पीछे छोड़ा जिसने अपना 10वां और आखिरी खिताब 1981 में जीता था। सैंट एटीने पिछले साल दूसरी डिवीजन में खिसक गया था।

### बायर्न म्यूनिख बना बुंदेसलीगा चैंपियन

**बर्लिन।** जमाल मुसियाला के 89वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने कोलोन को 2-1 से पराजित करके जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा का खिताब जीतकर बोरुसिया डोर्टमंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। डोर्टमंड अंतिम दौर के मैच शुरू होने से पहले दो अंक की बढ़त पर था और उसका खिताब जीतना तय लग रहा था लेकिन उसने अंतिम दौर का मैच मेंज के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला। बायर्न म्यूनिख और डोर्टमंड दोनों के 34 मैचों में समान 71 अंक रहे। बायर्न म्यूनिख ने हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर रहकर खिताब जीता। बायर्न म्यूनिख के रिकॉर्ड 10 साल तक चैंपियन बने रहने के अभियान को समाप्त करने के लिए डोर्टमंड को जीत की जरूरत थी लेकिन वह पिछले 23 साल में प्रतियोगिता के अंतिम दिन अपनी बढ़त गंवाने वाली पहली टीम बन गई।

### बेनफिका ने रिकॉर्ड 38वीं बार पुर्तगाली लीग का खिताब जीता

**लिस्बन।** बेनफिका ने सत्र के अंतिम दिन सांता क्लारा को 3-0 से हराकर रिकॉर्ड 38वीं बार पुर्तगाली लीग का खिताब अपने नाम किया। एफसी पोर्टो ने एक अन्य मैच में गुइमारेस को 3-0 से पराजित करके दूसरा स्थान हासिल किया। पिछली बार के चैंपियन एफसी पोर्टो तभी अपने खिताब का बचाव कर पाता अगर सांता क्लारा अंतिम दौर के मैच में बेनफिका को पराजित कर देता। बेनफिका ने पुर्तगाली लीग में सर्वाधिक खिताब जीतने के अपने रिकॉर्ड को 38 पर पहुंचा दिया है। यह उसका 2019 के बाद पहला खिताब है। इस बीच पोर्टो ने दो बार जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने एक बार खिताब जीता था।

## ●जूनियर एशिया कप

# भारत ने पाक से मैच 1-1 से ड्रॉ खेला

**भाषा** । सलालाह (ओमान)

**भारत ने** पूल ए का अपना तीसरा मैच चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और इस तरह से पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखा। शारदानंद तिवारी ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में 24वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन बशारत अली ने 44वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। यह मैच ड्रॉ समाप्त होने से भारत के अब तीन मैचों में सात अंक हो गए हैं और वह पूल ए में दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान के भी सात अंक हैं लेकिन वह गोल अंतर बेहतर होने के कारण पहले स्थान पर है। जापान तीन मैचों में छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने शनिवार को चीनी ताइपे को 10-1 से पराजित किया था। भारत ने इससे पहले चीनी ताइपे को 18-0 और जापान को 3-1 से हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर अपनी विरोधी टीम को दबाव में रखा। भारत को शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी कुछ मौके बनाए और वह पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने की स्थिति में भी पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर अमनदीप लाकड़ा ने बेहतरीन बचाव करके उसका यह प्रयास नाकाम कर दिया। पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद शारदानंद ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय टीम अधिक आत्मविश्वास के साथ खेलने लग गई और उसने पाकिस्तानी रक्षा पंक्ति में लगातार सेंध लगाई लेकिन गोल करने में असफल रही। पाकिस्तानी टीम छोर बदलने के बाद गोल करने के लिए बेताब दिखी और उसने कुछ अच्छे मूव बनाए। इसका उसे फायदा मिला और बशारत ने मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में अधिक आक्रामक खेल दिखाया जबकि पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए। दोनों टीम कुछ अवसरों पर गोल करने के करीब पहुंची लेकिन आखिर में मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारतीय टीम पूल ए के अपने अंतिम मैच में थाईलैंड से भिड़ेगी।



### राजनेताओं और खिलाड़ियों ने पहलवानों को हिरासत में लेने की निंदा की

**नई दिल्ली।** प्रदर्शनकारी पहलवानों को दिल्ली पुलिस द्वारा रविवार को नाटकीय तरीके से हिरासत में लेने की कई नेताओं और पूर्व खिलाड़ियों ने निंदा की और इसे सरकार के लिए शर्मनाक करार दिया। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया जैसे शीर्ष पहलवानों को महिलाओं की महापंचायत के लिए नए संसद भवन की ओर जाने की कोशिश के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़ने के बाद कानून और व्यवस्था के उल्लंघन के आरोप में हिरासत में लिया गया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, जिस तरह से दिल्ली पुलिस ने साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार किया, उसकी कड़ी निंदा करती हूं। यह शर्मनाक है कि हमारे चैंपियनों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है। लोकतंत्र सहिष्णुता में निहित है लेकिन निरंकुश ताकतें असहिष्णुता और असंतोष को दबाने पर पनपती हैं। मैं मांग करती हूं कि उन्हें पुलिस द्वारा तुरंत रिहा किया जाए। मैं अपने पहलवानों के साथ खड़ी हूं।

# एडमस ने पंजाब विवि चंडीगढ़ को 3-1 से हराया



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार खेले जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022 उत्तर प्रदेश के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित टेनिस के लीग दौर के मुकाबलो के पूरा होने के साथ सेमीफाइनल मुकाबलों की तस्वीर साफ हो गयी। इकाना स्पोर्ट्स सिटी के टेनिस कोर्ट पर खेले जा रहे टेनिस के मुकाबलो में लीग दौर के मैच पूरा होने के बाद महिला वर्ग में जैन यूनिवर्सिटीए सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटीए यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास और उस्मानिया यूनिवर्सिटी ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरी ओर पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में अन्ना यूनिवर्सिटी, केआईआईटी भुवनेश्वर, गुजरात यूनिवर्सिटी और भारथिअर यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर ने स्थान सुरक्षित किया। आज खेले गए लीग दौर के मुकाबलों में महिला वर्ग में सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने केआईआईटी को 2-1 से उस्मानिया यूनिवर्सिटी ने जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी को 3-0 सेए पंडित रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी ने राजस्थान यूनिवर्सिटी को 2-1 से जैन यूनिवर्सिटी ने पंजाब यूनिवर्सिटी को 3-0 से और एसआरएम यूनिवर्सिटी ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास ने जाधवपुर यूनिवर्सिटी को 2-1 से हराया। टेनिस के सेमीफाइनल मुकाबले कल यानि 29 मई को खेले जाएंगे। महिला वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला जैन यूनिवर्सिटी व सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी के मध्य खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास की उस्मानिया यूनिवर्सिटी से टक्कर होगी। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में अन्ना यूनिवर्सिटी व केआईआईटी भुवनेश्वर और गुजरात यूनिवर्सिटी भारथिअर यूनिवर्सिटीए कोयंबटूर के बीच फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी।

### ●खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेल टेनिस के लीग मुकाबले पूरेए कल खेले जाएंगे सेमीफाइनल

### शिवा श्रीधर को पांच स्वर्ण , नया मीट रिकॉर्ड बनाया

**लखनऊ।** जैन यूनिवर्सिटी के शिवा श्रीधर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों की तैराकी स्पर्धा में रविवार को पांच पदक जीत लिए जिससे उनके और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के अनीश गौड़ा के बीच अंतर बढ गया है। शिवा ने पुरूषों की 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में अपना ही मीट रिकॉर्ड तोड़ा। पिछले सत्र में उन्होंने 4:38.98 मिनट का समय निकाला था लेकिन इस बार 4 :37.21 मिनट का समय रहा। अनीश गौड़ा दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने चार गुणा सौ मीटर मेडले में भी स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा पुरूषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों के सात सात पदक हो गए हैं। निशानेबाजी में मानव रचना यूनिवर्सिटी के मानवादित्य सिंह राठौड़ और कीर्तिक गुप्ता ने ट्रैप मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली यूनवर्सिटी के दक्ष सिंह और आशिमा अहलावत दूसरे स्थान पर रहे। निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण दस मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में आर नर्मदा नितिन और श्री कार्तिक साबरी राज (मद्रास यूनिवर्सिटी) ने जीता। दिल्ली यूनिवर्सिटी की टीम दूसरे स्थान पर रही। बेंगलोर यूनवर्सिटी की प्रीता वी ने तैराकी में महिलाओं की 800 मीटर और 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। जादवपुर यूनिवर्सिटी की सृष्टि उपाध्याय ने 100 और 200 मीटर बटरफ्लाय में स्वर्ण पदक हासिल किया। कुश्ती में गुरू नानक देव और दिल्ली यूनिवर्सिटी ने दो दो स्वर्ण पदक जीते। वहीं टेनिस में महिला वर्ग के सेमीफाइनल में बेंगलुरू की जैन यूनिवर्सिटी का सामना पुणे की सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में मद्रास यूनिवर्सिटी की टक्कर उस्मानिया यूनिवर्सिटी से होगी।

**पुरुष फुटबॉल** :गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मैदान पर एमजी यूनिवर्सिटी कोट्टम केरल ने संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी पंजाब को 2-0 से हराया।एडमस यूनिवर्सिटी ने पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ को 3-1 से हराया

**महिला फुटबॉल**: इकाना स्पोर्ट्स सिटी के फुटबॉल मैदान पर गुरु जंबेश्वर यूनिवर्सिटीए हिसार ने मुंबई यूनिवर्सिटी को 6.0 से हराया। प्लेयर्ज़पॉट ने ब्रांड एंबेसडर रश्मिका मंदाना के साथ अपना नया कैंपेन टैलेंट की वैल्यू लॉन्च किया